RNI NO. HARHIN/2018/75109
वर्ष 4 अंक 68
फरीदाबाद, बुधवार, 14 अप्रैल, 2021
पृष्ठ 12, मूल्य 3 रुपये
नगर संस्करण


फरीदाबाद, नई दिल्ली, लखनऊ और रायपुर से प्रकाशित

# पायनियर

ई-पेपर www.pioneerhindi.com पर पढ़िए YouTube सबस्क्राइब करें Pioneer Haryana



टीवी देखते समय स्नेक्स खाना हो सकता है खतरनाक
पेज - 12







स्वाधिष्ठान चक्र में ध्यान कर इनकी साधना की जाती है। संयम, तप, वैराग्य तथा विजय प्राप्ति की दायिका हैं।

मंत्र- 'ऊँ ऐं ह्रीं क्लीं ब्रह्मचारिण्यै नमः।'

● विस्तृत सामग्री पेज-12

INDER TECHNOLOGY INSTITUTE (I.T.I)
दिल्ली प्रशासन द्वारा पंजीकृत
An ISO 9001-2000 Certified
मोबाईल लेपटॉप
रिपेयर करना सीखें (मैनुअल तथा कंप्यूटर द्वारा)
LG-10, Vishnu Palace Basement, Ajronda Chowk, Near Neelam Flyover Faridabad.
Tel.: 0129-2221469, 9891547947

## बाजार

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 48,544 | ▲ | 660 |
| निफ्टी | 14,504 | ▲ | 194 |
| सोना | 46,093 | ▼ | 130 /10 gm |
| चांदी | 66,040 | ▼ | 305/ kg |

## मौसम फरीदाबाद

अधिकतम 40.01°C
न्यूनतम 23.09°C

## आज का मैच

IPL
आरसीबी vs सनराइजर्स हैदराबाद

## क्विक न्यूज

### हॉकी खिलाड़ी बलबीर सिंह जूनियर का निधन



**चंडीगढ़।** एशियाई खेल 1958 रजत पदक विजेता भारतीय हॉकी टीम के सदस्य बलबीर सिंह जूनियर का 88 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। उनकी बेटी मनदीप सामरा ने यह जानकारी दी। उनके परिवार में पत्नी, बेटी और बेटा है। उनकी बेटी ने कहा, मेरे पिता ने रविवार तड़के दिल का दौरा पड़ने से दम तोड़ा। उनका बेटा कनाडा में है और कोरोना के कारण पिता के अंतिम संस्कार में भाग नहीं ले सका। दो जून 1932 को जालंधर के संसारपुर में जन्मे बलबीर छह वर्ष की उम्र से हॉकी खेलना सीखे। उनका 1951 में पहली बार भारतीय टीम में चयन हुआ। वह 1962 में भारतीय सेना से जुड़े और सेना की टीम के लिए खेलते रहे।

### भारतीय वायुसेना को मिली बुलेट प्रूफ गाड़ी

**नई दिल्ली।** हिंदुजा समूह की कंपनी अशोक लेलैंड ने एक बुलेट प्रूफ गाड़ी बनाई है। इसका इस्तेमाल अर्धसैनिक बल नक्सल प्रभावित इलाके (छत्तीसगढ़, झारखंड) और आतंक ग्रस्त जम्मू-कश्मीर में कर सकते हैं। इससे अर्धसैनिक बलों को सुरक्षा मिलेगी और वे दुश्मनों का सामना बिना जोखिम के कर सकेंगे। साथ ही जवान सुरक्षित तरीके से ऑपरेशन स्थल पर पहुंच सकेंगे। इसी बीच भारतीय वायुसेना ने अपने एयरबेस की सुरक्षा बढ़ाने के लिए 6 टन के लाइट बुलेट प्रूफ वाहनों को खरीदा है। इन वाहनों की खासियत है कि ये किसी भी प्रकार की गोली और ग्रेनेड हमलों का सामना कर सकते हैं। इसके अलावा ये 6 गरुड़ कमांडो/क्विक रिएक्शन टीम के सदस्यों को भी ले जा सकते हैं।

देश को मिलेंगे सभी टीके

# दुनिया में जो वैक्सीन लग रही, उन्हें भारत मंजूरी देगा

## अभी 13 वैक्सीन को देश में मिला इमरजेंसी अप्रूवल

**एजेंसी।** नई दिल्ली



**भारत** में वैक्सीन की कमी को दूर करने और सबको वैक्सीन लगाने की दिशा में सरकार ने मंगलवार को बड़ा फैसला किया है। अमेरिका, यूरोप, ब्रिटेन के साथ-साथ डब्ल्यूएचओ में अप्रूवल पा चुकी वैक्सीन को अब भारत में इमरजेंसी अप्रूवल मिल जाएगा। ऐसी 13 वैक्सीन को इमरजेंसी अप्रूवल मिल चुका है। सरकार के फैसले से फाइजर, मॉडर्ना के साथ ही जॉनसन एंड जॉनसन की वैक्सीन भारत में तत्काल उपलब्ध हो जाएगी।

भारत में इस समय कोवैक्सिन और कोवीशील्ड के साथ ही रूसी वैक्सीन स्पुतनिक-वी को भी मंजूरी दे दी गई है। कोवैक्सिन और कोवीशील्ड का रोज का प्रोडक्शन 25 लाख डोज के करीब का है, जबकि इस समय देश में औसतन 32 लाख डोज दिए जा रहे हैं। स्पुतनिक-वी को मंजूरी मिलने के बाद ये आंकड़ा बढ़ सकता है। भारत में रूसी वैक्सीन को डॉ. रेड्डीज लैबोरेटरी डेवलप कर रही है। इसके साथ-साथ हिटरो बायोफार्मा और ग्लैंड फार्मा में भी प्रोडक्शन होगा। भारत में 35.2 करोड़ डोज सालाना प्रोडक्शन हो सकेगा। यानी वैक्सीन की कमी अगले कुछ हफ्तों में दूर होने की उम्मीद की जा सकती है। नए फैसले से सबको वैक्सीनेशन में आ रही अड़चनें दूर होंगी। अब जिन वैक्सीन को सरकार ने मंजूरी दी है, उन्हें अगले सात दिनों तक 100 मरीजों पर परखा जाएगा। उसके बाद देश के टीकाकरण कार्यक्रम में शामिल कर लिया जाएगा। सरकार का दावा है कि इस फैसले से भारत में वैक्सीन इंपोर्ट करने और टीकाकरण कार्यक्रम में तेजी लाने में मदद मिलेगी। सरकार के इस फैसले से इन दवा कंपनियों के लिए विदेशी वैक्सीन को भारत में बनाने की मंजूरी लेने में भी आसानी होगी। सोमवार को एक्सपर्ट कमेटी ने रूसी वैक्सीन स्पुतनिक-वी के इमरजेंसी यूज को मंजूरी दे दी थी। भारत दुनिया का 60वां देश है, जिसने स्पुतनिक-वी के इमरजेंसी यूज को मंजूरी दी है।

### जेननोवा ने मनुष्यों पर क्लिनिकल परीक्षण के लिए नामांकन शुरू किया

**नई दिल्ली।** जेननोवा ने कोविड-19 के पहले मैसेंजर आरएनए आधारित संभावित टीके एचजीसीओ-19 के क्लिनिकल ट्रायल के लिए स्वयंसेवियों का नामांकन शुरू कर दिया है। टीके को विकसित करने के लिए निधि देने वाले बायोटेक्नोलॉजी विभाग (डीबीटी) ने मंगलवार को यह जानकारी दी। विभाग ने कहा कि उसने भारत के अनोखे एमआरएनए आधारित कोविड-19 टीके, एचजीसीओ-19 के क्लिनिकल ट्रायल के लिए अतिरिक्त निधि को स्वीकृति दी है। इस टीके को पुणे स्थित जैव प्रौद्योगिकी कंपनी जेननोवा बायोफार्मास्यूटिकल्स लिमिटेड विकसित कर रही है।

### पर्यटकों को कोविड रिपोर्ट के लिए परेशान नहीं करेंगे : मुख्यमंत्री जयराम

**धर्मशाला।** हिमाचल के मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने मंगलवार को कहा कि प्रदेश आने वाले पर्यटकों को राज्य की सीमाओं पर कोरोना वायरस जांच की रिपोर्ट के लिए परेशान नहीं किया जाएगा। पिछले दिनों हिमाचल प्रदेश सरकार ने संक्रमण से सबसे ज्यादा प्रभावित राज्यों से आने वाले लोगों के लिए राज्य में प्रवेश करने पर कोविड-19 से पीड़ित नहीं होने की रिपोर्ट दिखाना अनिवार्य कर दिया था। अब ठाकुर ने कहा कि पर्यटकों के आगमन पर उनकी निगरानी करने के लिए व्यवस्था तैयार की गई है। ठाकुर ने कहा कि चूंकि ज्यादातर पर्यटक होटलों में ठहरते हैं, इसलिए प्रशासन ने सात राज्यों से आने वाले लोगों पर उसी स्थान पर निगरानी के लिए व्यवस्था तैयार की है, जहां पर वे ठहरेंगे। हिमाचल सरकार ने संक्रमण से ज्यादा प्रभावित सात राज्यों से लोगों को संक्रमण नहीं होने की रिपोर्ट दिखाना रविवार को अनिवार्य कर दिया था।

### वैक्सीन लगवाने वालों को एफडी पर ज्यादा ब्याज

**नई दिल्ली।** कोरोना वैक्सीनेशन के लिए लोगों में जागरुकता लाने और इसे बढ़ावा देने के लिए सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया एक स्कीम लाया है। इसमें ऐसे लोगों को एफडी पर ज्यादा ब्याज दिया जाएगा, जो वैक्सीन लगवा चुके हैं। सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया ने फिक्स्ड डिपॉजिट स्कीम लॉन्च की है। इसका नाम इम्यून इंडिया डिपॉजिट है। इसके तहत फिक्स्ड डिपॉजिट (एफडी) कराने पर मौजूदा रेट से 0.25 फीसद ज्यादा लाभ मिलेगा। यह स्कीम वो लोग ले सकते हैं, जिन्होंने कोविड वैक्सीन लगवा ली है। उन्हें 0.25 फीसद ज्यादा ब्याज दिया जाएगा। ऐसे सीनियर सिटिजंस को 0.50 फीसद ब्याज दिया जाएगा।

कोरोना गाइडलाइंस को लेकर देश में अलग-अलग मापदंड

# आज शाही स्नान में 20 लाख लोग जुटने की आशंका

## देशभर में सुपर स्प्रेडर बन सकती है कुंभ की यह भीड़

**एजेंसी।** हरिद्वार



**देश** में कोरोना की दूसरी लहर कहर बरपा रही है और उधर, हरिद्वार में लाखों लोगों की भीड़ जुटाने की तैयारी है। मौका है कुंभ के तीसरे मुख्य शाही स्नान का। कुंभ की यह भीड़ देशभर में सुपर स्प्रेडर बन सकती है। हरिद्वार में मेला प्रशासन के अनुमान के मुताबिक इस समय मेला क्षेत्र में करीब 1.5 लाख लोग मौजूद हैं। 14 अप्रैल, यानी शाही स्नान के दिन भीड़ 20 से 25 लाख तक पहुंच सकती है। स्थानीय प्रशासन मान रहा है कि मेले में दो गज दूरी और मास्क जैसे कोरोना प्रोटोकॉल का पालन कराना नामुमकिन है। शाही स्नान के दौरान तो यह संभव ही नहीं है। ऐसे में कोरोना बहुत तेजी से फैल सकता है।

प्रशासनिक अधिकारी मेला के सुपर स्प्रेडर बन जाने की बात मान रहे हैं, लेकिन इसे रोकने की उनके पास कोई योजना नहीं है। इस बीच पिछले 24 घंटों में उत्तराखंड में संक्रमण के 1,334 मामले आए हैं और 7 मौतें हुई हैं। फिलहाल प्रदेश में कोरोना के 7,846 एक्टिव केस हैं। कुंभ मेले में भीड़ बढ़ने के साथ यह बहस भी तेज होती जा रही है कि पिछले साल दिल्ली में तब्लीगी जमात के कार्यक्रम में महज 2,000 लोगों के जमावड़े को सुपर स्प्रेडर बताया गया था, लेकिन कुंभ को लेकर खामोशी है। डीजीपी उत्तराखंड अशोक कुमार ने एक अखबार को दिए बयान में कहा था कि लाखों की भीड़ में गाइडलाइन पालन करवाना मुमकिन नहीं है। 9-10 अप्रैल तक हमने गाइडलाइन का पालन करवाने की कोशिश की, लेकिन भीड़ बढ़ने के साथ दो गज की दूरी का पालन करवाना मुश्किल होता जा रहा है। आगे वे अपनी बात को संतुलित करते हुए कहते हैं, 11 अप्रैल को कुंभ में आने वाले 53,000 लोगों का कोरोना टेस्ट हुआ और महज 1.5 फीसद यानी 500 से 550 लोग ही पॉजिटिव पाए गए। संक्रमितों को अस्पताल और क्वारंटीन सेंटर में भेज दिया गया है।

### मरकज और कुंभ की तुलना ठीक नहीं

मुख्यमंत्री तीरथ सिंह रावत ने कहा कि मरकज की कुंभ से तुलना करना ठीक नहीं है। वहां मरकज में लोग एक ही हॉल में सोते थे, जबकि कुंभ केवल हरिद्वार तक सीमित नहीं है। मुख्यमंत्री वर्चुअल प्रेसवार्ता में पत्रकारों के सवालों का जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा कि कुंभ मेला क्षेत्र ऋषिकेश से लेकर नीलकंठ क्षेत्र तक फैला है। स्नान के लिए 16 घाट हैं। अलग-अलग समय पर श्रद्धालु व साधु संत समाज के लोग स्नान कर रहे हैं। बता दें, कुछ लोग शाही स्नान को पिछले साल मरकज की घटना से जोड़कर प्रचार कर रहे हैं। इसी पर सीएम ने अपना बयान दिया है।

## हरियाणा में अब रात दस बजे से लगेगा नाइट कर्फ्यू

**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार ने प्रदेश में नाइट कर्फ्यू की समयावधि में बदलाव कर दिया है। इसके साथ ही नई गाइडलाइन जारी करके कई श्रेणियों को छूट प्रदान की गई है। प्रदेश में लगातार बढ़ रहे कोरोना केसों के बाद सरकार ने सोमवार को नाइट कर्फ्यू शुरू किया था। पहले आदेश में रात नौ बजे से सुबह पांच बजे तक नाइट कर्फ्यू लगाया गया था। मंगलवार को आपदा प्रबंधन विभाग ने इस संबंध में नई गाइडलाइन जारी करते हुए कई श्रेणियों को छूट प्रदान की है। अब हरियाणा में नाइट कर्फ्यू रात दस बजे से सुबह पांच बजे तक जारी रहेगा। नई गाइडलाइन के मुताबिक आवश्यक वस्तुओं का उत्पादन करने वाले उद्योगों को कर्फ्यू की सीमा से बाहर रखा गया है। जिसमें दवा निर्माता कंपनियां मुख्य रूप से शामिल हैं।

## टास्क फोर्स लागू करवाएगी सीएम अंत्योदय योजना, जिला उपायुक्तों की अध्यक्षता में गठन

### प्रदेश स्तर पर मुख्य सचिव की अध्यक्षता वाली कमेटी लेगी रिपोर्ट

**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने अपने 'ड्रीम प्रोजेक्ट' 'मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना' पर काम तेज कर दिया है। एक अप्रैल से शुरू हुई इस योजना को धरातल पर लागू करने के लिए जिला और राज्य स्तर टास्क फोर्स का गठन कर दिया गया। सीएम खुद इस योजना का रिव्यू करेंगे।

प्रदेश के अति गरीब एक लाख परिवारों को इस साल गरीबी रेखा से ऊपर उठाने की योजना है। ऐसे परिवारों का चयन सरकार ने शुरू कर दिया है और 13 हजार के करीब चयनित परिवारों का वेरिफिकेशन भी हो गया है। पहले चरण में ऐसे एक लाख परिवारों की सालाना आय कम से कम एक लाख रुपये की जाएगी, जिनकी आर्थिक स्थिति सबसे कमजोर है। इनमें ऐसे परिवार भी शामिल हैं, जिनकी सालाना आय 30 हजार रुपये ही है। इस योजना को 'परिवार पहचान-पत्र' के साथ कनेक्ट किया है।

## बार डांसर से खुला राज वझे को हटाने की तैयारी



**मुंबई।** एंटीलिया केस और मनसुख हिरेन की मौत के मामले में नए-नए खुलासे हो रहे हैं। अब ये बात भी सामने आ रही है कि इस केस के सॉल्व होने की बड़ी वजह एक बार गर्ल थी। दरअसल, चार मार्च को मनसुख हिरेन के फोन पर एक वॉट्सऐप कॉल आया था। इस कॉल को ट्रेस करने के बाद महाराष्ट्र की एंटी टेररिज्म स्क्वाड मुंबई की एक बार डांसर तक पहुंची और उसके जरिए क्रिकेट बुकी गोरे उनकी पकड़ में आया। इस मामले में एक और खुलासा हुआ है। मनसुख की हत्या वाले दिन (4-5 मार्च) को 9000 मोबाइल यूजर्स का डेटा खंगाला था। इन सब खुलासों के बीच असिस्टेंट पुलिस इंस्पेक्टर सचिन वझे को मुंबई पुलिस से बर्खास्त करने की तैयारी शुरू हो गई है।

## ज्ञानवापी मस्जिद फैसले पर रोक को हाईकोर्ट में याचिका

**एजेंसी।** प्रयागराज



**उत्तर** प्रदेश सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड ने वाराणसी के ज्ञानवापी मस्जिद परिसर में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) से पुरातात्विक सर्वेक्षण कराने के जिला अदालत के फैसले के खिलाफ मंगलवार को इलाहाबाद उच्च न्यायालय में याचिका दायर की। वहीं ज्ञानवापी मस्जिद की प्रबंधन समिति अंजुमन इंतेजामिया मस्जिद कमेटी ने सोमवार को इलाहाबाद उच्च न्यायालय में एक अति आवश्यक अर्जी दाखिल कर स्थानीय अदालत के आदेश पर रोक लगाने की मांग की।

उत्तर प्रदेश सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड के स्थाई अधिवक्ता पुनीत कुमार गुप्ता ने एजेंसी को बताया, हमने निचली अदालत के फैसले के खिलाफ इलाहाबाद उच्च न्यायालय का रुख किया और एक याचिका दायर की। उन्होंने कहा, चूंकि इस मामले में इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति प्रकाश पाडिया ने 15 मार्च 2021 को निर्णय सुरक्षित रख लिया है, ऐसे में निचली अदालत कैसे इस मामले पर सुनवाई कर आदेश पारित कर सकती है। उल्लेखनीय है कि वाराणसी की एक स्थानीय अदालत ने गत आठ अप्रैल को भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) को मस्जिद के संपूर्ण परिसर का पुरातात्विक सर्वेक्षण करने की अनुमति दी थी।

लगातार तीसरे साल अच्छी बारिश का अनुमान

# इस बार सामान्य से बेहतर रहेगा मानसून, जून तक पहुंचेगा केरल

**एजेंसी।** नई दिल्ली/चंडीगढ़

**कोरोना** के बीच किसानों के लिए अच्छी खबर है। इस साल एक जून से शुरू होने वाला मानसून यानी बारिश सामान्य से बेहतर रहने का अनुमान है। मौसम की जानकारी देने वाली संस्था स्काईमेट वेदर सर्विसेस ने बताया कि भारत में इस साल जून से सितंबर के दौरान औसत बारिश 907 मिलीमीटर हो सकती है।


● फाइल फोटो।

पूरे भारत में चार महीनों के दौरान औसत 880.6 मिलीमीटर बारिश होती है, जिसे लॉन्ग पीरियड एवरेज (एलपीए) कहते हैं। स्काईमेट इसे ही औसत मानकर चलती है। यानी बारिश का यह आंकड़ा 100 प्रतिशत माना जाता है। इस साल 907 मिलीमीटर बारिश होने की संभावना है। यह सामान्य से तीन प्रतिशत ज्यादा है। इस लिहाज से 2021 में मानसून के दौरान 103 प्रतिशत बारिश होने की संभावना है। औसत 880.6 मिलीमीटर बारिश को आधार मानते हुए स्काईमेट ने बताया कि 96 प्रतिशत से लेकर 104 प्रतिशत की बारिश को सामान्य बारिश कहा जाता है। अब अगर पिछले आंकड़े देखें, तो 2019 में यह 110 प्रतिशत और 2020 में 109 प्रतिशत रहा था। अब 2021 में लगातार तीसरे साल भी अच्छे मानसून का फायदा मिलेगा। रिपोर्ट के मुताबिक इस साल जून के महीने में 177 मिलीमीटर बारिश हो सकती है, जबकि जुलाई में 277, अगस्त में 258 और सितंबर महीने में 197 मिलीमीटर बारिश होने की उम्मीद है।

### पूरे देश के लिहाज से है अनुमान

खास बात यह है कि पिछले साल जिन इलाकों में सामान्य से कम बारिश हुई थी, वहां पर इस बार अच्छी बारिश की संभावना है। जून में बिहार और पश्चिम बंगाल में अच्छी बारिश की संभावना है। जुलाई के दौरान महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, ओडिशा और आंध्रप्रदेश राज्यों में अच्छी बारिश की होगी, जबकि नॉर्थ ईस्ट और कर्नाटक में बारिश सामान्य से कम रहने की आशंका है। सितंबर महीने में मध्य प्रदेश और देश के पश्चिमी क्षेत्रों में जैसे महाराष्ट्र सहित अन्य राज्यों में अच्छी बारिश की संभावना है। इस साल भी मुंबई में बारिश जून के पहले हफ्ते से शुरू होगी। हालांकि स्काईमेट ने साफ किया कि राज्यों पर अनुमान अभी नहीं दिया जा रहा है, यह अनुमान पूरे देश के लिहाज से है।



# फरीदाबाद पायनियर

हरियाणा, बुधवार, 14 अप्रैल, 2021 | ग्रेटर फरीदाबाद • सराय • एनआईटी इंडस्ट्रियल एरिया • बल्लभगढ़ • तिगांव • पलवल | ई-पेपर www.pioneerhindi.com


-राइट विजन-

## परिवार और समाज की सुरक्षा के लिए कोविड नियमों का पालन करें : डॉ. विवेक

कोरोन का सैकेंड स्ट्रेन देश में काफी तेजी के साथ फैल रहा है। जिसके कारण रोज बड़ी संख्या में पॉजिटिव मरीज सामने आ रहे हैं। जिसके कारण सरकार को नाइट कर्फ्यू लगाने पड़े, लेकिन लोग लापरवाही बरतना नहीं छोड़ रहे हैं। यदि इसी तरह से लापरवाही होती रही तो जल्दी दुष्परिणाम सामने आने लगेंगे। हमें मामले की गंभीरता को समझते हुए अपनी, परिवार और समाज की सुरक्षा के लिए हर हालत में मास्क, सोशल डिस्टेंसिंग और स्वच्छता के नियमों का पालन करना होगा। यह कहना है सर्वोदय अस्पताल सेक्टर 8 के वरिष्ठ नेफरोलॉजिस्ट डॉ. विवेक बंसल का। डॉ. बंसल कोरोनायोद्धा की तरह इलाज कर रहे हैं। *पेश पायनियर के वरिष्ठ संवाददाता राजेश दास और डॉ. विवेक बंसल की बातचीत के अंश :-*



**जीवन परिचय**

नाम : डॉ. विवेक बंसल
जन्मदिन : 2 दिसंबर 1979
पिता : सुरेश कुमार बंसल
माता : बिमला बंसल
पत्नी : डॉ. सोमलता
परिवार : बेटी ईरा बंसल
स्कूल : बाल भारती पब्लिक स्कूल, फरीदाबाद
उच्चशिक्षा : एमबीबीएम, पीजी इन नेफरोलॉजी
रुचि : ड्राइविंग और रीडिंग

● **सवाल : आपको डॉक्टर बनने की प्रेरणा कैसे मिली।**

**जवाब :** मेरे पिता बचपन से ही डॉक्टर बनाने का सपना देखते थे। पिता के सपने को साकार करने के लिए मैंने खूब मेहनत की और डॉक्टर बनने में कामयाब हुआ।

● **सवाल : शिक्षा के बाद आपने करियर की शुरुआत कैसे की।**

**जवाब:** रोमानिया में पढ़ाई के बाद वर्ष 2013 में मैंने वहीं काम करना शुरू किया। फिर में प्रैक्टिस करने के लिये आयरलैंड चला गया। इसके बाद फरीदाबाद लौट कर पिछले साढ़े तीन साल से सर्वोदय अस्पताल में कार्यरत हूं।

● **सवाल : आपके पास नेफरोलॉजी से संबंधित किस तरह के मरीज आते हैं।**

**जंवाब :** हमारे डपार्टमेंट में किडनी से संबंधि मरीज आते हैं। शुरुआती स्टेज में आने पर उनका इलाज सम्भव होता है, लेकिन लापरवाही से देरी करने में डायलिसिस के बाद किडनी ट्रांसप्लांट करने की नौवत आ जाती है।

● **सवाल : इन दिनों युवा भी किडनी रोगों का शिकार क्यों हो रहे हैं।**

**जवाब :** जीवनशैली में बदलाव के कारण लोग, शुगर, बीपी और मानसिक तनाव जैसी बीमारियों का शिकार हो रहे हैं। इन बीमारियों का अन्य अंगों के साथ-साथ किडनी पर भी पूरा असर पड़ता है। जिससे किडनी खराब होनी शुरू हो जाती है।

● **सवाल : इंसान किस तरह से किडनी रोग से बच सकते हैं।**

**जवाब :** किडनी रोगों से बचने के लिए सबसे पहले अपनी जीवनशैला में बदलाव करना होगा। सुबह जल्दी उठने के बाद सैर और व्यायाम करना चाहिए। पर्याप्त मात्रा में पानी का सेवन करना चाहिए। बिना डॉक्टर की सलाह के पेनकिलर नहीं खानी चाहिए। इस तरह से अन्य बीमारियों पर भी नियंत्रण पाया जा सकता है।

● **सवाल : कोरोना काल में आप किस तरह से मरीजों का इलाज कर रहे हैं।**

**जवाब :** आने वाले मरीजों का पहले कोविड टेस्ट कराया जाता है। यदि मरीज पॉजिटिव है तो उनके लिए अस्पताल अलग वार्ड और डायलिसिस की व्यवस्था है। जो मरीज नहीं आ पा रहे हैं। उन्हें फोन कॉल और वीडियो कॉलिंग से इलाज की सुविधा दी जा रही है।

● **सवाल : वर्तमान में हम कोरोना से कैसे जीत सकते हैं।**

**जवाब :** सरकार द्वारा जारी की गई गाइडलाइंस का पालन करते हुए सभी को सही तरीके से मास्क का उपयोग, सोशल डिस्टेंसिंग और स्वच्छता के नियमों का पालन करना चाहिए। भीड़ वाली जगह पर जाने से बचना चाहिए। सिर्फ जरूरी काम के लिए ही घर से निकलना चाहिए।

● **सवाल : जानबूझकर नियम तोड़ने वालों को क्या संदेश देना चाहते हैं।**

**जवाब :** यह लोग अपने साथ-साथ अपने परिवार और समाज के लोगों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। जिसके कारण ही कोरोना तेजी के साथ फैल रहा है। ऐसे लोगों को अपने परिवार के हित में हर हाल में नियमों का पालन करना चहिए।

● **सवाल : क्या लॉकडाउन ठीक समय पर लगा था।**

**जवाब :** सरकार ने बिल्कुल ठीक समय पर लॉकडाउन लगाया था। उस दौरान सरकार ने बीमारी से लड़ने की सभी तरह की तैयारियां कर लोगों को जागरूक भी किया।

**शहर का तापमान**

● अधिकतम 39.00 डिग्री सेल्सियस
● न्यूनतम 23.00 डिग्री सेल्सियस

**शहर में आज**

- शहर के विभिन्न मंदिरों में नवरात्रों के दूसरे दिन मां की पूजा : सुबह 6 बजे
- बीके अस्पताल में कोरोना जांच शुरू: सुबह 9 बजे
- जिले में विभिन्न स्थानों पर वैक्सीनेशन : सुबह 10 बजे
- जिले में मनाई जाएगी अम्बेडकर जयंती : सुबह 11 बजे
- सेक्टर-12 में पीटीआई और किसानों का धरना : सुबह 10 बजे

**निवेश गुरु**

**किसी** भी शख्स से लिए लाइफ और हेल्थ इंश्योरेंस जरूरी है। लाइफ इंश्योरेंस आप पर निर्भर रहने वाले लोगों की आर्थिक सुरक्षा के लिए जरूरी है। वहीं हेल्थ इंश्योरेंस आपकी सेहत की सुरक्षा के लिए जरूरी है। भले ही दफ्तर से आपको मेडिकल इंश्योरेंस कवर मिल रहा हो लेकिन अतिरिक्त कवर के तौर पर खुद हेल्थ इंश्योरेंस पॉलिसी खरीदें क्योंकि इलाज के खर्चे अब काफी बढ़ते जा रहे हैं।

**यूटीलिटी न्यूज**

### जिले में लगी धारा 144

**फरीदाबाद।** जिलाधीश यशपाल ने अधिनियम 1973 की शक्तियों का प्रयोग करते हुए जिला में धारा 144 लगाने के आदेश दिए हैं। यह आदेश सरकार द्वारा जारी कोविड-19 की हिदायतों के अनुसार जारी किए गए हैं। कोविड-19 के द्वितीय चरण में कोरोना पाजिटिव केसों के बढ़ने के मद्देनजर यह निर्णय सरकार द्वारा लिया गया है। जिलाधीश ने गांव फतेहपुर बिलौच में 14 अप्रैल को डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती समारोह किया जा रहा है। इसमें धारा 144 नियमों की पूरी पालना सुनिश्चित करें। धारा 144 के नियमानुसार एक स्थान पर पांच आदमी एक जगह इकट्ठा न हो और न ही अपने साथ कोई हथियार आदि लेकर चलें। जिलाधीश ने कहा कि गांव फतेहपुर बिल्लौच में भी धारा 144 लागू है और इसके नियमों की पालना आमजन को करनी सुनिश्चित है। धारा 144 के नियमों का पालन के लिए जिला में ड्यूटी मजिस्ट्रेट की भी नियुक्ति किए गए हैं। सभी ड्यूटी मजिस्ट्रेट अपने-अपने ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में, बस स्टैंड परिसर, मेट्रो स्टेशन बाजार व स्थानों पर नियमों का पालन करना सुनिश्चित करेंगे।

**क्विक न्यूज**

### बस अड्डा परिसर में बाबा साहब का 130वां जन्मोत्सव मनाया

**फरीदाबाद।** हरियाणा राज्य परिवहन फरीदाबाद के समस्त कर्मचारियों द्वारा भारत रत्न, सिम्बल ऑफ नॉलेज, संविधान निर्माता बाबा साहब डा. भीमराव अम्बेड़कर का 130वां जन्मोत्सव बड़े हर्षोल्लास से मनाया। जन्मोत्सव समारोह में महाप्रबंधक राजीव नागपाल, कर्मशाला प्रबंधक जितेन्द्र यादव ने बाबा साहब डा. भीमराव अम्बेडक़र जी के चरणों में श्रद्धासुमन अर्पित किए। महाप्रबंधक नागपाल ने सभी उपस्थित कर्मचारियों को बाबा साहब डा. भीमराव अम्बेडक़र जी की उपलब्धियों के बारे में जानकारी दी और बताया कि बाबा साहब भीमराव अम्बेड़कर के पूरे विश्व में सबसे विद्वान व्यक्ति थे और सभी कर्मचारियों से बाबा साहब डा. भीमराव अम्बेड़कर के पद चिह्नों पर चलने का आह्वान किया।

# पानी बिजली की किल्लत को लेकर त्राहि-त्राहि, ओवरहैड टैंक हो रहे कंडम

## जर्जर हो चुकी ओवरहैड पानी के टैंक गिरने से हो सकता बड़ा हादसा

राजेश दास। फरीदाबाद

सिटी इश्यू

**शहर** भर में पानी की भारी कमी उत्पन्न हो रही है। लोग पानी भरने के लिए सुबह ही अपने घरों से निकल पड़ते हैं। पेयजल समस्या के समाधान की मांग को लेकर आए दिन नगर निगम मुख्यालय में शिकायत कर रहें, लेकिन अधिकारियों को आम जनता की समस्या से कोई लेना देना नहीं है। ऐसे में लोगों को सड़क जाम और धरना-प्रदर्शन तक करने को मजबूर होना पड़ रहा है। कई इलाकों में पानी की सप्लाई शुरू होते ही बिजली गुल हो जाती है। ऐसे लोग पानी नहीं भर पाते। ऐसा नहीं है कि नगर निगम के पास इन समस्याओं के सामाधान नहीं हैं, लेकिन निगम जानबूझ कर काम को लटकाए रखती है। नगर निगम के पास शहर भर में अनेक ओवरहैड टैंक मौजूद हैं, लेकिन निगम ने टैंकरों का इस्तेमाल अब बंद कर दिया है। चार ओवरहैड टैंकों का निर्माण तो हाल ही करीब सात साल पहले भी कराया था, लेकिन निगम ने आज तक इन टैंकियों इस्तेमाल नहीं किया। जिसके कारण करोड़ों की लागत बनी टैंकिंया कंडम होने के कगार पर पहुंच चुकी है। जिससे हादसे का डर भी बना रहाता है।



**पहले भी हुए हादसे**

**एनएच** पांच, फ्रुट गार्डन में स्थित नगर निगम की नर्सरी में वर्षों पुरानी ओवरहैड पानी की टंकी बनी हुई थी। नर्सरी में लगे ट्यूबवेल और पानी की टंकी से निगम के टैंकरों को भरने का काम किया जाता है। नगर निगम द्वारा बेशक इस पानी की टंकी का रख-रखाव और मरम्मत का काम कागजों में किया जाता रहा हो, लेकिन वास्तव के इस टंकी का रख-रखाव और मरम्मत का काम कभी नहीं किया गया। मरम्मत के अभाव में यह ओवरहैड टैंक लगातार कंडम होता गया। नर्सरी में आने वाले निगम के अधिकारियों ने इसकी तरफ कभी ध्यान देने की जरूरत महसूस नहीं की। अन्य दिनों की एक दिन जुलाई 2020 को सुबह भी नर्सरी में तैनात निगम के कर्मचारी अपना-अपना काम कर रहे थे। उसी दौरान सुबह करीब दस बजे के आसपास पानी का ओवरहैड टैंक तेजी के साथ जमीन में धंसने लगा। आधे से ज्यादा हिस्सा जमीन में धंसने के बाद शेष टंकी टूट कर नर्सरी परिसर में बिखर गई। यदि यह टंकी पूरी गिरती तो आसपास मौजूद लोगों की जान भी जा सकती थी।

**शुरू की जाएं टंकियां**



**फीएवा** के महासचिव गुरमीत सिंह देओल का कहना है कि एनआईटी विधानसभा क्षेत्र में बनाई गई चारों ओवरहैड पानी की टंकियां इस्तेमाल न होने और देख-रेख के अभाव में जर्जर हो रही हैं। यदि उन टंकियों को शुरू कर दिया तो लोगों के घरों में पर्यास पानी भी पहुंचेगा और बिजली की खपत भी काम होगी

**निगम को हादसे का इंतजार**

**शहर** के विभिन्न स्थानों पर दर्जनों की संख्या में पानी के ओवरहैड टैंक बने हुए हैं। इनमें से करीब 50 प्रतिशत ओवरहैड टंकियों का उपयोग अभी भी किया जा रहा है। शेष करीब 50 प्रतिशत ओवरहैड टंकियों का इस्तेमाल कई साल पहले ही बंद कर दिया गया था। वर्षों से उपयोग न होने और मरम्मत के अभाव में ज्यादातर पानी की टंकियां अब कंडम हालत में पहुंच चुकी है। इनमें भी कई टंकियों में पानी भरा होने के कारण बुरी तरह सीलन आ चुकी है। ऐसी पानी की टंकियां एनएच एक, दो और अन्य कई सेक्टरों में मौजूद है। इस तरह की कंडम ओवरहैड पानी की टंकियां शहर के कई सरकारी स्कूलों और बीके अस्पताल के पुराने भवन में मौजूद है।

टंकियों से लगातार पानी रिसने की वजह से इनकी नींव भी लगातार कमजोर हो चुकी है। इसके बावजूद नगर निगम अथवा संबंधित अन्य विभाग ने इनकी तरफ ध्यान देने की जरूरत महसूस नहीं की। यदि इसी तरह से इन कंडम टंकियों की अनदेखी होती रही तो कभी इनकी वजह से शहर में कोई बड़ा हादसा हो सकता है।

**नई टंकियां भी हो रहीं कंडम**

**करीब** सात साल पहले कांग्रेस पार्टी के शासनकाल एनआईटी विधानसभा क्षेत्र में लोगों के घरों में पानी की आपूर्ति पहुंचाने के लिए चार ओवरहैड टंकियों का निर्माण कराया था, लेकिन पिछले सात सालों से टंकी पूरी तरह तैयार होने के बावजूद इनका इस्तेमाल नहीं किया गया है। नगर निगम और अन्य संबंधित विभाग पहले से बनी ओवरहैड पानी की टंकियों का रख-रखाव करने में तो नाकामयाब साबित हो रहे हैं। वहीं एनआईटी इलाके में करीब सात साल पहले निगम ने एनसीबी के माध्यम से चार नए ओवरहैड टंकियों का निर्माण करा लिया। टैंकियों के निर्माण को सात साल गुजर चुके हैं, लेकिन निगम अभी तक इन्हें अपने हैंडओवर नहीं करा पाया है। निगम की तरफ से हैंडओवर कराने में आज तक कोई रुचि भी नहीं ली गई। जिसके कारण करोड़ों रुपये से बनी यह टंकियां भी अब जर्जर होनी शुरू हो गई हैं। पर्वतीय कॉलोनी जल घर में बनी पानी टंकी के ऊपर बच्चों को चढ़ कर खेलते हुए आम देखा जा सकता है। ऐसे में यहां कभी कोई बड़ा हादसा हो सकता है।



## स्लेजहैमर में कोरोना से बचाव के लिए लगाया शिविर





पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**जिले** में जहां एक तरफ स्वास्थ्य विभाग द्वारा कोरोना से बचाव को वैक्सीनेशन और कोविड-19 जांच कराने पर जोर दिया जा रहा है। वहीं दूसरी तरफ कोरोना के बढ़ते मामले देखते हुए स्लेजहैमर ग्रुप के एमडी प्रदीप मोहंती ने कोरोना जांच और कोरोना से बचाव की वैक्सीन लगवाने के लिए स्लेजहैमर कंपनी परिसर में कैम्प लगवाए।

जानकारी के मुताबिक सेक्टर-24 स्थित स्लेजहैमर ऑयल टूल्स प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में एमडी प्रदीप मोहंती द्वारा अपने कर्मचारियों के स्वास्थ्य को ध्यान में रख कैम्प लगवाए गए। जिसमें उन्होंने स्वयं कोविड-19 का टीका लगवाया और सभी को वैक्सीनेशन कराने के लिए मोटीवेट किया।

मौके पर कोरोना जांच कैम्प भी लगाया गया। यह दोनों शिविर जिला स्वास्थ्य विभाग के सीएमओ डॉ. रणदीप सिंह पूनिया के निर्देश पर डॉ. राजेश श्योकंद की तरफ से लगाए गए। जिसमें वैक्सीनेशन कैंप कंपनी परिसर में मुजेसर यूपीएचसी की तरफ से लगाया गया।

जिसमें डॉ. नीरू और उनके स्टाफ के सदस्य एएनएम संतोष, राजरानी, वासु मौजूद रहे। वहीं कोविड-19 जांच शिविर बीके सिविल अस्पताल की तरफ से लगाया गया। जिसमें लैब इंचार्ज सतपाल और सुनील के निर्देश पर



वहां के सदस्यों तीरथ, अमित, छत्रपाल और अनुज ने जांच की।

### रविन्द्र फागना ने 3 विकेट से जीता मैच

**फरीदाबाद।** 18वें रविंद्र फागना मिक्स कॉरपोरेट क्रिकेट लीग मैच में रविंद्र फागना क्रिकेट अकादमी (सोहना) ने क्रिकेट एसोसिएशन नूंह टीम को 3 विकेट से हराया। बीसीसीआई कोच धर्मेन्द्र फागना ने बताया कि रविंद्र फागना क्रिकेट अकादमी (सोहना) ने टॉस जीत कर पहले गेंदबाजी का निर्णय किया। क्रिकेट एसोसिएशन नूंह के बल्लेबाजों ने 20 ओवर में 8 विकेट पर 166 रन बनाए। टोफिक अहमद ने 51 रन, नदीम अजमत ने 33 रन और रोहित यादव ने 23 रन बनाए। निशांत यादव ने 3 विकेट, नीरज तिवारी ओर अशोक लोहिया ने 2-2 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करते हुए रविंद्र फागना की टीम ने 19.3 ओवर में 7 विकेट पर 168 रन बनाकर जीत हासिल की। नीरज तिवारी ने 44 रन, प्रिन्स लोहिया ने 34 रन और निशांत यादव ने 29 रन बनाए। मुबारिक ने 3 विकेट और जाहुल ने 2 विकेट लिए।

## संक्षिप्त समाचार

### भरपाई देवी ने कोरोना पर पाई 102 साल की उम्र में विजय



**फरीदाबाद।** जब मन में जीने की इच्छा और भगवान का जिस पर हाथ हो, उसका कोरोना तो क्या कोई बाल भी बांका नहीं कर सकता है। यह कहावत सैनिक कॉलोनी निवासी 102 वर्षीय भरपाई देवी के लिए सही साबित होती है। सैनिक कॉलोनी निवासी विनोद ने बताया कि उनकी 102 वर्षीय दादी की करीब 15 दिन पहले एशियन अस्पताल में जुकाम, खांसी होने पर कोविड-19 की जांच कराई थी। जिसमें अगले दिन रिपोर्ट कोरोना पॉजिटिव आई। विनोद ने बताया कि उन्होंने दादी को एशियन अस्पताल में भर्ती कराया था। जहां उन्हें 15 दिनों तक भर्ती रखने के बाद बताया गया कि अब उनकी रिपोर्ट नेगेटिव है और उन्हें अस्पताल से डिस्चार्ज कर रहे हैं। विनोद ने कहा कि परिजनों की खुशी का ठिकाना नहीं था कि उनकी 102 वर्षीय दादी ने कोरोना की जंग जीत ली। उन्होंने बताया कि उन्हें कोरोना इम्युनिटी पावर कम होने के कारण हुआ था, क्योंकि परिवार में सभी सदस्यों की कोरोना जांच नेगेटिव आई।

### सरल स्पोर्ट्स ने 92 रन से जीता मैच



**फरीदाबाद।** दो नंबर जीडी क्रिकेट ग्राउंड पर सरल स्पोर्ट्स और रॉयल क्लब के बीच में एक मैत्री मैच खेला गया। सरल स्पोर्ट्स यह मैच 92 रन से जीत लिया। जिसमें सरल स्पोर्ट्स के कप्तान विनोद आहूजा ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 25 ओवर के मैच में 7 विकेट के नुकसान पर 260 रन बनाए। सचिन भूटानी में 102 रन, 55 बॉल, सात चौके, दस छक्के, वैभव ढींगरा 55 रन, 40 बॉल, तीन चौके, दो छक्के, नवीन भाटिया 42 रन, 20 बॉल, तीन चौके, चार छक्के की मदद से बनाए। रॉयल क्रिकेट क्लब की तरफ से कमल ने पांच ओवर 60 रन दो विकेट, अमित, अजित, और सुनील ने एक -एक विकेट लिया। जवाब में रॉयल क्रिकेट क्लब 168 रन पर 24.1 ओवर में ऑल आउट हो गई। हनी भाटिया तीन ओवर 21 तीन विकेट, वैभव ढींगरा ने दो ओवर, एक मेडन, नौ रन, तीन विकेट, विक्की, अरुण, अर्जुन और बबलू ने एक-एक विकेट लिया।

### मां इस करोना रूपी राक्षस का वध करो : महंत ललित गिरि गोस्वामी



**फरीदाबाद।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी मंदिर श्री बांके बिहारी में मां ज्वाला जी की सहायक ज्योत को महंत ललित गिरी गोस्वामी, महिला मंडल प्रधान मीनाक्षी गोस्वामी, पंडित विनोद शास्त्री, मनीष दुबे और प्रदीप शास्त्री द्वारा पूरे विधि विधान से मंत्रों उच्चारण द्वारा नौ दिन के लिए स्थापित किया और ज्योत प्रचंड की। इस अवसर पर सरपरस्त एनएल गोसांई, अशोक अरोड़ा, उपाध्यक्ष सतीश अरोड़ा, सचिव राजेन्द्र गुलाटी, महिला मंडल प्रधान मीनाक्षी गोस्वामी मुख्य रूप से उपस्थित थे। महंत ललित गिरी गोस्वामी ने सभी श्रद्धालुओं को नवरात्रों की व नव सम्वतर की बधाई दी और कहा कि मां हर घर में सुख-शांति और समृद्धि प्रदान करें। उन्होंने कहा कि आज से ही मंदिर में श्रीमद् भागवत पुराण का शुभारंभ हुआ जिसका नित्य पाठ होगा। उन्होंने अरदास करते हुए कहा मां इस करोना रूपी राक्षस का वध करो जैसे महिषासुर, चंड-मुंड का वध कर के देवताओं को बचाया था उसी प्रकार इस राक्षस का वध करके पूरे हिंदुस्तान की रक्षा करो। मौके पर चारू गोसांई, रेखा आहूजा, रजनी कुमार आदि भक्त मौजूद थे।

### हिन्दू नव वर्ष पर यज्ञ के साथ नए सेमेस्टर का शुभारम्भ




**फरीदाबाद।** डीएवी शताब्दी महाविद्यालय के प्रागंण में नववर्ष विक्रमी संवत 2078 के शुभ अवसर पर यज्ञ एवं प्रार्थना सभा का आयोजन किया। यज्ञशाला में कॉलेज प्राचार्य डॉ. सविता भगत ने समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं के साथ मिलकर हवन किया और 2020-2021 के नए सेमेस्टर के प्रारम्भ की उद्घोषणा की। कॉलेज का सम्पूर्ण वातावरण वैदिक मन्त्रों एवं ओऊम के उच्चारण के साथ गुंजायमान हो उठा। इस यज्ञ के माध्यम से विश्व में तेजी से फैल रही महामारी से समस्त जन की रक्षा के लिए प्रार्थना की गयी। कॉलेज प्राचार्य ने पूर्णाहुति देते हुए नए सेमेस्टर के सुगमतापूर्वक संचालन की मंगल कामना की। यज्ञ की समाप्ति शांति मंत्र के साथ हुई। महाविद्यालय के सभी शिक्षक व गैर-शिक्षक सदस्यों ने अत्यन्त उत्साह के साथ यज्ञ में भाग लिया। यज्ञ समाप्ति पर हलवे के प्रसाद का वितरण किया गया।

### कोरोना के खात्मे के लिए वैक्सीनेशन करवाना बहुत जरूरी

**फरीदाबाद।** वरिष्ठ कांग्रेसी नेता लखन कुमार सिंगला के ओल्ड फरीदाबाद स्थित कार्यालय पर मंगलवार को कोरोना वैक्सीनेशन कैंप का आयोजन किया गया। कैंप में करीब 143 लोगों को कोरोना रोधी टीका लगाया गया और उन्हें कोरोना से बचाव के बारे में भी जागरूक किया। लखन कुमार सिंगला ने कहा कि कोरोना महामारी से भारत ही नहीं बल्कि पूरा विश्व जूझ रहा है और पिछले कुछ दिनों से जिस प्रकार से कोरोना के दूसरे स्ट्रेन ने संक्रमण फैलाना शुरू किया है, उससे देश का हर राज्य व जिला प्रभावित हो रहा है और इसे रोकने के लिए जहां हमें वैक्सीनेशन कराना होगा, वहीं सावधानियां भी बरतनी होगी, तभी हम कोरोना से जंग जीत पाएंगे। उन्होंने सरकार से मांग की कि वह जल्द ही ऐसी वैक्सीन भी लाएं, जो कि हर उम्र के लोगों को लगाई जा सके, ताकि कोरोना की चपेट में आने से पहले ही व्यक्ति उससे लड़ने की इम्युनिटी शरीर में बना सके। श्री सिंगला ने वैक्सीन लगवाने आए लोगों से कहा कि वह अभी लापरवाही कतई न बरतें, वैक्सीनेशन कराने के बाद भी मास्क लगाना, दो गज की दूरी और बार-बार हाथों को धोने की सावधानी अवश्य बरतें और दूसरी डोज भी समय पर लगवाएं। इस अवसर पर पूर्व पार्षद अनिल शर्मा, रोहित सिंगला,संदीप वर्मा, कर्मवीर खटाना, टीकाराम नागर, विजय भीम बस्ती, नवीन रावत, नितिन सिंगला, शशांक गुप्ता, संतलाल, आकाश सैनी, ओम प्रकाश पंडित, कपूर चंद्र अग्रवाल, प्रवीण कुमार, सतीश कुमार, पप्पू अग्रवाल, लतेश कुमार आदि अनेक लोग मौजूद थे।



**गुमशुदा की तलाश**



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं कि दिनांक 07.04.2021 को मुदई पिंकी पत्नी विजय निवासी ई-687 राजस्थानी झुग्गी एसजीएम नगर फरीदाबाद ने मुकदमा उपरोक्त दर्ज करया कि उसकी लड़की शान्ति उम्र करीब 19 साल जो दिनांक 05.04.2021 को करीब 11 बजे दिन के भाखरी कम्पनी में अपना पिछला बकाया लेने गई थी जो अपनी मर्जी से बिना बताये कही चली गई। किसी को भी शान्ति के बारे में कोई सूचना मिले तो प्रबन्धक अफसर थाना एसजीएम नगर फरीदाबाद को सूचित करें। हुलिया रंग साफ, गोल चेहरा, हष्ट-पुष्ट शरीर, कद 5 फीट। **पहनावा** - मटी कलर की समीज व गले में पैन्सी दुपट्टा। मु.न. 129 दिनांक 07-04-2021 धारा 346 आईपीसी थाना एसजीएम नगर फरीदाबाद।

**पुलिस प्रबन्धक, थाना एस.जी.एम. नगर फरीदाबाद**

**गुमशुदा की तलाश**



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं कि दिनांक 05.04.2021 को इस्तहार में दर्शाई गई गुमशुदा लड़की शृष्टी अपने घर से अपनी मर्जी से बिना बताऐ कही चली गई है। जिसका हुलिया - रंग साँवला गोल चेहरा हस्ट पुस्ट शरीर माथे पर दाहिने तरफ निशान पुरानी चोट कद 5 फीट है जिसने सफेद रंग का सूट सलवार पैरो में सैंडल पहने हुए है मुकद्दमा न. 188 दिनांक 12.04.2021 यू/एस 346 आईपीसी थाना पल्ला फरीदाबाद। जिसके बारे मे सूचना मिलने पर निम्नलिखित फोन नम्बरों पर सूचित करें।

**कंट्रोल रूम फरीदाबाद - 0129-2227200, एसएचओ पल्ला फरीदाबाद - 9582200139**
**एचसी संजय कुमार - 9267999942**

# तीन महीने में 130 सड़क हादसों में 48 की मौत, 125 घायल

कविता। फरीदाबाद



**सड़क** दुर्घटना के मामलों में कोरोनाकाल में भी कमी नहीं आ पाई है। बीते तीन महीनों की बात करें तो जिले में एनएच-दो समेत जिले में हुए 130 सड़क हादसों में 125 लोग घायल हुए और 48 की मौत हो गई। वहीं बीते वर्ष 2020 की बात करें तो जिले में 12 महीनों में 499 दुर्घटनाओं में 195 लोगों की मौत हुई और 421 लोग घायल हुए थे। साफ शब्दों में कहें तो लॉकडाउन के करण जहां सड़क दुर्घटनाओं में कमी आई थी।

वहीं ऑनलॉक होने के बाद से सड़क दुर्घटना में घायल और मरने वालों की संख्या में बढ़ोत्तरी हुई है। वहीं दूसरी तरफ देखा जाए तो देश में यातायात नियमों और बीमारियों से बचाव न करने वालों की संख्या बढ़ रही है। देश में प्रति वर्ष बीमारियों और सड़क हादसों में मृतकों की संख्या का आंकड़ा इससे तीन लाख पर पहुंच रहा है।

## जीवन के लिए करें बचाव

रोड सेफ्टी ऑर्गेनाइजेशन के प्रदेश उपाध्यक्ष एसके शर्मा ने कहा कि एक साल में देश में डेढ़ लाख व्यक्ति सड़क दुर्घटनाओं में मर रहे हैं। वहीं वर्ष 2020 की बात करें, तो कोविड-19 से भी डेढ़ लाख व्यक्तियों की मौत का आंकड़ा सामने आया था। वहीं जिले में वर्ष 2021 की बात करें तो 130 हादसों में 125 घायलों में से 48 की मौत हो गई। जिससे मतलब साफ है कि लोग यदि सड़क दुर्घटनाओं और कोरोना आदि बीमारियों से मरना नहीं चाहते तो वह यातायात नियमों और कोविड-19 गाइडलाइन का पालन करते हुए खुद को सुरक्षित रख सकते हैं। वर्तमान में अपने परिवार के साथ जीवन जीने के लिए दोनों ही तरह के नियमों का पालन करना जरूरी है।

**मृत्यु से बचाव के लिए यातायात और कोविड-19 नियमों का करें पालन : एसके शर्मा**

## 2021 के एनएच दो और सड़क हादसों के आंकड़े

| माह | हादसे हाइवे+सड़क | मौत हाइवे+सड़क | घायल हाइवे+सड़क |
|---|---|---|---|
| जनवरी | 10+29 | 4+8 | 12+25 |
| फरवरी | 17+37 | 8+13 | 11+40 |
| मार्च | 5+32 | 0+14 | 6+31 |

## अनलॉक में बढ़ी संख्या

आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2020 में जिले में 267 सड़क हादसों में 107 मौतें हुईं और 221 लोग घायल हुए। जबकि वर्ष 2019 में 483 सड़क दुर्घटनाएं घटीं, 154 लोगों की मौत हुई थी और 484 लोग घायल हुए थे। वहीं बीते तीन महीने में 130 हादसों में 125 घायलों में से 48 की मौत हो गई। इसका पता जारी किए गए आंकड़ों से साफ चल रहा है।

# यूपीपीएससी परीक्षा में फरीदाबाद की सुबोध जोशी ने फहराया परचम

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**केंद्रीय राज्यमंत्री गुर्जर और मूलचंद शर्मा ने भी दी बधाई**

**सफलता का एक ही मंत्र है मेहनतः सुबोध**

**जामिया** मिलिया कॉलेज से गोल्ड मेडलिस्ट फरीदाबाद की छात्रा सुबोध जोशी ने यूपीपीएससी परीक्षा पास करके जिले का नाम रोशन किया है। फरीदाबाद सेक्टर-7 में रहने वाले समाजसेवी बीपी जोशी की छोटी बेटी सुबोध की इस उपलब्धि के बारे में परिजनों को पता लगा तो परिवार में खुशी की लहर दौड़ गई। आस-पड़ोस के लोग उन्हें बधाइयां देने में जुट गए, जहां माता-पिता ने सबसे पहले सुबोध को मिठाई खिलाकर बधाई दी, वहीं केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर, हरियाणा के कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने उन्हें फोन पर इस उपलब्धि के लिए बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

सुबोध जोशी को जिला पंचायत अधिकारी के रूप में प्रशासनिक जिम्मेदारी मिली है और उनका मानना है कि वह इस क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य करके पंचायतों का स्वरूप बदलकर उन्हें आधुनिकता के दौर से जोड़ने का काम करेंगी। सुबोध जोशी का मानना है कि सफलता का एक ही मंत्र है, मेहनत। प्रशासनिक सेवाओं की तैयारी करने वालों को उनकी सलाह है कि वे करंट अफेयर के बारे में ज्यादा सजग रहें क्योंकि आज इंटरनेट की वजह से सभी को नई-नई चीजें जानने का आसान अवसर मिल चुका है। वहीं उन्होंने कहा कि आईएएस बनना उनका सपना है और इसे हासिल करने के लिए वह भविष्य में भी प्रयास करती रहेंगी। उन्होंने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय अपने शिक्षकों के साथ-साथ माता-पिता व अपनी बहन को दिया क्योंकि उनकी बड़ी बहन भी लॉ में गोल्डमेडलिस्ट है और उनके पिता ने हमेशा ही क्षेत्र के लोगों के सुख-दुख में हिस्सा लेकर समाज के प्रति दायित्व को निभाया है और उनके पिता ने उन्हें सदैव यही प्रोत्साहित किया कि लड़कियां लड़कों से कम नहीं होतीं और यही कारण है कि आज वह इस मुकाम पर हैं। उनकी इस उपलब्धि पर विधायक नीरज शर्मा, विधायक सीमा त्रिखा, पूर्व विधायक शारदा राठौर, पूर्व विधायक आनंद कौशिक, पूर्व विधायक टेकचंद शर्मा, भाजपा के वरिष्ठ नेता सुरेंद्र तेवतिया, अश्विनी त्रिखा, पार्षद कपिल डागर, राजा नाहर सिंह के वंशज राजकुमार तेवतिया, सुनील तेवतिया, अनिल तेवतिया, पवन तेवतिया, कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता सुमित गौड़, बीआर ओझा फाउंडेशन के अध्यक्ष व कांग्रेसी नेता राजन ओझा, किसान नेता सत्यवीर डागर, ब्राह्मण सभा के प्रधान बृजमोहन वत्स, प्रवक्ता डा. तेजपाल शर्मा सहित अनेकों गणमान्य लोगों ने उन्हें बधाई दी।

# पलवल की टीम ने बल्लभगढ़ में मारा छापा

**अवैध गर्भपात करते दो गिरफ्तार**

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**पलवल** सीएमओ को एक गुप्त सूचना मिली कि डॉ. सुंदर पाल चौहान और उनकी पत्नी अंजू चौहान अवैध लिंग निर्धारण और अवैध गर्भपात का व्यवसाय करते हैं। वह अल्ट्रासाउंड मशीन के माध्यम से गर्भवती महिलाओं को लिंग निर्धारण के लिए पलवल से लेकर उत्तर प्रदेश और दिल्ली ले जाते थे। इसके लिए वह 15 से 20 हजार रुपये प्रति रोगी लेते थे। सूचना के आधार पर एक टीम का गठन किया, जिसमें डॉ. प्रवीन, डॉ. प्रियंका, कृष्ण कुमार को भेजा।

टीम ने फरीदाबाद विभाग को सूचना दे दी और मौके पर पहुंचकर एक नकली ग्राहक को भेजा। जहां नकली ग्राहक ने अंजू को फोन करके बताया कि उनकी पत्नी 5 महीने की गर्भवती है। उसे अपने गर्भ में बच्चे का लिंग पता करना है। डॉ. अंजू ने सुरेन्द्र के माध्यम से दो से तीन दिन का समय दिया। अंजू ने नकली ग्राहक को अपने पति सुरेन्द्र पाल चौहान से मिलवाया और दोनों मोबाइल के माध्यम से बातचीत की। अंत में सुरेन्द्र ने 15 हजार रुपये में 12 अप्रैल को लिंग जांच का समय निश्चित करते हुए बल्लभगढ़ स्थित भगत सिंह कॉलोनी के निकट स्थित चौहान क्लीनिक में उसे आने को कहा। दोपहर को दो बजे पलवल की टीम ने स्थानीय स्वास्थ्य विभाग की टीम को सूचना दे दी। जिस पर पीएनडीटी नोडल अधिकारी डॉ. हरीश आर्य और खेड़ीकला के एसएमओ डॉ. हरजिन्द्र सिंह समेत अन्य सीएचसी तिगांव के एमओ समेत डीसीओ के साथ छापा मारने की प्लानिंग की। जिस पर टीम पलवल ने नकली ग्राहर को 15 हजार रुपये सीरियल नम्बर के दे दिया। नकली ग्राहक बनी लता को चार बजे क्लीनिक में पहुंची तो वहां दंपति चिकित्सक ने बताया कि अल्ट्रासाउंड के माध्यम से गर्भ की लिंग जांच डॉ. अमित कुमार करेंगे।

# चार महीने में एक हजार से ऑपरेशन से बनाया नया कीर्तिमान



**केंद्रीय राज्यमंत्री ने किया डॉ. एसएस बंसल और उनकी कार्डिक टीम को सम्मानित**

**फरीदाबाद।** चिकित्सा क्षेत्र में अग्रणीय एसएसबी अस्पताल ने पिछले चार महीनों के दौरान एक हजार से अधिक सफल हृदय प्रक्रिया एवं सर्जरी कर नया कीर्तिमान बनाया है। उपलब्धि पर सांसद, केंद्रीय मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने एसएसबी अस्पताल के चेयरमैन डॉ. एसएस बंसल को बधाई देते हुए उनकी कार्डियक टीम को भी सम्मानित किया।

कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि यह हमारे लिए गर्व का विषय है कि इतनी योग्य एवं सशक्त हृदय रोग विशेषज्ञ डॉक्टर्स की टीम हमारे शहर में उपलब्ध है, जो आपातकाल में लोगों को उच्चस्तरीय चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि एसएसबी हार्ट एंड मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल को फरीदाबाद का सर्वोत्तम हार्ट हॉस्पिटल्स माना जाता है क्योंकि यहां कार्डियोलॉजी एवं कार्डियोथोरेसिक संबंधित सभी तरह के इलाज, प्रक्रियाएं एवं सर्जरी की जाती हैं। श्री गुर्जर ने कहा कि डॉ बंसल ने अपने 30 वर्षों के अनुभव में दो लाख से ज्यादा हृदय रोग के मरीजों का सफल इलाज़ किया और 50 हजार से ज्यादा हार्ट प्रोसीजर किये हैं, जो उनकी कार्यकुशलता को दर्शाता है। उन्होंने अपने नए अस्पताल में पहले चार महीने में 1000 से ज्यादा हार्ट प्रोसीजर सर्जरी की है जिसकी चिकित्सकीय सफलता की दर की तुलना अंतरराष्ट्रीय मानकों से की जा सकती है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि देश के जाने माने हृदय रोग विशेषज्ञ, डॉ एसएस बंसल की अगुवाई में संचालित एसएसबी अस्पताल में अंतरराष्ट्रीय तकनीक एवं सुविधा उपलब्ध कराई जा रही हैं। यहां वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ, आधुनिक कैथ लैब, ऑपरेशन थिएटर, नॉन इनवेसिव कार्डियक लैब जहा सीटी एंजियोग्राफी, इको, स्ट्रेस इको व टीएमटी की सुविधा चौबीसों घंटे उपलब्ध है।

# कोरोना से बचाव के लिए नाइट कर्फ्यू जिला में लागू : जिलाधीश

**फरीदाबाद।** कोरोना महामारी से बचाव के मद्देनजर स्वास्थ्य सुरक्षा की दृष्टि से हरियाणा राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की ओर से फरीदाबाद जिला में सोमवार से आगामी आदेशों तक प्रतिदिन रात 9 से सुबह 5 बजे तक नाइट कर्फ्यू लगाया है। जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के चेयरमैन एवं जिलाधीश यशपाल ने बताया कि नाईट कर्फ्यू के दौरान बिना अनुमति के कोई भी व्यक्ति किसी भी रूप से घर से बाहर न निकले। जारी आदेश में नियमों की अवहेलना करने वालों पर कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

जिलाधीश यशपाल ने कहा कि सरकार की ओर से कोरोना के बढ़ते मामलों को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया है जिसका अनुपालन फरीदाबाद जिला में प्रभावी तरीके से सुनिश्चित किया जाएगा। नाइट कर्फ्यू के दौरान जिला में लोगों की गैर-आवश्यक गतिविधियों पर प्रतिबंध रहेगा। वे सड़क या किसी सार्वजनिक स्थान पर अनावश्यक रूप से न तो घर के बाहर पैदल और न ही गाड़ी से घूम सकेंगे। जिलाधीश ने बताया कि नाईट कर्फ्यू के समय लोगों की परेशानियों को समझते हुए आवश्यक सेवाओं से जुड़े लोगों को छूट दी जा रही है।

# गुड़गांव कैनाल सेक्टर 3 से तिगांव रोड तक बनेगी चार लाइन रोडः कृष्ण पाल गुर्जर



पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**केंद्रीय** राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर और हरियाणा के परिवहन एवं खनन मंत्री मूलचंद शर्मा ने मंगलवार को गुरुग्राम कैनाल सेक्टर 3 से तिगांव रोड को जोड़ने वाली रोड को फोर लाइन रोड में परिवर्तित करने के कार्य का नारियल तोड़कर शिलान्यास किया।

केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि बल्लभगढ़ विस क्षेत्र से विधायक और हरियाणा सरकार में परिवहन एवं खनन मंत्री मूलचंद शर्मा के प्रयासों से बल्लभगढ़ में जमकर विकास कार्य हुए हैं। केंद्रीय राज्य मंत्री ने परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा की तारीफ करते हुए कहा कि वह जब तक कोई कार्य पूरा नहीं हो जाता उस कार्य के पीछे लगे रहते हैं । आज उनकी मेहनत लगन के कारण ही बल्लभगढ़ में करोड़ों रुपए के कार्य पूरे हुए हैं और कुछ चले हुए हैं। उसी कड़ी में आज करीब 1 करोड़ 84 लाख 65 हजार की लागत से इस चार लेन सड़क के कार्य का शिलान्यास किया। केन्द्रीय राज्य मंत्री गुर्जर ने कहा कि होडल तक का सफर जल्द ही 50 मिनट में पूरा हो जाया करेगा जल्द ही हाइवे पर चल रहे पुलों का निर्माण पूरा हो जाएगा।

मंत्री मूलचंद शर्मा ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि बल्लभगढ़ की जनता ने उनके ऊपर जो विश्वास जताया है और भारी मतों से जीता कर विधानसभा में भेजा है वह विकास कार्यों के बदले उनके इस विश्वास को पूरा करेंगे।

# जेसी बोस विश्वविद्यालय में भारतीय नववर्ष का हर्षोल्लास के साथ स्वागत

**फरीदाबाद।** जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद द्वारा भारतीय नववर्ष (नव-संवत्सर) विक्रम सम्वत 2078 का स्वागत उत्साह एवं हर्षोल्लास के साथ किया गया। इस उपलक्ष्य में विश्वविद्यालय परिसर में शांति एवं समृद्ध के लिए हवन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भारतीय नववर्ष के ऐतिहासिक एवं वैज्ञानिक आधार को लेकर विस्तार से चर्चा भी की गई।

शिक्षाविद प्रो. देव प्रसाद भारद्वाज ने भारतीय नववर्ष के ऐतिहासिक एवं वैज्ञानिक आधार को लेकर व्याख्यान प्रस्तुत किया। इस व्याख्यान सत्र की अध्यक्षता कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने की। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. सुनील कुमार गर्ग भी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन युवा कल्याण मामलों के निदेशक डॉ. प्रदीप डिमरी ने किया तथा सत्र का संयोजन विवेकानंद मंच तथा लिबरल आर्ट्स एवं मीडिया स्टडीज विभाग के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। सत्र को संबोधित करते हुए कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने भारतीय नववर्ष की शुभकामनाएं देते हुए हुए कहा कि भारतीय संस्कृति में नववर्ष चैत्र शुक्ल प्रतिपदा का पौराणिक, ऐतिहासिक तथा प्राकृतिक महत्व है।

# शहरभर के मंदिरों में पहले दिन हुई मां शैलपुत्री की अर्चना

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**कोरोना** महामारी के बीच पहले दिन सोशल डिस्टेंसिंग के साथ भक्तों ने मां की आराधना की। कहते हैं आराधना करने वाले भक्तों को कुछ न कुछ जरूर मिलता है। मां अपने भक्तों को नौ दिनों में वह सबकुछ दे देती है। जिसकी भक्तों को चाह होती है। प्रथम दिन मां अपने भक्तों की मन की इच्छा को पूरी करती है, तो द्वितीय दिन भक्तों को सही गलत में फर्क का महत्व समझने की क्षमता प्रदान करती है।

पहले नवरात्रे के दिन शहरभर के अधिकांश मंदिरों में ज्वाला जी से लाई गई पवित्र ज्योति से जोत जलाई गई। जिसमें तिकोना पार्क स्थित श्री महारानी वैष्णो देवी मंदिर, काली मंदिर, बांके बिहारी मंदिर और इत्यादी कई अन्य मंदिर शामिल है। लोगों ने घरों में और मंदिरों में कलश की स्थापना के साथ शैलपुत्री का पूजन किया। जिसमें उन्होंने कोरोना महामारी से मुक्ति की प्रार्थना मां से की।



## वैष्णोदेवी मंदिर में पूजा

**सिद्धपीठ** वैष्णोदेवी मंदिर में नवरात्रों के पहले माता शैलपुत्री की धूमधाम से पूजा-अर्चना की गई। इस अवसर पर मंदिर में प्रातकालीन पूजा-अर्चना के साथ हवन-यज्ञ का आयोजन किया गया और मां की ज्योत प्रज्ज्वलित की गई। पहले दिन पूजा में उद्योगपति आनंद मल्होत्रा, प्रदीप झांब, प्रताप भाटिया, रमेश सहगल, संजय वधवा, फकीरचंद कथूरिया, प्रीतम धमीजा, राहुल बेदी, एसपी भाटिया, दिनेश चित्रकारा, नेताराम गांधी, सागर रतरा, सरिता, बलजीत और धीरज प्रमुख रूप से उपस्थित थे। मंदिर संस्थान के प्रधान जगदीश भाटिया ने कोविड-19 के अंतर्गत मंदिर में सभी प्रबंध किए गए हैं। मंदिर में पूजा अर्चना के दौरान सोशल डिस्टेंस, मास्क, सैनिटाइजर का विशेष ध्यान रखा जा रहा है।

## आज होगी मां ब्रह्मचारिणी की पूजा

**एनएच-पांच** स्थित सर्वेश्वर मंदिर के महंत मुनिराज ने बताया कि नवरात्रों के दूसरे दिन ब्रह्मचारिणी मां की पूजा की जाती है। उन्होंने बताया कि ब्रह्मचारिणी माता रूद्राक्ष की माला और पुष्प धारण करके ब्रह्मचार्य का पालन करती है। वह अपने भक्तों को बुद्धि आदि का आशीर्वाद देती है। उन्होंने बताया कि विद्यार्थियों को ब्रह्मचारिणी की पूजा करने के लिए दूध से अभिषेक करने के अलावा मां को फलों का भोग लगाना चाहिए। इससे विद्यार्थियों को विद्या की प्राप्ति होती है और श्रेष्ठ संस्कारों की उत्पत्ति होती है। ब्रह्मचारिणी मां को अनार की बली चढ़ाएं। उन्होंने बताया कि जो बह्मचारी विद्यार्थी ब्रह्मचारिणी मां का पूजन करते हैं, उनको श्रेष्ठ ज्ञान की प्राप्ति होती है।

# कोरोनाः 487 पॉजिटिव से पहुंचा 51205

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**जिले** में कोरोना के मरीजों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। मंगलवार को जिले में सर्वाधिक 487 नए मामले सामने आए। जिससे जिले में कोविड-19 का आंकड़ा 51205 पर पहुंच गया है। वहीं जिले में एक मरीज की मौत हो जाने से मृतकों की संख्या का आंकड़ा 428 पर पहुंच गया है।

राहत की बात यह रही कि जिले में 244 मरीजों ने कोरोना की जंग जीत ली। पॉजिटिव मामलें में आईपी कालोनी, धीरज नगर, सेक्टर-23, अशोका इंक्लेव, सेक्टर-37, 35, 63, 2, 62, 65ख 19, 16, 17, अंखीर, डबुआ, सेक्टर-49, 98, एनआईटी समेत अन्य कई इलाकों से मरीज शामिल है।



## ये हैं आंकड़े

| | |
|---|---|
| जिले में कुल जांच | : 603289 |
| अब तक पॉजिटिव | : 51205 |
| अब तक नेगेटिव | : 549170 |
| रिपोर्ट आनी शेष | : 2914 |
| ऑक्सीजन पर है | : 65 |
| वैंटीलेटा पर है | : 6 |
| अब तक मौत | : 428 |
| अब तक ठीक | : 48298 |
| फिलहाल एक्टिव केस | : 2479 |

# संक्षिप्त समाचार

## उड़ान की पाठशाला में रंगोत्सव कार्यक्रम आयोजित



**फरीदाबाद।** कौन कहता है कि आसमां में सुराख नहीं हो सकता, एक पत्थर तो तबीयत से उछालो यारो ..! इस कहावत को चरितार्थ कर दिखाया झुग्गियों के उन बच्चों ने जो स्कूल नहीं जाते हैं, लेकिन उनमें एक अलग ही जुनून देखने को मिलता है शिक्षा के लिए। उड़ान पाठशाला में रंगोत्सव कार्यक्रम में झुग्गियों के बच्चों के लिए कला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें बहुत से बच्चों ने भाग लिया। रंगोत्सव कार्यक्रम में बच्चों ने ड्राइंग के माध्यम से सफाई अभियान, पर्यावरण, ब्लड डोनेट, करोना महामारी से बचाव आदि ज्वलंत सामाजिक विषय पर बहुत ही प्यारे से संदेश समाज को दिये और इस प्रतियोगिता के माध्यम से बच्चों का टैलेंट निकल कर सामने आया। फाउंडेशन अगेंस्ट थेलासिमिया द्वारा बच्चों को गिफ्ट ओर शीट दिए गए ओर मिशन जागृति संस्था की तरफ से सभी बच्चों को किताबें देकर बच्चों का उत्साह तथा मनोबल बढ़ाया। उड़ान वेलफेयर की संस्थापक हिना माथुर ने बताया की बस बच्चो को एक राह दिखाने की जरूरत है बस जिस प्रकार एक नन्हे बालक को अंगुली पकड़ चलना सिखाया जाता उसी प्रकार इन मासूमों के भी हाथ पकड़ने वाला चाहिए। कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्तिथ रहे। कार्यक्रम को सफल रूप देने में विवेक अग्रवाल, अंजली अरोरा, सिम्मी कुमार, कृतिका डुडेजा, जेके भाटिया व बी दास बतरा का विशेष सहयोग रहा।

## मंदिर में लगेगी नौ दिनों तक वैक्सीन

**फरीदाबाद।** तिकोना पार्क स्थित महारानी श्री वैष्णों देवी मंदिर परिसर में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए कोरोना वैक्सीन लगाने का इंतजाम भी किया गया है। ईएसआई अस्पताल की टीम द्वारा मंदिर परिसर में नवरात्रों के अवसर पर श्रद्धालुओं को कोरोना वैक्सीन लगाई जा रही है। मंदिर संस्थान के प्रधान जगदीश भाटिया ने नवरात्रों के शुभ अवसर पर आने वाले भक्तों का स्वागत किया। भाटिया ने बताया कि नवरात्रों के उपलक्ष्य में नौ दिन मंदिर में आने वाले सभी भक्तों के लिए कोरोना वैक्सीन लगाने की विशेष तौर पर व्यवस्था की गई है। जिन लोगों ने कोरोना वैक्सीन नहीं लगवाई है, वह भी मंदिर परिसर में वैक्सीन लगवाकर कोरोना से जंग जीतने की दिशा में अपना योगदान दे सकते हैं। सुबह मंदिर में साढ़े दस बजे से लेकर 2 बजे तक वैक्सीन लगाई जाएगी। इसलिए उनकी सभी भक्तों से अपील है कि वह कोरोना से जंग में लड़ाई लड़ें और अपना योगदान दें।

## नगर कीर्तन एवं प्रभात फेरी का किया आयोजन

**फरीदाबाद।** वैशाखी उत्सव के मौके पर आज गुरुद्वारा गुरु श्री सिंह सभा सुखमणि भवन सेक्टर-16 द्वारा नगर कीर्तन प्रभात फेरी का आयोजन किया। कोविड-19 महामारी को देखते हुए सभी नियमों का सख्ती से पालन करते हुए सामाजिक दूरी व फेस मॉस्क लगाकर ही सेवादारों ने प्रभातफेरी में शिरकत की। प्रभातफेरी के साथ साध संगत कीर्तन करती रही। इस दौरान वाहे गुरुजी का खालसा वाहे गुरुजी की फतेह के उदघोषों से वातावरण गुंजायमान हो गया। वहीं गुरुद्वारा गुरु श्री सिंह सभा सुखमणि भवन में गुरु ग्रंथ साहिब का पाठ और कीर्तन का आयोजन किया गया। गुरुद्वारा के प्रधान चरणसिंह जौहर, सचिव अवतार सिंह पसरीचा, महेंद्र कौर सांगा, शरणजीत कौर ने संयुक्त रूप से बताया कि इस दिन सिख धर्म के 10वें गुरु गोविंद सिंह जी ने खालसा पंथ की स्थापना की थी। साथ ही यह त्योहार सिख धर्म के लिए ऐतिहासिक मूल भी रखता है तथा यह पर्व हर साल हिंदू पंचांग के अनुसार विक्रम समवत् के प्रथम माह में पड़ता है। उन्होंने बताया कि इस दौरान खेतों में रबी की फसल पककर लहलहाती हैं, किसानों के मन में फसलों को देखकर खुशी मिलती और वह अपनी खुशी का इजहार बैसाखी के पर्व को मनाकर करते हैं। सेवादारों कुलदीप सिंह साहनी, टोनी पहलवान, अशविंद्र सिंह, हरसेव सिंह, परमजीत सिंह पावा, परमजीत सिंह, जसबीर सिंह सूरी, दलबीर सिंह, अमरजीत सिंह, बलजिन्द्र सिंह चड्ढा, सुरेंद्र सिंह सांगा, अनिल अरोड़ा, इंद्रजीत सिंह आहुजा, हेमंत छाबड़ा, जय सुनेजा, तेजिंद्र सिंह चड्ढा, राजीव खेड़ा, सुशील भयाना, नीरू अरोड़ा, अनीता वर्मा, बलबीर कौर, रशमीन कौर चड्ढा, संदीप कौर साहनी, जसवंत कौर सिंधू, पूनम, परमजीत कौर, बिन्द्र कौर सांगा, जसमीत कौर, अमरजीत कौर सिद्धू, चरणजीत कौर सूरी, छन्नप्रीत कौर पावा, सुनीता सुनेजा व रिचा आदि ने प्रभातफेरी में सक्रियता से भाग लिया।

## कोरोना का टीका जरूर लगवाए: गुर्जर



**फरीदाबाद।** कोरोना बीमारी के सम्बन्ध में बरती गई जरा सी असावधानी व्यक्ति की जान जोखिम में डाल सकती है। इसलिए व्यक्ति को सावधानी बरतते हुए कोरोना वैक्सीनेशन अभियान में प्रतिभागिता कर कोरोना का टीका जरूर लगवाना चाहिए। जिससे आमजन पर कोरोना से होने वाले बुरे प्रभाव को कम किया जा सके। यह बात केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने सेक्टर -30 के सरकारी हॉस्पिटल में वैक्सीनेशन अभियान में आयोजित लोगों को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार के कुशल मार्गदर्शन स्वास्थ्य मंत्रालय के अंतर्गत जिला स्तर पर स्वस्थ विभाग के अंतर्गत कोरोना टीकाकरण अभियान को बहुत ही प्रभावित रूप से युद्ध स्तर पर कराया जा रहा है और आमजन को चाहिए कि वे अपने से जुड़े क्षेत्र से संबंधित अस्पताल में जाकर कोविड के बचाव के लिये टीका जरूर लगवाये। उन्होंने कहा कि सभी के साझा प्रयासों टीकाकरण अभियान को मिलकर सफल बनाया जा सकता है। इसके लिए योजना तरीके से कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि संबंधित क्षेत्रों मे टीकाकरण अभियान को विभिन्न रूपों में चलाए जाने के लिए सम्बंधित अधिकारियों को विशेष व कड़े निर्देश दिया गए हैं। जिससे कि सभी इस मुहिम में शामिल हो साथ ही कोरोना से आमजन पर होने वाले बुरे प्रभाव को मिलकर रोका जा सके। इस अवसर पर पार्षद अजय बैंसला, एसएमओ डॉ. ज्योति शर्मा, संजय सिंह उपस्थित थे।

## बाबा साहब भीमराव अंबेडकर द्वारा दिए गए मूल मंत्रशिक्षित बनो

**फरीदाबाद।** नगर पालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के आवाहन पर भारत रतन बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के जन्म उत्सव की पूर्व संध्या पर मंगलवार को प्रदेश के सभी जिलों में हर्षोल्लास के साथ भारतीय संविधान और अंबेडकर विषय पर सेमिनार आयोजित किए गए। नगरपालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के राज्य प्रधान नरेश कुमार शास्त्री ने कहा कि सावित्रीबाई फुले दलित समाज उत्थान मूवमेंट की जननी है तो डॉक्टर भीमराव अंबेडकर ने भी समाज को जागरूक सशक्त और अधिकारों के प्रति सजग बनाने का कार्य किया बाबा साहब ने अपने शैक्षणिक काल में 32 डिग्रियां हासिल की और 64 विषयों में विशेषज्ञता प्राप्त की समाज से भेदभाव को मिटाने के लिए उन्होंने देश को संविधान दिया और इसके माध्यम से समाज के सभी वर्गों को एक साथ मिलकर देश और अपने समाज के उत्थान में योगदान देने को सक्षम बनाएं रख ने के लिए। संविधान में सबसे महत्वपूर्ण समानता का अधिकार दियाए बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की बहुत बड़ी सोच आपकी धरोहर है इसी सोच को लेकर सभी को आगे बढ़ना है। स्वतंत्रता का अधिकार पाना आसान होता है जबकि इसे संभाल कर रखना काफी कठिन होता है।

Good Morning!

गुरुग्राम पायनियर

4

हरियाणा, बुधवार, 14 अप्रैल, 2021

•सोहना •ओल्ड •गुरुग्राम •पटौदी •आईएमटी-मानेसर •फर्रूखनगर •भिवाड़ी

ई-पेपर www.pioneerhindi.com

# नाइट कर्फ्यू के साथ प्रवासियों ने शुरू किया पलायन

## लॉकडाउन के डर से अब यहां से जाने लगे हैं यूपी, बिहार के लोग

संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम



गुरुग्राम के राजीव चौक से यूपी, बिहार के लिए बस में पलायन करते प्रवासी मजदूर।



गुरुग्राम के राजीव चौक पर सामान से लदी बस।

**कोरोना** महामारी के फैलाव के साथ हरियाणा में लगाए गए नाइट कर्फ्यू के साथ ही यूपी, बिहार व अन्य राज्यों के लोगों ने पलायन करना शुरू कर दिया है। उन्हें डर इस बात का सता रहा है कि नाइट कर्फ्यू के बाद अब लॉकडाउन लगेगा। हालांकि अभी तक सरकार की ओर से ऐसे कोई संकेत नहीं दिए गए हैं। हां, कुछ सख्ती जरूर बरती जा रही है, जिससे कि लोग मास्क, सोशल डिस्टेंस समेत तमाम ऐहतियात बरतें।

वर्ष 2020 में लॉकडाउन के साथ ही अपने राज्यों को पैदल ही निकले मजदूरों ने वर्ष 2021 में लॉकडाउन के डर से अभी से अपने घर जाना शुरू कर दिया है। गुरुग्राम में राजीव चौक व अन्य स्थानों से निजी बस संचालकों द्वारा उन्हें ले जाया जा रहा है। गुरुग्राम में यूपी, बिहार, राजस्थान, मध्यप्रदेश, उत्तराखंड समेत अन्य कई राज्यों से लेबर किसी न किसी कंपनी, निर्माण कार्य, होटलों व अन्य कई क्षेत्रों में मेहनत, मजदूरी करके अपने परिवार का पेट पालते हैं। सबसे अधिक लेबर यहां निर्माण कार्यों में हैं। क्योंकि गुरुग्राम में हर बड़ी कंस्ट्रक्शन कंपनी के प्रोजेक्ट चल रहे हैं। उनके मुख्यालय भी यहां पर हैं। गुरुग्राम शहर के 20 किलोमीटर से अधिक दायरे में मकान, फ्लैट बनाने का कार्य जोरों पर है।

कोरोना की वजह से काफी प्रोजेक्ट बंद थे, जो कि साल 2020 के अंत में शुरू हुए। अभी इन कार्यों में तेजी ही आई थी कि एकाएक कोरोना महामारी ने फिर से पैर पसारने शुरू कर दिए हैं। गुरुग्राम में दहाई तक कोरोना के केस पहुंच गए थे, जो कि अब बढ़कर सैंकड़ों ओर सैंकड़ा से हजार को पार कर गए हैं। इन केसों ने सरकार की भी चिंता बढ़ाई है। राजधानी के साथ सटे होने के कारण गुरुग्राम देश ही नहीं, दुनिया का महत्वपूर्ण शहर है। यहां दुनिया की बड़ी कंपनियों के मुख्यालय है।

मतलब एक तरह से इस शहर में हर हाथ को काम, हर पेट को रोटी मिलने का जुगाड़ है। इसी आस के साथ लोग यहां अपने घरों को छोड़कर आते हैं कि मेहनत करके अच्छा गुजारा हो जाएगा। अब ऐसे लोगों के माथे पर कोरोना के फैलाव ने चिंता की लकीरें खींच दी हैं। वे ना चाहकर भी यहां से पलायन करने को मजबूर हो गए हैं। यहां राजीव चौक पर बसों में सवार होकर बिहार जा रहे राकेश पासवान, सुदेश महतो, राकेश सिन्हा, विमलेश पांडेय, मुकेश चौधरी आदि ने बिहार सरकार ने पहले भी कोई मदद नहीं की और आगे भी कोई मदद की उम्मीद नहीं है। ऐसे में वे किस के भरोस रहें। इसलिए वे अभी से अपने घर जाकर अपने बच्चों को सुरक्षित कर देना चाहते हैं। पहले पैदल चलकर गए थे, बच्चों, महिलाओं, दिव्यांगों, बीमारों को बहुत परेशानी हुई थी। ऐसी परेशानी फिर से नहीं झेलना चाहते।

उन्हें बताया भी गया कि अभी तो हरियाणा में नाइट कर्फ्यू लगा है, लॉकडाउन नहीं। इस पर उनका जवाब था कि इतना हो गया तो आगे लॉकडाउन भी लगेगा। इसलिए वे इंतजार नहीं करना चाहते। अपने घर जाना चाहते हैं। उनका यह भी कहना है कि पहले तो लोगों ने खिला दिया था, अब सबकी स्थिति कमजोर है। भूखे मरने से अच्छा है पहले ही अपने घर पहुंच जाएं।

### होली पर गए वापस नहीं आए, और भी जा रहे : दीपक मैनी

**उद्योगपति** दीपक मैनी कहते हैं कि लेबर के पलायन से उद्योगों पर भी असर पड़ेगा। काम बंद हो जाएंगे। क्योंकि होली के मौके पर गई लेबर अभी तक वापस नहीं आई है। अब बचे हुए भी वापस जा रहे हैं। ऐसे में उद्योग धंधे भी प्रभावित होंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### एसडीएम के आदेश पर नप अधिकारियों ने सैंपल लैब भेजे



**होडल।** होडल एसडीएम के आदेशों पर नगर परिषद अधिकारियों की टीम ने मंगलवार को चरण सिंह चौक से हसनपुर चौक तक बनने वाले मार्ग व गंदे पानी निकासी के लिए नेशनल हाइवे गौडोता चौक से उझीना ड्रैन तक बनाए एक नाले के सैंपल लिए। परिषद अधिकारियों की टीम ने सैंपलों को सील कर दो अलग-अलग लैब में जांच के लिए भेजे हैं। एक महीने में सैंपल की रिपोर्ट आने के बाद ही अधिकारी कुछ जबाव दे सकेंगे। होडल नगर परिषद के जेई राशिद ने बताया कि बेढा पट्टी निवासी धर्मबीर ने प्रशासनिक अधिकारियों की दी शिकायत में बताया कि चरण सिंह चौक से हसनपुर चौक और गंदे पानी की निकासी के लिए नेशनल हाइवे गौडोता चौक से उझीना ड्रैन तक बनने वाले नाले में घटिया सामग्री का प्रयोग किया गया है। उन्होंने बताया कि नगर परिषद एक्सियन ओमदत्त, जेई हर्ष के साथ परिषद की टीम ने मंगलवार को दो लैब श्रीराम और बालाजी द्वारा चरण सिंह चौक से हसनपुर चौक और हाइवे स्थित नाले के सैंपल लिए गए हैं। उन्होंने बताया कि सैंपलों को सील बंद कर लैब में जांच के लिए भेजा जा रहा है। जेई राशिद ने बताया कि दिसंबर 2019 में भी मार्ग व नाले के सैंपल लिए गए थे जिन्हें लैब द्वारा पास कर दिया था अब दोबारा से सैंपल लिए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि एक महीने के अंदर लैब की रिपोर्ट के आधार पर ही आगे की कार्रवाई अमल में लाइ जाएगी।

### सेक्टर-14 मार्केट की दुकान में देर रात लगी आग

**गुरुग्राम।** यहां सेक्टर-14 स्थित एक दुकान में सोमवार देर रात आग लग गई। इस आग में पूरी दुकान का सामान जलकर राख हो गया। एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। जानकारी के अनुसार सेक्टर-14 की मुख्य मार्केट में सोमवार रात करीब 10 बजे यहां रेडिमेड गारमेंट की दुकान में आग लग गई। दुकान बेसमेंट में भी है, लेकिन आग वहां पर पहुंच नहीं पाई। ग्राउंड फ्लोर पर आग में पूरे कपड़े जलकर राख हो गए। आग इतनी अधिक फैली कि देखने में लगा दर्जनभर दुकानों में आग लगी हो, लेकिन आग एक ही दुकान में लगी थी। फायर ऑफिसर इशम सिंह कश्यप ने बताया कि विभाग के कर्मचारियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। दुकान का सारा सामान जल गया। बता दें कि गुरुग्राम में तापमान बढ़ने के साथ आग की घटनाएं एकाएक बढ़ती जा रही हैं। शहर में इससे पहले सोहना चौक पर भी पांच मंजिला दुकान जलकर राख हो चुकी है। वहीं कई जगह झुगिगयों में भी आग लग चुकी है।

### अलग-अलग थाना क्षेत्र से चार मोटरसाइकिलें चोरी

**पलवल।** चोर अलग-अलग थाना क्षेत्र से चार बाइकों पर हाथ साफ कर गए। पुलिस ने पीड़ितों की शिकायतों पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस प्रवक्ता संजय काद्यान के अनुसार चोर गांव मोहना (फरीदाबाद) निवासी गजराज की बाइक को कैंप थाना क्षेत्र के अंतर्गत श्रीराम फाईनेंस के पास से, न्यू एक्सटेंशन कालोनी निवासी गौरव चौधरी की बाइक को अनाज मंडी से, पलवल के सैनी नगर निवासी मनीष गोयल की बाइक को शहर थाना क्षेत्र के अंतर्गत कॉलोनी से व इनायतपुर निवासी शाद की बाइक को हुडा सेक्टर-2 से चोरी कर ले गए। पुलिस ने पीड़ितों की शिकायतों के आधार मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

### नि:शुल्क कोरोना टीकाकरण शिविर आज

**होडल।** मोक्षधाम सेवा समिति एवं मानव अधिकारी मिशन के तत्वावधान में बुधवार को पुरानी जीटी रोड स्थित अग्रवाल भवन में प्रांगण में नि:शुल्क कोरोना टीकाकरण शिविर लगाकर 45 वर्ष की आयु से अधिक आयु के महिला-पुरुषों को नि:शुल्क कोरोना महामारी के टीके लगाए जाएंगे। यह जानकारी समिति के अध्यक्ष राजकपूर बंसल ने दी। उन्होंने बताया कि शिविर में कोरोना महामारी का टीका लगवाने वालों को समिति के ओर से उपहार भी वितरित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि इस शिविर में स्वास्थ्य विभाग की उनका पूरा सहयोग करेगी। उन्होंने 45 वर्ष से अधिक महिला-पुरुषों से अपील करते हुए कहा है कि वह इस शिविर में पहुंचकर इसका लाभ उठाएं और इस महामारी से अपने आप को सुरक्षित करें।

### मानेसर क्षेत्र में अतिक्रमण पर चलेगा नगर निगम का डंडा

**मानेसर (गुरुग्राम)।** नगर निगम मानेसर क्षेत्र में अतिक्रमण के खिलाफ जल्द ही कार्रवाई शुरू की जाएगी। इसके लिए निगमायुक्त मुनीष शर्मा द्वारा इनफोर्समेंट टीमों का गठन किया गया है। नगर निगम मानेसर के डीटीपी आरएस बाट ने मंगलवार को इनफोर्समेंट टीम के सदस्यों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की और उन्हें आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इनफोर्समेंट दल एक सप्ताह में नगर निगम मानेसर क्षेत्र में विशेष अभियान चलाकर सर्वे करें तथा अतिक्रमण करने वालों को नोटिस दें। अगर नोटिस के बावजूद अतिक्रमण नहीं हटाया जाता है, तो अगले एक सप्ताह में नगर निगम द्वारा अतिक्रमण को हटाने के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा। बैठक में एटीपी एवं डीएमसी सिद्धार्थ खंडेलवाल सहित इनफोर्समेंट टीम के सदस्य उपस्थित थे।

### नाबालिग को भगाने के आरोप में दंपति सहित तीन पर केस

**पलवल।** सदर थाना क्षेत्र से नाबालिग लड़की को बहलाकर भगा ले जाने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस ने लड़की की मां की शिकायत पर दंपति सहित तीन नामजद आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस जांच अधिकारी इमरोज के अनुसार एक पीड़िता ने शिकायत दर्ज कराई है कि उसकी 16 वर्षीय बेटी को गांव लिखी निवासी राहुल गत 30 मार्च को बहला-फुसलाकर अपने साथ भगा ले गया।

# दुर्घटनाओं में दसवीं कक्षा के छात्र की मौत

पायनियर समाचार सेवा। पलवल

**अलग-अलग** थाना क्षेत्र के अंतर्गत हुई सड़क दुर्घटनाओं में दसवीं कक्षा के छात्र व बाइक सवार व्यक्ति की मौत हो गई। जबकि दो छात्र घायल हो गए। पुलिस ने पीड़ित परिजनों की शिकायतों पर अज्ञात वाहन चालकों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस प्रवक्ता संजय काद्यान के अनुसार यूपी के जिला फिरोजाबाद के गांव नंगला मिरजा बढ़ा निवासी सतेंद्र कुमार ने मुंडकटी थाना पुलिस को शिकायत दर्ज कराई है कि 35 वर्षीय भाई जितेंद्र बल्लभगढ़ स्थित स्टड़ कंपनी में काम करता था। 11 अप्रैल की रात को जितेंद्र कंपनी से बाइक से घर आ रहा था। हाईवे पर गांव बंचारी के समीप किसी अज्ञात वाहन ने जितेंद्र की बाइक को टक्कर मार दी। जिससे जितेंद्र की मौत हो गई। इसी प्रकार गांव मिंडकोला निवासी भागीरथ ने सदर थाना पुलिस को शिकायत दर्ज कराई है कि भतीजे विशाल कक्षा दसवीं, विनेश कक्षा 9वीं और शैलेश कक्षा 11वीं गांव कारना स्थित सेंट एंथनी स्कूल में पढ़ते थे।

पीड़ित 12 अप्रैल को अपनी स्कार्पियो कार से बच्चों को स्कूल से छुट्टी होने के बाद घर लेने के लिए गया था। पीड़ित जब घर के लिए चला तो बच्चों ने लघुशंका की आशंका जाहिर की। पीड़ित ने कार को साइड में रोककर तीनों बच्चे कार से उतरकर लघुशंका के लिए जाने लगे उसी दौरान पलवल की तरफ से आई तेज रफ्तार वेगनआर कार ने बच्चों को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से विशाल की मौत हो गई और विनेश और शैलेश घायल हो गए। पुलिस ने पीड़ितों की शिकायतों के आधार पर अज्ञात वाहन चालकों के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

## रविवार को ध्वज यात्रा के साथ निकाली जाएगी श्याम बाबा की पालकी

**होडल।** एकादशी निशान यात्रा पलवल के सानिध्य में श्रीखाटू श्याम के दिवाने मंडल की ओर से आगामी 18 अप्रैल रविवार को शहर में से ढोल-नगाडों के साथ ध्वज यात्रा व श्याम बाबा की भव्य पालकी निकाली जाएगी। यह निर्णय मंडल के सदस्यों ने मंगलवार को गढिया बाजार में हुई बैठक के दौरान सर्व सम्मति से लिया। मंडल के प्रधान सुनील गोयल ने जानकारी में बताया कि रविवार को शहर के एतिहासिक पथवारी मंदिर से दोपहर तीन बजे के बाद श्याम बाबा की पालकी व ध्वज यात्रा का शुभारंभ किया जाएगा। उन्होंने बताया कि श्याम प्रेमियों की यह पदयात्रा पथवारी मंदिर से शुरू होकर जगजीवन राम चौक, पुरानी जीटी रोड, राजीव गांधी चौक, अग्रवाल कालोनी, रेलवे रोड व गांव भुलवाना होते हुए चमेलीवन धाम में पहुंचेगी। उन्होंने बताया कि बाबा की पालकी को पलवल निशान यात्रा मंडल द्वारा सजाया जाएगा।

# दूसरी लहर में अधिक आ रहे हैं कोरोना के केस : उपायुक्त

## निजी कंपनियों ने कोरोना से बचाव को प्रशासन को सौंपा सामान

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



गुरुग्राम में उपायुक्त को सामान की डमी सौंपते कंपनियों के अधिकारी।

**कोरोना** वैक्सीन इको सिस्टम को मजबूत करने के उद्देश्य से मंगलवार को तीन निजी कंपनियों नामत: युनाइटेड-वे दिल्ली, एमवे इंडिया तथा इनोवैन कैपिटल द्वारा जिला प्रशासन को सीएसआर के तहत आवश्यक सामान उपलब्ध करवाया। जिला प्रशासन की ओर से उपायुक्त डॉ. यश गर्ग ने सामान की डमी रिसिव की।

इस अवसर पर सिविल सर्जन डा. विरेंद्र यादव, युनाइटेड वे दिल्ली से बोर्ड चेयरमैन कपिल कुमरिया, एमवे इंडिया सीएसआर से मैनेजर राज नरेन तथा इनोवेन कैपिटल से सीईओ आशीष उपस्थित थे।

उपायुक्त डा. यश गर्ग ने कहा कि दूसरी लहर में संक्रमण के मामले अपेक्षाकृत अधिक आ रहे हैं। ऐसे में जरूरी है कि निजी कंपनियां जिला प्रशासन का सहयोग करें, ताकि कोरोना की वैक्सीन इको सिस्टम सहित आमजन की सुविधा के लिए आवश्यक कदम उठाए जा सकें। उन्होंने कहा कि गुरुग्राम एक समृद्ध जिला है, जहां कारपोरेट और निजी कंपनियों की भरमार है। ऐसे में जिला की अन्य कंपनियों को भी आगे आकर अपना सहयोग देना चाहिए। इन तीनों कंपनियों के प्रतिनिधियों द्वारा जिला प्रशासन को रेफ्रिजरेटर, वैक्सीन कैरियर बॉक्स, सीरींजिज, लैपटॉप, प्रिंटर, डैस्कटॉप, हैंड सैनिटाइजर, सैवलोन व डिटोल किट, एन-95 मास्क, ट्रिपल लेयर मास्क, डीप फ्रीजर आदि सामान उपलब्ध करवाया गया है।

# बैसाखी पर पगड़ियां बांध धरने पर बैठीं महिलाएं और पुरुष

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



गुरुग्राम में राजीव चौक के पास तीन अध्यादेश के विरोध में धरने पर बैठे लोग।

**किसानों** की मांगों के समर्थन में अनिश्चितकालीन धरने के 139वें दिन किसान, मजदूर और गुरुग्राम के विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रमुख व्यक्ति धरने पर पहुंचे।

संयुक्त किसान मोर्चा गुरुग्राम के अध्यक्ष संतोख सिंह ने कहा कि मंगलवार को बैसाखी के पावन पर्व पर किसान अपने सिर पर पगड़ियां बांधकर धरने पर बैठे। उन्होंने धरने को संबोधित करते हुए कहा कि बैसाखी किसानों के सबसे लोकप्रिय त्योहारों में से एक है। ये फसल के मौसम की शुरुआत का प्रतीक है, इसलिए ये त्योहार रबी फसलों खास कर गेहूं की फसल की कटाई का भी प्रतीक है। उन्होंने कहा कि सरकार अहंकार त्यागकर किसानों की मांगों को मानें ताकि किसान खेतों में जाकर अपनी फसल काट सकें। किसान ईश्वर सिंह ने कहा कि खेतों में फसल पककर तैयार खड़ी है। इसलिए सरकार को किसानों से बातचीत करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि बातचीत से ही समस्या का समाधान हो सकता है। धरने पर बैठने वालों में अनिल पंवार, जयप्रकाश रेहडू, ईश्वर सिंह पातली, नवनीत रोजखेडा, सवनीत कौर, ऊषा सरोहा, रविंद्र माथुर, मनोज श्योराण, गीता गौरैया, मनोज झाड़सा, बलवान सिंह दहिया, योगेन्द्र सिंह समसपुर, एसएल प्रजापति, तनवीर अहमद, सतीश कुमार कादीपुर, आरसी हुड्डा, पंजाब सिंह, कमलजीत सिंह, धर्मबीर परवाल, मुकेश डागर, कामरेड सरवन कुमार आदि शामिल रहे।

# धोखाधड़ी कर तीन लोगों से ठगे 2 लाख 92 हजार रुपये

**पलवल।** अलग-अलग थाना क्षेत्र के अंतर्गत धोखाधड़ी कर तीन लोगों के खाते से 2 लाख 92 हजार 900 रुपये निकाल गए। पुलिस ने पीड़ितों की शिकायतों दो मामलों में अज्ञात व एक मामलें में बैंक मैनेजर के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पलवल के शिवपुरी मोहल्ला निवासी राधेश्याम ने शहर थाना पुलिस को शिकायत दर्ज कराई है कि उसका बचत खाता एसबीआई बैंक पलवल शाखा में है जिसमें पीड़ित की पेंशन आती है। पीड़ित का आरोप है कि बैंक की मिलीभगत से उसके खाते से रुपये निकल गए। शिकायत पीड़ित ने 19 दिसंबर 2019 को बैंक मैनेजर को दी। बैंक मैनेजर ने आश्वासन दिया कि आज के बाद कोई पैसा नहीं निकलेगा, लेकिन फिर भी पीड़ित के खाते से 2 लाख 61 हजार 900 रुपये निकाल लिए। कृष्णा कॉलोनी निवासी पिंकी ने कैंप थाना पुलिस को बताया कि 11 अप्रैल को वह एटीएम से रुपये निकाल रही थी। उसी दौरान एक युवक आया और कहा कि एटीएम कार्ड ऐसे नहीं लगाते और पीड़िता का कार्ड बदल लिया। जिसके बाद पीड़िता के खाते से 12500 रुपये निकाल लिए। राम नगर कृष्णा कॉलोनी निवासी गुरुदत्त ने बताया कि 12 अप्रैल को वह रेलवे रोड स्थित एटीएम से रुपये निकाल रहा था। उसी दौरान तीन युवक आए और एटीएम कार्ड सीधा लगाने बात कहकर कार्ड बदल लिया। जिसके बाद पीड़ित के खाते से 18500 रुपये निकाल लिए।

# समाज का हर व्यक्ति अपनी जिम्मेदारी निभाए : डॉ. यश गर्ग

## उपायुक्त ने कोविड-19 जागरुकता रथ को दिखाई झंडी

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



गुरुग्राम में कोरोना महामारी के लिए जागरुकता रथ को झंडी दिखाकर रवाना करते उपायुक्त डॉ. यश गर्ग।

**यदि** समाज में रहने वाला हर नागरिक अपनी जिम्मेदारी खुद सम्भालें तो बड़ी से बड़ी समस्या को हल कर सकते है। यह बात जिला उपायुक्त डा. यश गर्ग ने लघु सचिवालय में जिला प्रशासन एवं रेडक्रास सोसायटी द्वारा हरियाणा राज्य शाखा चंडीगढ़ के निर्देश पर शुरू किए गए कोविड-19 जागरुकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते हुए व्यक्त किए।

उन्होंने कहा कि हम सभी का दायित्व बनता है कि हम कोविड-19 महामारी की रोकथाम के लिए जागरूक रहे, जिसके लिए प्रथम कार्य मास्क लगा कर प्रोटेक्ट करना है। सैनिटाईजर से हाथ साफ कर बीमारी से बचना है। दो गज की दूरी बनाकर संक्रमण से बचना है। उन्होंने कहा कि रेडक्रास सोसायटी द्वारा संचालित यह जागरुकता रथ जिले के 100 से अधिक गांव में, शहरी क्षेत्र में, सभी उपमण्डल में जाकर लगभग 15 दिन लगातार प्रचार-प्रसार करेंगा। उन्होंने कहा कि इस जागरुकता रथ के साथ पांच सदस्यीय टीम रेडक्रॉस सोसायटी एवं टीआई प्रोजेक्ट की बनाई गई है।

इसके साथ-साथ विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों द्वारा जागरुकता रथ के माध्यम से प्रचार-प्रसार किया जाएगा, जिससे अधिक से अधिक लोगो को जागरुकता रथ द्वारा ऑडियो, वीडियो विजुअल के माध्यम से कोरोना से बचाव के लिए जागरूक किया जा सके। रेडक्रॉस सचिव श्याम सुन्दर के नेतृत्व में पांच सदसीय टीम में शामिल प्रोजेक्ट मैनेजर रजनी कटारिया, काउंसलर-सीमा सिंह, लेखाकार-कोमल गुप्ता, आउटरिच वर्कर-सुषमा और विनिता को शामिल किया गया है जो विभिन्न स्थानों पर जाकर लोगों को जागरूक करेंगे।

रेडक्रास सोसायटी एवं जिला कल्याण समिति के सांझा प्रयास से जिले के पांच लाख से अधिक लोगों को प्रथम चरण में विभिन्न माध्यम से जागरूक किया जाएगा। इस अवसर पर रेडक्रॉस सचिव श्याम सुन्दर, आजीवन सदस्य रश्मि चैकसे, आकांक्षा और कुणाल सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# गुरुग्राम शहर में फिर से शुरू किया जाएगा सेनिटाइजेशन

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

## बिना वजह भीड़ वाली जगहों और बाजारों में न जाएं

## कोरोना से बचाव को टीकाकरण अवश्य कराएं

**नगर** निगम गुरुग्राम द्वारा कोरोना महामारी के बढ़ते प्रकोप की रोकथाम के लिए शहर में एक बार फिर से सेनिटाईजेशन शुरू किया जाएगा। तैयार किए गए शेड्यूल के तहत नगर निगम की टीमें विभिन्न कांडोमिनियम, सेक्टरों एवं कॉलोनियों में निर्धारित समय के अनुसार दौरा करते हुए सेनिटाईजेशन के साथ-साथ फॉगिंग एवं एंटी लार्वा गतिविधियां करेंगी। इस बारे में जानकारी देते हुए नगर निगम गुरुग्राम के आयुक्त विनय प्रताप सिंह ने बताया कि प्रथम चरण में गुरुग्राम के कंटेनमेंट जोनों में सेनिटाईजेशन की शुरुआत करने का शेड्यूल तैयार किया गया है।

यह विशेष सेनिटाइजेशन गतिविधि बुधवार और गुरुवार को कंटेनमेंट जोनों में की जाएगी। उन्होंने बताया कि तैयार शेड्यूल के अनुसार बुधवार व वीरवार को गुरुग्राम के 91 क्षेत्रों को सेनिटाइज करने के लिए विशेष अभियान चलेगा। इसके लिए अलग-अलग टीम लीडरों को जिम्मेदारी दी गई है। इसके बाद अगले चरण में गुरुग्राम की सभी कांडोमिनियम, सेक्टर और कॉलोनियों में सेनिटाईजेशन एवं फॉगिंग का कार्य शेड्यूल अनुसार किया जाएगा।

निगमायुक्त ने गुरुग्राम के नागरिकों से आह्वान किया कि वे सरकार द्वारा जारी हिदायतों एवं दिशा-निर्देशों का पालन करें। घर से बाहर निकलते समय मास्क अवश्य लगाएं तथा एक-दूसरे के बीच सामाजिक दूरी का पालन करें। अपने हाथों को साबुन या सेनिटाईजर से साफ करते रहें। बिना वजह भीड़ वाली जगहों एवं बाजारों में न जाएं। सरकार द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के तहत कोरोना से बचाव के लिए टीकाकरण अवश्य करवाएं। हरियाणा सरकार द्वारा जारी किए गए नाईट कर्फ्यू आदेशों का पालन करें।

# बीजेपी प्रत्याशी अमित चौधरी को विजयी बनाएं : सुरेंद्र नागर

पायनियर समाचार सेवा। ग्रेटर नोएडा



गौत्तमबुद्ध नगर के गांवों में बीजेपी प्रत्याशी के समर्थन में प्रचार करते राज्यसभा सांसद सुरेंद्र सिंह नागर।

## अमित चौधरी इस जीत के साथ जिला प्रमुख बनने के प्रबल दावेदार भी हो जाएंगे

**जिला** पंचायत के चुनाव में हवा के रुख की तरह नोएडा से राज्यसभा सांसद सुरेंद्र सिंह नागर ने एक तरह से वोटरों का रुख भी बदल दिया। अपने तूफानी चुनाव प्रचार के दौरे के दौरान उन्होंने वोटरों को बीजेपी की नीतियों के बारे में अवगत कराकर बीजेपी प्रत्याशी के पक्ष में मतदान की अपील की।

राज्यसभा सांसद सुरेंद्र नागर ने वार्ड-5 क्षेत्र के कई गांवों का भी दौरा किया। इस दौरान उन्होंने बीजेपी प्रत्याशी अमित चौधरी को विजयी बनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने हमेशा हर वर्ग को साथ लेकर काम किया है। आज भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश में और योगी आदित्यनाथ उत्तर प्रदेश में जनता की सेवा में जुटे हैं। उन्होंने लोगों को कोरोना महामारी से बचाव करते हुए चुनाव में भाग लेने की अपील की। बीजेपी प्रत्याशी अमित चौधरी ने दावा किया कि वार्ड-5 से अभी तक त्रिंशुक मुकाबला माना जा रहा था, सांसद सुरेंद्र सिंह नागर के दौरे के साथ मतदाताओं का रुख भी बदल गया है। सुरेंद्र सिंह नागर ने बीजेपी प्रत्याशी अमित चौधरी के पक्ष में लोगों से वोट देने की अपील की। गुर्जर बिरादरी के साथ-साथ राजपूत समाज ने भी अमित चौधरी को जिताने को पूरा समर्थन दिया है। गांव-गांव उनका स्वागत किया जा रहा है। सांसद ने खासतौर से बाहुल दो गांव झुप्पा और छतांगा का दौरा किया। जेवर विधानसभा से युवा नेता मंजीत सिंह ने कहा कि अमित चौधरी इस जीत के साथ जिला प्रमुख बनने के प्रबल दावेदार भी हो जाएंगे। यह पहला ऐसा मौका होगा, जब गौत्तमबुद्ध नगर से भाजपा का जिला अध्यक्ष बनेगा। इस दौरे में उनके साथ बीजेपी के कई पदाधिकारी मौजूद रहे, जिनमें मुख्यरूप से पूर्व मंत्री हरिचंद भाटी, जेवर विधानसभा से युवा नेता मंजीत सिंह, चंद्रमणि भारद्वाज, सुरेश चंद शर्मा, संजय रावत समेत काफी लोग मौजूद थे। गुर्जर बिरादरी के अलावा अमित चौधरी को सर्व समाज का पुरजोर समर्थन मिलने का दावा किया जा रहा है। वे इस समय गांव-गांव जाकर तूफानी दौरा कर रहे हैं।

## बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर के विचारों से देश आगे बढ़ रहा है : मूलचंद शर्मा

### मंत्री ने डॉ. अंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर बाबा साहेब को श्रद्धांजलि अर्पित की

दीपक कुमार। नूंह

**नूंह** की पटेल वाटिका में मंगलवार को बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती को लेकर जिला स्तरीय कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि हरियाणा के परिवहन एवं खनन मंत्री मूलचंद शर्मा ने शिरकत की। मुख्य अतिथि ने देश के संविधान निर्माता डॉ अंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर बाबा साहेब को श्रद्धांजलि अर्पित की।

मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा कि संविधान निर्माता डॉ. साहब का जन्मदिन भारतीय जनता पार्टी धूमधाम से मना रही है। भारतीय संविधान का निर्माण कर अंबेडकर ने देश को नई दिशा देने का काम किया था। आज बाबा साहेब के उन्हीं के विचारों से देश आगे बढ़ रहा है। डॉ. बीआर अंबेडकर एक समाज सुधारक के साथ-साथ एक बड़े अर्थशास्त्री थे। बाबा साहब ने अंतिम पंक्ति के व्यक्तियों के जीवन को सुधारने के लिए कार्य किए। वहीं परिवहन मंत्री ने लोगों को आश्वासन दिया कि यहां पर डॉ. भीमराव अंबेडकर भवन व पार्क का निर्माण किया जाएगा। परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ही एक ऐसी पार्टी है जो अंतिम व्यक्ति के विकास की बात करती है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश को बुलंदियों पर ले जाने के लिए कार्य किए हैं। वहीं मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में भी प्रदेश में अंतिम पंक्ति के व्यक्ति के जीवन को सुधारने के लिए प्रयास कर रही है। परिवहन मंत्री ने कहा कि आज मेवात में उन्हें जो सम्मान मिला है उसके लिए वो मेवात की आवाम का आभारी रहेंगे।


परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा डॉ. भीम राव अंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करते हुए।


लोगों को संबोधित करते परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा।

मुख्यमंत्री मनोहर लाल मेवात के विकास को लेकर काफी प्रयास कर रहे हैं। आज मेवात को शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाएं देने के लिए सरकार नई नई योजनाएं बना कर लागू कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में जहां जरूरत पड़ेगी वहीं रोडवेज की बसें चलाई जाएगी। रोडवेज बस गरीब का जहाज है। नूंह जिले को जल्द ही वोल्वो एसी बस मुहैया कराई जाएगी।

उन्होंने कहा कि नूंह जिले में ड्राइविंग स्कूल को जल्द ही शुरू कर दिया जाएगा। परिवहन मंत्री ने कहा कि हरियाणा में बढ़ते कोरोना संक्रमण को देखते हुए पूरे हरियाणा प्रदेश नाइट कर्फ्यू के आदेश जारी किए गए हैं। आमजन बिना काम के अपने घरों से बाहर न निकले अगर निकले को मास्क का प्रयोग अवश्य करें।

कार्यक्रम में मंत्री ने होनहार बच्चों को भी सम्मानित किया। मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष नरेंद्र पटेल, पूर्व चौधरी विधायक जाकिर हुसैन, पूर्व विधायक नसीम अहमद, नौक्षम चौधरी, पूर्व हज कमेटी के चेयरमैन औरंगजेब, एमडीए के पूर्व चेयरमैन खुर्शीद राजाका, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य जाहिद हुसैन, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष सुरेंद्र, एससी मोर्चा जिलाध्यक्ष गंगादान, पूर्व एससी मोर्चा जिलाध्यक्ष योगेश तंवर, जिला मीडिया प्रभारी मनीष जैन, भाजपा नेता डॉ महेंद्र गर्ग, शिवकुमार आर्य, जसवंत गोयल, रहीस अलावलपुर, रमेश मनुवास, बीरपाल कालियाका, आलम मुंडल, कुलदीप चौहान, कमल गोयल, सुमित अदलखा अन्य मौजूद रहे।

## नपा में फर्जी आईडी दिखा बेच दी लाखों की जमीन

### रेवेन्यू रिकार्ड में मालिक नहीं, फिर भी किया गया जमीन का सौदा

पायनियर समाचार सेवा। तावडू

**नगर** में लाखों की जमीन का फर्जी रिकार्ड तैयार कर बेचने का मामला सामने आया है। आरोप है कि जमीन के फर्जी मालिक बन आरोपितों ने उसे नगर पालिका में दर्शा दिया। इतना ही नहीं जमीन का स्टेटस भी बदल दिया गया। आरोप है कि जमीन का फर्जी प्रॉपर्टी आईडी दिखा कर उसे लाखों में बेच दिया गया।

मामला उस समय सामने आया, जब जमीन के अन्य हिस्सेदारों को कब्जा खाली करने की धमकी दी गई। मामले की शिकायत तावडू सिटी थाने सहित पुलिस के आला अधिकारियों व डीसी को दी गई है। हालांकि अभी तक मामले में कोई केस दर्ज नहीं किया गया है। पुलिस का कहना है कि मामला जांच का बनता है। वहीं पीड़ित परिवार मंगलवार को डीसी से भी मिले हैं। जहां से मामले की जांच के आदेश किए गए हैं। पूरे प्रकरण में यह बात साफ है कि नगर पालिका में फर्जी प्रॉपर्टी आईडी की आड़ में बिना जांच पड़ताल के जमीन का स्टेटस चेंज किया जा रहा है। जिसमें नपा के कुछ अधिकारियों की मिलीभगत से इंकार नहीं किया जा सकता। वहीं दूसरी ओर नगर पालिका के अधिकारियों का रवैया मामले को और भी संदिग्ध बना रहा है। नपा अधिकारियों का कहना है कि नगर पालिका में प्रॉपर्टी को चढ़ाने से पहले रेवेन्यू रिकार्ड देखने की जरूरत नहीं होती। तावडू निवासी कविता पत्नी योगेश ने एसपी को दी शिकायत में बताया कि उनके बुजुर्गों को कुछ जमीन दान में मिली थी। जिस पर वे दोहलीदार की हैसियत से कब्जे में चले आ रहे थे। रेवेन्यू रिकार्ड के मुताबिक उन्हें वे उनके हिस्सेदारों को इस जमीन को प्रयोग करने का अधिकार था, बेचने का अधिकार नहीं था। पीड़ित का आरोप है कि उनके अन्य हिस्सेदारों ने इस जमीन को फर्जी प्रॉपर्टी आईडी पर नगर पालिका तावडू में दिखा कर किसी प्रॉपर्टी डीलर को बेच दिया। जिसमें पूरी तरह से नगर पालिका कर्मचारी व प्रॉपर्टी डीलरों का भी षड्यंत्र है। शिकायतकर्ता का आरोप है कि उन्हें इस षड्यंत्र का उस समय पता लगा जब सात अप्रैल को आरोपितों ने उनके घर जाकर झगड़ा किया और जबरन जमीन खाली कराने की कोशिश की। शिकायतकर्ता ने मामले में रवि, कृष्ण, पूनम, सुनीता, संजय उर्फ बबली, रीना, जगवती, अजीत, अजय, ज्ञान सिंह नंबरदार आदि सहित नपा सचिव सुनील रंगा और तहसीलदार शालीनी लाठर के खिलाफ शिकायत दी है। मामले में नपा सचिव सुनील रंगा ने कहा कि जमीन को नपा में दर्ज करने से पहले रेवेन्यू रिकार्ड देखना जरूरी नहीं है। यह काम तहसीलदार का है।


जिला उपायुक्त को शिकायत सौंपने के बाद बाहर आते पीड़ित शिकायतकर्ता।

## नकल रहित परीक्षा के लिए शिक्षा अधिकारियों की बैठक

**नूंह।** सभी शिक्षा अधिकारियों का मुख्य उद्देश्य नकल रहित परीक्षा होना चाहिए। नकल से किसी का भला नहीं होता बल्कि इससे पूरे समाज को नुकसान होता है। साफ-सुथरी परीक्षा कराने के लिए जिला प्रशासन पूरी सख्ती करेगा।

यह बात उपायुक्त धीरेन्द्र खड़गटा ने मंगलवार को स्थानीय सभागार में हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी की ओर से आयोजित एक बैठक में कही। इस मौके पर बोर्ड के वाइस चेयरमैन वीपी यादव और सचिव राजीव प्रसाद भी मौजूद थे। उपायुक्त ने कहा कि इस कार्य के लिए शिक्षा विभाग पंचायत स्तर तक सहायता ले तथा यह सुनिश्चित करें कि किसी भी केंद्र पर नकल न हो।

## पत्थरों से भरे ट्रक ने कार और बाइक को मारी टक्कर, एक घायल

पायनियर समाचार सेवा। तावडू

**उपमंडल** के अंतर्गत भिवाड़ी रोड पर अवैध खनन कर पत्थरों को ट्रक में भरकर ले जा रहे चालक द्वारा एक कार और बाइक पर ट्रक चढ़ाकर जानलेवा हमला करने का मामला सामने आया है। इस हमले में कार में सवार एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जबकि ट्रक की चपेट में आई कार और बाइक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। ट्रक चालक ट्रक में भरे हुए पत्थरों को सड़क पर फेंक कर फरार हो गया। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर नामजद ट्रक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।


रात के समय में सड़क पर फेंके गए पत्थर।

अब्दुल हमीद निवासी सुनारी थाना तावडू ने बताया कि सोमवार शाम छह बजे के करीब वह अपने साले के लड़के और अपने पोते अयाज के साथ कार से तावडू आ रहा था। हमीद ने बताया कि जब वह गांव से निकल रहे थे, उन्होंने देखा कि मुकीम निवासी पचगांव ट्रक में पत्थर भरकर तावडू की तरफ से आ रहा था। मुकीम के साथ ट्रक के केबिन में दो अन्य लड़के भी बैठे हुए थे। हमीद का आरोप है कि मुकीम अवैध खनन कर पत्थर चोरी का काम करता है और सोमवार को भी उनके ट्रक में चोरी के पत्थर भरे हुए थे।

उन्हें देखते ही मुकीम ने गाड़ी को वापस तावडू की ओर मोड़ लिया और उन्हें आवाज देकर कहा कि तुम हमारी गाड़ी की मुखबिरी करते हो मैं आपको नहीं छोडूंगा। यह कहते ही मुकीम ने अपनी गाड़ी बैक करते हुए और जान से मारने के इरादे से ट्रक को कार के ऊपर चढ़ा दिया। जिसमें उसने और उनके रिश्तेदार ने कार से कूदकर किसी तरह जान बचाई, लेकिन उनका पोता अयाज गाड़ी में रह गया जो ट्रक की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर शोर-शराबा होने के कारण काफी भीड़ एकत्रित हो गई। मुकीम ट्रक को लेकर तावडू की तरफ भागने लगा।

## तेज रफ्तार ऑटो की चपेट में आने से व्यक्ति घायल

**तावडू।** उपमंडल के अंतर्गत तावडू-भिवाड़ी रोड पर खोरी कला के नजदीक ऑटो की टक्कर लगने से एक व्यक्ति के घायल होने का मामला सामने आया है। पुलिस ने अज्ञात ऑटो चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पंकज यादव निवासी पढ़ेनी थाना तावडू जिला नूंह ने बताया कि 10 अप्रैल को वह अपने पुत्र के साथ स्विफ्ट कार द्वारा निजी काम से भिवाड़ी जा रहा था। उन्होंने बताया कि जब वह दिन के समय करीब एक बजे जब गांव खोरी कला में खुशहाल फार्म के नजदीक पहुंचा तो अपने बेटे को पेशाब कराने के लिए गाड़ी सड़क के एक ओर साइड में कर रोक दी। पेशाब करने के बाद जब अपने बेटे को गाड़ी में बिठा रहा था तभी खोरी की तरफ से बड़ी तेज गति और लापरवाही से एक ऑटो आया जिसने उन्हें सीधी टक्कर मार दी। टक्कर लगने से उन्हें पेट में चोट आई। ऑटो में बैठी सवारियां भी चोट लगने से घायल हो गई। थोड़ी देर बाद ऑटो चालक ऑटो सहित मौके से फरार हो गया।

## कोरोना की रोकथाम को एसडीएम ने दिए संबंधित विभागों को दिशा-निर्देश

ललित गर्ग। पुन्हाना

**पुन्हाना** उपमण्डल अधिकारी(ना.) रणवीर सिंह ने कोरोना संक्रमण की रोकथाम के लिए स्वास्थ्य, खण्ड विकास एवं पंचायत अधिकारी, बिजली विभाग, नायब तहसीलदार, थाना पुन्हाना प्रभारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक कर सरकार के दिशा निर्देशों की पालना के सम्बंध में विस्तारपूर्वक चर्चा की।

उपमण्डल अधिकारी (ना.) रणवीर सिंह ने स्वास्थ्य विभाग अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि घोषित कन्टेनमेंट एवं बफर जॉन में वैक्सीनेशन व सैंपलिंग कार्य लगातार जारी रखे। साथ ही नियमित दौरा करके ऐसे क्षेत्रो की निगरानी रखे। इस दौरान उन्होंने पुलिस प्रशासन से कोरोना रोकथाम के लिए सरकार के जारी गाइडलाइन व निर्देशो की जनता से पालना कराने के लिए निर्देश देते हुए आमजन को मास्क प्रयोग नही करने वालो के चालान करने की बात कही। खण्ड विकास एवं पंचायत अधिकारी पुनहाना-पिनगवां व नगरपालिका पुन्हाना प्रशासन को निषेधाज्ञा के आदेशो के सम्बन्ध में मुनादी कराने तथा आदेशो की पालना सुनिश्चित करने तथा कन्टेनमेन्ट/ बफर जोन व इसके आप-पास के क्षेत्र को सैनीटाईजर कराने के निर्देश दिये।


मीटिंग लेते उपमण्डल अधिकारी।

बैठक में प्रवर चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजय, नायब तहसीलदार कंवरपाल,

खण्ड विकास एवं पंचायत अधिकारी दिगम्बर सिंह, एसडीओ हर्ष गुप्ता, एसएचओ संतोष कुमार इत्यादि सहित कई विभागों के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

### पायनियर पाठकों के लिए

यदि आपको अखबार की प्रति मिलने में कठिनाई आ रही है,तो आप निम्न पते से प्राप्त कर सकते हैं

- तरुण सतीजा दुकान नंबर 3689 निकट काबली गुरुद्वारा एसजीएम नगर 7701965422
- विनोद कुमार, ओल्ड रेड लाइट
- आनंद,एनआईटी 4-5 चौक 9818848494
- कामरेड,बल्लभगढ़ रेड लाइट
- मदनलाल, अंबेडकर चौक बल्लभगढ़ 9811477204
- पाहुजा,पलवल मीनार गेट
- त्रिलोक,फोर्टिस हॉस्पिटल, नीलम चौक
- हितेश सेक्टर 29, 9910533103




**यहाँ बेचारी ये जनता सदा मजबूर रहती है**
**व्यवस्था से कहें कैसे कि वो मग़रूर रहती है**
**मग़र इतना तो अपनी भी समझ में आ गया आख़िर**
**महामारी चुनावी रैलियों से दूर रहती है**

## नगर पालिका में पशु पेंठ ठेका हुआ रद्द

### कोरोना महामारी की वजह से सिर्फ एक व्यापारी ने अग्रिम राशि जमा कराई जबकि किसी दूसरे व्यापारी ने राशि जमा नहीं कराई

सेनायत खां। फिरोजपुर झिरका

**हर** वर्ष की तरह इस वर्ष भी नगर पालिका फिरोजपुर झिरका में पशु पेंठ ठेका की बोली के लिए व्यापारियों को आमंत्रण दिया गया, लेकिन कोरोना महामारी की वजह से एक व्यापारी ने अग्रिम राशि जमा करा दी। जबकि किसी दूसरे व्यापारी ने अग्रिम राशि जमा नहीं कराई।

आपको बताते चलें कि पिछली साल पशु पेंठ का ठेका दो करोड़, पचास लाख रुपये का ठेका गुलाब चंद पुत्र घमंडी लाल निवासी कठूमर राजस्थान ने लिया था, लेकिन इस बार व्यापारी गुलाबचंद ने बताया कि पिछले साल के ठेके में उन्हें एक करोड़ रुपये का पूरा नुकसान हुआ। किसी कारण उन्होंने अबकी बार बोली लगाने के लिए अग्रिम राशि जमा नहीं कराई। वहीं जब इस बारे में एडीसी सुमिता ढाका से बात की गई उन्होंने कहा कि एक ही व्यापारी ने अग्रिम राशि जमा कराई है किसी दूसरे व्यापारी ने राशि न जमा कराने के कारण आज का ठेका रद्द किया गया वही अगली तारीख 22 अप्रैल को बोली लगाने की निश्चित की है।


नगर पालिका में बैठक लेतीं एडीसी सुमिता ढाका।

### डंपिंग यार्ड का नहीं निकला कोई हल

**डंपिंग** यार्ड के बारे में जब एडीसी सुमिता ढाका से डंपिंग यार्ड स्टेशन के बारे में पत्रकारों ने सवाल पूछे एडीसी सुमिता ढाका चुप्पी साध गई डंपिंग यार्ड के मामले को लेकर कोई नहीं दिलचस्पी दिखाई।

## युवक का अपहरण कर चार लाख की फिरौती मांगने का आरोप

**तावडू।** नगर के नूंह रोड बाईपास से एक युवक का अपहरण कर 4 लाख रुपये की फिरौती मांगने का मामला सामने आया है। तावडू शहर पुलिस ने इस मामले में दो नामजद आरोपियों सहित कई अन्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आमिर निवासी अमलाकी तहसील तिजारा जिला अलवर राजस्थान ने बताया कि छह अप्रैल को वह मोटरसाइकिल से तावडू मार्केट में घरेलू सामान लेने हुए आया था। सामान खरीदने के बाद शाम पांच बजे के करीब वह नूंह रोड बाईपास पर गन्ने की रेहडी पर गन्ने का जूस पी रहा था। तभी सैकुल निवासी भूड़पुर थाना उटावड़ जिला पलवल, बल्ली निवासी ग्वारका तहसील तावडू और अन्य व्यक्ति एक शिफ्ट डिजायर गाड़ी में जबरन उसे ले गए। इनमें से एक व्यक्ति उनकी बाइक को ले गया। आरोप है कि इस दौरान उसके साथ मारपीट करते हुए उसका मोबाइल छीन लिया।

## संक्षिप्त समाचार


देवी मंदिर में नवरात्र पर पूजा-अर्चना करते भक्तगण।

### भगोड़े सरेंडर करें नहीं तो सम्पति होगी कुर्क



**मेवात।** पुलिस अधीक्षक नूंह की उद्घोषित अपराधियों और जमानत तर्क ( बेल जम्पर) अपराधियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करने का मन बना लिया है। उद्घोषित अपराधियों अपराधियों की कानूनी प्रक्रिया के तहत जल्द ही सम्पति कुर्क की जाएगी। पुलिस अधीक्षक नूंह के दिशा -निर्देशानुसार जिला भर में ऐसे अपराधियों की गिरफ्तारी के संबन्ध में विशेष अभियान चलाया हुआ है। इसी कड़ी में काफी समय से फरार अपराधियों जमानत तर्क अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुये पुलिस द्वारा कानूनी प्रक्रिया के तहत अब जल्द ही उनकी संपत्ति को नीलाम किया जाएगा। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पुलिस अधीक्षक नूंह ने अपराधियों को सख्त चेतावनी देते हुये कहा है कि या तो वो खुद ही पुलिस के सम्मुख आकर आत्म-समर्पण कर दें अन्यथा उनकी संपत्ति को कानूनी प्रक्रिया के तहत कुर्क करके नीलाम किया जाएगा। पुलिस अधीक्षक नरेंद्र सिंह बिजारनिया नूंह ने उपायुक्त नूंह को पत्राचार के माध्यम से नियमानुसार आगामी कार्रवाई के लिये भेजा है। उपायुक्त नूंह ने भी कहा है कि जल्द ही ऐसे अपराधियों की प्रोपर्टी, संपत्ति की सूची उपलब्ध करा दी जाएगी। खास बात यह है कि पीओ व बेल जंपर को ग्रामीणों ने सहयोग करते हुए पुलिस या कोर्ट में पेश किया तो पुलिस हरसंभव मदद करेगी।

### गांव रनियाला में एक दिवसीय किसान प्रशिक्षण का आयोजन



**झिरका।** फिरोजपुर झिरका खंड के गांव रनियाला मैं ग्राम उन्नति फाउंडेशन संस्था की तरफ से मंगलवार 11 अप्रैल को नूंह जिले के फिरोजपुर झिरका के गांव रानियाला में एक दिवसीय किसान प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सबसे पहले कोरोना महामारी को ध्यान में रखते हुए चेहरे पर मास्क और शारीरिक दूरी का ध्यान रखा। किसान प्रशिक्षण में रनियाला, आसपास के गांव बाघोला,चित्तौड़ा, व रनियाली से 50 किसानों ने कृषि के बारे में जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम में ग्राम उन्नति फाउंडेशन संस्था की तरफ से कृषि विशेषज्ञ अनिल कुमार ने किसानों को कपास फसल में पूर्ण अभ्यास का पैकेज जमीन की तैयारी, बीज की बुवाई से लेकर खाद, सिंचाई, पोषक तत्व का प्रयोग, किट रोग प्रबंधन, कपास चुनने, भंडारण सहित जानकारी दी साथ ही लोगों को कपास की फसलों के बारे में हिंदी साहित्य भी दिया। कृषि उन्नति कार्यक्रम के कोऑर्डिनेटर सुशील यादव की तरफ से किसानों को अन्य जानकारियां जैसे मिट्टी पानी जांच, जल प्रबंधन, कृषि में उन्नत तकनीक, उर्वरकों का उचित प्रयोग, कीटों को पहचानकर विशेषज्ञों के छिड़काव और कृषि अधिकारी डॉ. यूसुफ खान की तरफ से किसानों को हरी खाद, खेती में उपयोग गोबर गैस और विभागीय जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत महेंद्र, संस्था के साथी जान मोहम्मद, सारदीन खान, रिजवान और नूंह फार्मर वेलफेयर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड से बरकत अली उपस्थित रहे।

## रात्रि कर्फ्यू के समय बदलने को आफताब की मुख्यमंत्री से बैठक

**नूंह।** हरियाणा कांग्रेस विधायक दल के उप नेता व सीएलपी उप नेता चौधरी आफताब अहमद ने मंगलवार को चंडीगढ़ में मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर से बैठक की और मांग की है कि रमजान के महीने के कारण हरियाणा में रात्रि कर्फ्यू के समय को बदला जाए। बता दें कि हरियाणा में प्रदेश सरकार ने रात 9 बजे से प्रात: 5 बजे तक, रात्रि कर्फ्यू लगाया है। लेकिन नूंह विधायक चौधरी आफताब अहमद ने मुख्यमंत्री से कहा है कि रमजान की वजह से इस समय को रात्रि 10.30 बजे से सुबह 4 बजे तक किया जाए ताकि रमजान रखने वालों को परेशानियों का सामना नहीं करना पड़े। चौधरी आफताब अहमद ने पत्र सौंपकर मुख्यमंत्री को कहा है कि समाज के काफी जिम्मेदार लोगों, मौलानाओं, बुद्धिजीवियों ने उनसे मिलकर आग्रह किया है कि रात में लगे कर्फ्यू के समय में कुछ तब्दीली की जाए। विधायक ने कहा है कि रात में मुस्लिम भाई तराबी पढ़ते हैं जो रमजान माह का एक अभिन्न व महत्वपूर्ण अंग है

**मेवात की खबरों एवं विज्ञापन के लिए संपर्क करें**

बेदखली सूचना, नाम परिवर्तन, गुमशुदगी, रस्म पगड़ी इत्यादि के विज्ञापन सस्ते दरों पर प्रकाशित करवाने के लिए पायनियर परिवार से जुड़िए

**कासिम खान**
ब्यूरो प्रमुख ( साउथ हरियाणा )
9050976800
9416103259
ओल्ड थाना पिनगवां के सामने मत्री मार्केट पिनगवां, मेवात।

### पायनियर क्लासीफाइड

◆ नाम परिवर्तन ◆

I, Arti D/o Ombir Singh R/o H.No. 1175, New 240, Nangla Enclave Part-1, Faridabad have changed my name to Aarti for all purposes.

I, Vinod Kumar alias Vinod Kumar Khera S/o Chiman Lal alias Chaman Lal alias Chaman Lal khera R/o 1J/62, NIT Faridabad both are same person

मैं, कुसुम रानी पत्नी विकास पाल मकान न. 106 गली न.-04 राजीव पुरम करनाल बयान करती हूं कि मेरा नाम पासपोर्ट व कागजातों में कुसुम पाल है अब मैंने अपना नाम बदलकर कुसुम रानी रख लिया हैं। भविष्य में मुझे कुसुम रानी के नाम से जाना जाएं।

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुव्किल फारूख खॉन पुत्र मंगू खान निवासी मकान न. 502, प्रहलादपुर बडोली, 116 फरीदाबाद का बेटा उमर आजाद व उसकी पत्नी तरन्नुम मेरे मुव्किल व परिवार वालों के कहने से बाहर हैं, जो उसके मन में आता हैं वही करते हैं आये दिन मेरे मुव्किल व परिवार के अन्य लोगों के साथ गाली गलौच व लड़ाई -झगड़ा करते हैं, इसलिये मेरे मुव्किल व उसके परिवार के लोगों ने दोनों से अपने सभी सम्बन्ध समाप्त कर लिये हैं व दोनों को अपनी तमाम चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। अगर कोई व्यक्ति उपरोक्त के साथ किसी प्रकार का लेन-देन या व्यवहार करता है तो उसका वह स्वयं जिम्मेवार होगा मेरे मुव्किल व परिवार के अन्य सदस्यों का कोई लेना-देना ताल्लुक वास्ता ना होगा।
**ध्रुव कुमार एडवोकेट, फरीदाबाद**

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी मुव्किला गायत्री देवी पत्नी स्व. श्री नन्द किशोर निवासी गली नं 10, गगन विहार, मीठापुर, बदरपुर दिल्ली-110044 हाल निवासी मकान न. 178ए, ब्लॉक-ए, पहली मन्जिल, नियर साईं मन्दिर ओम इन्कलेव, पार्ट-1 पल्ला फरीदाबाद हरियाणा का पुत्र दीपक व उसकी पत्नी श्रीमति ज्योति मेरी मुव्किला के कहने से बाहर हैं, मेरी मुव्किला की पुत्रवधु झूठे केस में फंसाने की धमकी देती है। आये दिन मेरी मुव्किला के साथ गाली-गलौच, लड़ाई-झगड़ा व मारपीट करते हैं जिसके चलते मेरी मुव्किला ने दोनों को अपनी तमाम चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है, अगर कोई व्यक्ति उपरोक्त के साथ किसी प्रकार का लेन-देन या व्यवहार करता है तो उसका वह स्वयं जिम्मेवार होगा मेरी मुव्किला व परिवार के अन्य सदस्यों का कोई लेना-देना ताल्लुक वास्ता ना होगा।
**रनबीर सिंह एडवोकेट, फरीदाबाद**

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रवीण मोहंती द्वारा सोका क्रिएशन प्राइवेट लिमिटेड, प्लाट नंबर 262 आईकेएल, सेक्टर-24, फरीदाबाद ( हरियाणा ) से प्रकाशित और बीएफएल इंफोटेक लिमिटेड, सी-9, सेक्टर-3, नोएडा -201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। सम्पादक : चंदन मित्रा, स्थानीय सम्पादक : प्रवीण मोहंती । दूरभाष नंबर : ( 0129 ) 4195000। पी.आई.बी. एक्ट के अनुसार सभी विवादित समाचारों की जिम्मेदारी लेखक की होगी।
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किये गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापन के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं।

## पश्चिम बंगाल की घटना

### केंद्रीय बलों की प्रतिक्रिया

**अपने** जीवन पर खतरा आते देख कर आत्मरक्षा में विभिन्न केन्द्रीय बलों के नौजवानों की प्रतिक्रिया अलग-अलग होती है। इसका कोई मानक नियम नहीं है कि वे आत्मरक्षा के लिए स्थिति की गंभीरता किस तरह देखें और उसके अनुसार समुचित प्रतिक्रिया करें। इसलिए, यदि खासकर कोई गुस्साई भीड़ उनकी ओर बढ़ती तो पश्चिम बंगाल के मतदान केन्द्रों पर तैनात सुरक्षा बल कमर के नीचे गोली मारते या ऊपर, यह निर्णय वे अपने ऊपर आए खतरे के आकलन के अनुसार करते। यदि कोई अन्य व्यावहारिक विकल्प न हो और समय की आवश्यकता हो तो मारने के लिए गोली चलाना भी गलत नहीं कहा जा सकता है। हालांकि, जो चीज एक स्थिति में सही हो, उसे दूसरी स्थिति में सही नहीं कहा जा सकता है। हाल ही में कूच बिहार के सीतलकुची में हुई घटना दुर्भाग्यपूर्ण है जिसमें सेंट्रल इंडस्ट्रियल सिक्यूरिटी फोर्स-सीआईएसएफ कर्मियों के गोली चलाने में चार लोगों का जीवन चला गया है और कोई भी हमदर्दी या मुआवजा उसे वापस नहीं ला सकता है। इससे भी ज्यादा दुर्भाग्यपूर्ण यह है कि भाजपा और टीएमसी के बीच इसे लेकर आरोप-प्रत्यारोप का सिलसिला चल रहा है। मुख्यमंत्री व टीएमसी सुप्रीमो ममता बनर्जी ने जहां इसे 'नरसंहार' कहा है, वहीं केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि ममता बनर्जी ने अपने बयानों से जनता को केन्द्रीय बलों का घेराव करने व सीआईएसएफ पर हमले के लिए उकसाया है। आलोचकों का तर्क है कि यदि सीआईएसएफजवान भीड़ भगाने के इरादे से पैरों पर गोली चलाते तो उपद्रवियों की मौत से बचा जा सकता था। ममता बनर्जी यही तर्क दे रही



हैं। लेकिन ऐसे तर्क मुद्दे के राजनीतिकरण के कारण दिए जा रहे हैं और ये व्यावहारिकता से बहुत दूर हैं। ये लोग नहीं जानते है कि पेशेवर बलों के कर्मचारियों को ऐसी परिस्थितियों में कैसे काम करना होता है और जमीनी स्थितियां कैसे तेजी से बदलती हैं।

इस तथ्य से इनकार नहीं किया जा सकता है कि जब 300-400 गुस्सा लोगों की उपद्रवी भीड़ एक मतदान केन्द्र की ओर उसे लूटने तथा सुरक्षा बलों के हथियार छीनने के इरादे या उनकी हत्या के इरादे से बढ़ी थी। ऐसी स्थिति में उनके द्वारा अपनी आत्मरक्षा में उचित बल का प्रयोग किया। ऐसी स्थिति में लाठीचार्ज, वाटर कैनन, रबर बुलेट या आंसू गैस जैसे तरीकों का प्रयोग प्रतिरोधक के बजाय भीड़ को और उकसावे वाला हो सकता था जिससे वे केन्द्रीय सशस्त्र बल कर्मियों पर और भयानक हमला कर सकते थे। इसके परिणामस्वरूप होने वाले रक्तपात में सुरक्षा बलों और आम लोगों को बड़े पैमाने पर अपना जीवन गंवाना पड़ता। हताहतों की संख्या कम रखने तथा खून की प्यासी गुस्साई भीड़ को तितर-बितर करने के लिए गोली चलाने के सिवा कोई और व्यावहारिक विकल्प नहीं था क्योंकि इन परिस्थितियों में यही प्रतिरोधक का काम कर सकता था। लेकिन कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए तैनात किए जाने वाले किसी पेशेवर बल को इन स्थितियों की तकनीकी और विस्तृत जानकारी होनी चाहिए। ममता का आरोप है कि सीआईएसएफ को भीड़ नियंत्रित करने का कोई अनुभव नहीं होता है, लेकिन यह तर्क यथार्थ के बजाय कल्पनाओं पर आधारित है। इस घटना की समुचित जांच होनी चाहिए और देखा जाना चाहिए कि हिंसा भड़काने वालों को बख्शा न जाए। यदि सुरक्षा बलों की गलती हो तो उनके खिलाफभी कठोर कार्रवाई की जानी चाहिए। लेकिन हमें उम्मीद करनी चाहिए कि हमारे राजनेता इस मामले में और कम से कम लोगों की मौतों पर कोई राजनीति नहीं करेंगे। ऐसी राजनीति वास्तव में शर्मनाक है।

# नेपाल में राजनीतिक अस्थिरता

ओली के खिलाफ आया नेपाली सर्वोच्च न्यायालय का फैसला आश्चर्यजनक है और अब उनका राजनीतिक भविष्य अधर में लटक गया है।



ऋषि गुप्ता
(लेखक जेएनयू में शोधकर्ता हैं)



**ने**पाल में लंबे राजनीतिक व न्यायिक उठापटक के बाद नेपाल के सर्वोच्च न्यायालय ने दो महत्वपूर्ण फैसले दिए हैं। उसने राष्ट्रपति द्वारा लोकतांत्रिक रूप से निर्वाचित संसद को भंग करना गलत बताया है तथा इसके साथ ही 2018 में नेपाली कम्युनिस्ट पार्टी-एकीकृत मार्क्सवादी लेनिनवादी व नेपाली कम्युनिस्ट पार्टी-माओवादी सेंटर के विलय को अवैध बताया है क्योंकि इसी नाम की एक अन्य पार्टी का अस्तित्व था। इसका अर्थ है कि यूएमएल व माओवादी पार्टियां वापस अपनी पुरानी स्थिति में आ गई हैं। संसद पुन: बहाल होने से प्रधानमंत्री के.पी. ओली को तगड़ा धक्का लगा है जो एक अति-राष्ट्रवादी नेता के रूप में उभरे थे। विभाजित नेपाली कम्युनिस्ट पार्टी-एनसीपी के भविष्य पर अप्रत्याशित फैसले ने पूर्व एनसीपी में ओली और प्रचंड के बीच सत्ता के संघर्ष पर अंततः पूर्ण विराम लगा दिया है।

इस फैसले को देश को राजनीतिक अस्थिरता में धकेलने से बचाने के न्यायेत्तर प्रयास के रूप में देखा जा रहा है। राष्ट्रपति के पद, मंत्रि परिषद, सुरक्षा परिषद, संविधानेत्तर संस्थाओं और प्रेस पर ओली के प्रभाव को देखते हुए विश्वास किया जाता था कि अदालत ओली का पक्ष लेगी और उनके समूह को वैध एनसीपी मान लेगी। इससे प्रचंड के पास एक और गुट बनाने के सिवा कोई और विकल्प न बचता। ओली की कानूनी टीम को अपने पक्ष में फैसला आने की उम्मीद थी, लेकिन वास्तविक फैसले ने राजनीतिक संकट और गहरा दिया है। अब यदि माओवादी समर्थन वापस ले लें तो सरकार गिर जाएगी। मधेशी समर्थक जनता समाजवादी पार्टी ऐसे में किंगमेकर की भूमिका निभा सकती है। वह नेपाली कांग्रेस और माओवादियों का समर्थन कर सरकार बनवा सकती है या ओली के साथ जाकर उनका प्रधानमंत्री कार्यकाल और बढ़ा सकती है।

वैसे इस स्थिति की उम्मीद थी। 2018 में दो मुख्यधारा प्रतिद्वंद्वी पार्टियों के विलय ने नेपाली जनता में उम्मीद जगाई थी कि नया नेतृत्व राजनीतिक परिपक्वता प्रदर्शित कर रहा है। लेकिन यह केवल ओली और प्रचंड के लिए राजनीतिक अस्तित्व बचाए रखने का मामला था क्योंकि ओली ने अपने धुर विरोधी प्रचंड का साथ ले कर विपक्ष को कमजोर करने की रणनीति बनाई थी। प्रचंड पर गंभीर भ्रष्टाचार मामलों के साथ ही एक दशक लंबे चले माओवादी आंदोलन के दौरान लोगों की बड़े पैमाने पर हत्या कराने के आरोप भी थे। प्रचंड ने दावा किया था कि आंदोलन के दौरान लगभग 5,000 लोग मारे गए थे। ओली के सबसे मजबूत सहयोगी होने के नाते प्रचंड संरा. व अंतरराष्ट्रीय न्यायालय में सुनवाई से बच सकते थे। इसलिए दोनों पार्टियों का विलय दोनों नेताओं के निजी स्वार्थों के कारण था जबकि व्यापक रूप से लोग इसे जनता के हित में राजनीतिक परिपक्वता की तरह देखते थे। इसलिए यह नतीजा निकलना अपरिहार्य था। अंततः पार्टी टूटने के बाद आरोप-प्रत्यारोप का दौर चलेगा। ओली नई दिल्ली के साथ अपने संबंध सुधारने का प्रयास कर रहे हैं। भारत से संबंध बेहतर करने के लिए ओली ने अनेक भारतीय चैनलों से पूर्व प्रधानमंत्री प्रचंड के खिलाफअनेक बातें कही हैं तथा उन पर पार्टी विभाजित करने का आरोप लगाया है। अतीत में यही ओली भारत विरोधी दृष्टिकोण अपना कर अपनी राजनीतिक स्थिति मजबूत करना चाहते थे तथा भारतीय मीडिया पर अपने देश के प्रति 'शत्रुतापूर्ण' दृष्टिकोण अपनाने का आरोप लगाते थे।

> राजनेता नेपाल को वापस उथल-पुथल वाले समय में नहीं ले जाना चाहते हैं पर ओली के तानाशाही दृष्टिकोण ने नेपाल को भारी नुकसान पहुंचाया है। राजनीतिक रूप से लोकतंत्र ओली को पसंद नहीं है क्योंकि वे नेपाल में एक पार्टी शासन का सपना देख रहे हैं जहां उनका यूएमएल के भीतर या बाहर कोई राजनीतिक विरोधी न हो।

अतीत में ओली के जन संपर्क कार्यालय और विदेश नीति सलाहकार समूह ने सीमा विवाद पर भारत की घोर आलोचना की थी। अब ये कार्यालय नई दिल्ली से संबंध सुधारने की सभी तरकीबें आजमा रहे हैं। इसके साथ ही चीन के साथ दोस्ती की छवि के बावजूद ओली भारत से कोविड-19 वैक्सीनें मंगाने पर जोर दे रहे हैं। लेकिन भारत-नेपाल संबंधों में नया विकास इन परिवर्तनों के प्रति विश्वास पर आधारित होगा। दूसरी ओर ओली का चीन के प्रति पूर्वाग्रही दृष्टिकोण भारी आर्थिक नुकसान के कारण पैदा हुआ है। उन्होंने बीजिंग के साथ परस्पर कानूनी सहायता की संधि पर हस्ताक्षर किए थे जिससे नेपाल में रह रहे लगभग 20,000 तिब्बती शरणार्थियों का जीवन और अधिकार संकट में पड़ गया है। श्रीलंका में चीन के गलत कामों के परिणाम सामने आने के बावजूद वर्तमान नेपाली सरकार का बेल्ट एंड रोड इनीशियेटिव-बीआरआई के प्रति मोह बना हुआ है। भले ही ओली अपने कृत्यों को भारत और चीन के बीच संतुलनकारी रणनीति के रूप में पेश करें, पर उनके कार्यों से दूसरे संकेत मिलते हैं। नेपाल में ओली की राजनीतिक चालबाजियों के लिए चीन ने उदारता से पैसा दिया है। चीन से उनकी निकटता प्रदर्शित करने के लिए मदन भंडारी फाउंडेशन के माध्यम से मिलने वाला पैसा समुचित प्रमाण है।

वर्तमान घटनाक्रम को देखते हुए भविष्य अनिश्चित दिखता है। हालांकि, राजनेता नेपाल को वापस उथल-पुथल वाले समय में नहीं ले जाना चाहते हैं, पर ओली के तानाशाही दृष्टिकोण ने नेपाल को भारी नुकसान पहुंचाया है। राजनीतिक रूप से लोकतंत्र ओली को पसंद नहीं है क्योंकि वे नेपाल में एक पार्टी शासन का सपना देख रहे हैं जहां उनका यूएमएल के भीतर या बाहर कोई राजनीतिक विरोधी न हो। विदेश नीति के मोर्चे पर अपनी विशाल पनबिजली संभावनाओं को देखते हुए नेपाल बिजली पैदा करने में भारतीय विशेषज्ञता का लाभ उठा सकता है। परस्पर लाभदायक योजना से नेपाल को आर्थिक प्रगति का रास्ता खुलेगा। लेकिन नए समझौतों की तो बात दूर, नेपाल भारत के साथ 1996 में हस्ताक्षरित महाकाली जैसी संधियों को ही पुनर्जीवित करने का प्रयास नहीं कर रहा है जो दोनों देशों के बीच सहयोग को बढ़ावा दे सकती है। इस बीच बीआरआई और ट्रांस हिमालयन रेलवे का सपना दिखा कर चीन ने ओली को अपने पक्ष में किया है।

खोखली आर्थिक व विकास रणनीतियों के कारण ओली की महत्वाकांक्षायें नेपाल को अनिश्चित भविष्य की ओर धकेल रही हैं। इस पर नेपाल की जनता के साथ ही भारत समेत दुनिया के अन्य देशों को गहरी नजर रखनी होगी।

# प्रतिरोधी ढांचागत संरचना की अनिवार्यता

> “यह कोविड पश्चात उबरने की प्रक्रिया में योगदान करते हुए जलवायु प्रतिबद्धताओं को पूरा करने की प्रेरणा दे सकता है।”

रिया राहीमान
(लेखिका तकनीकी विशेषज्ञ हैं)



**देश** जलवायु परिवर्तन और चरम घटनाओं के प्रभाव से जूझ रहे हैं क्योंकि वे लोगों, बुनियादी ढांचे, अर्थव्यवस्थाओं और भविष्य के विकास के लिए विभिन्न जोखिमों का सामना करते हैं। चरम घटनाओं के कारण आर्थिक नुकसान का एक महत्वपूर्ण अनुपात बुनियादी ढांचे के सिस्टम को नुकसान और क्षति के लिए जिम्मेदार ठहराया जाता है, जिससे बुनियादी ढांचे के विकास के लिए आपदा और जलवायु लचीलेपन को एकीकृत करने की आवश्यकता पर जोर दिया जाता है। कोविड-19 महामारी के मामले में, हमने दुनिया भर में बुनियादी ढांचा क्षेत्रों पर अभूतपूर्व प्रभाव देखा है। भले ही इसने भौतिक बुनियादी ढांचे को सीधे नुकसान न पहुंचाया हो, लेकिन इससे अर्थव्यवस्थाओं पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ने के साथ, बुनियादी सुविधाओं की सेवाओं में रुकावट आई। प्रकोप लचीला बुनियादी ढांचे में निवेश करने की आवश्यकता का नवीनतम अनुस्मारक है। इसने विभिन्न क्षेत्रों और गरीबी, खराब स्वास्थ्य प्रणाली और अंतर्निहित सामाजिक कल्याण योजनाओं जैसे अंतर्निहित चालकों के लिए प्रणालीगत जोखिमों को उजागर किया और उन्हें समाप्त कर दिया। विभिन्न क्षेत्रों में पैदा हुए जोखिमों ने प्रणालीगत और कैस्केडिंग खतरों और कमजोरियों को समझने और संबोधित करने के लिए दृढ़ता से बाहर लाया।

वैश्विक वसूली के हिस्से के रूप में, बुनियादी ढांचे के निवेश को आर्थिक गतिविधियों को फिर से शुरू करने के उद्देश्य से प्रोत्साहन पैकेजों के एक अनिवार्य हिस्से के रूप में देखा जा रहा है। आर्थिक गिरावट के प्रभावों को कम करने के साथ-साथ रोजगार सृजित करने



और प्रतिस्पर्धा में सुधार लाने के प्रयास के रूप में देशों को बुनियादी ढांचे के क्षेत्रों में भारी निवेश की उम्मीद है। कोविड-19 रिकवरी की योजना बनाते समय स्वास्थ्य और आर्थिक निहितार्थ केंद्र स्तर लेते हैं, लेकिन जलवायु आपातकाल की तात्कालिकता को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है। महामारी ने स्पष्ट रूप से लचीलेपन को मजबूत करने के लिए सिस्टम के जोखिमों पर ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता को स्पष्ट रूप से सामने लाया है, एक सबक जो कि ध्यान में रखना चाहिए, साथ ही जलवायु परिवर्तन के खिलाफ मार्ग बनाने के लिए। पेरिस समझौते के हिस्से के रूप में अपनी राष्ट्रीय जलवायु कार्य योजना प्रस्तुत करने वाले देशों के साथ, यह जलवायु कार्रवाई के लिए भी एक महत्वपूर्ण वर्ष है। यह महत्वपूर्ण है कि कोविड से उबरने की प्रक्रिया और क्लाइमेट एक्शन प्लान एक दूसरे के पूरक हैं।

कि वैश्विक ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में बुनियादी ढांचे का निर्माण और संचालन 70 प्रतिशत है और गुणवत्ता के बुनियादी ढांचे का प्रावधान सभी सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) में 92 प्रतिशत लक्ष्यों की उपलब्धि को कम करता है। डिजास्टर रिस्क रिडक्शन (एसएफडीआरआर) के लिए सेंडाइ फ्रेमवर्क भी टिकाऊ विकास के लिए आधारशिला के रूप में लचीला बुनियादी ढांचे की भूमिका पर प्रकाश डालता है। चार विशिष्ट लक्ष्य एसएफडीआरआर में नुकसान में कमी से संबंधित हैं, वैश्विक आपदा मृत्यु दर में कटौती, प्रभावित लोगों की संख्या, आर्थिक नुकसान और बुनियादी ढांचे को नुकसान पर ध्यान केंद्रित करते हैं।

हालांकि, महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे का नुकसान कम करने पर एसएफडीआरआर लक्ष्य नुकसान में कमी पर तीन अन्य लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए एक महत्वपूर्ण शर्त है। इसे देखते हुए, वैश्विक अर्थव्यवस्थाओं जैसे कि जलवायु परिवर्तन, एसडीजी और एसएफडीआरआर लक्ष्यों पर पेरिस समझौते के रूप में वितरित करने के अवसर के लिए बुनियादी ढांचे में निवेश और नीतियों को बढ़ाना चाहिए। हालांकि एसडीजी और एसएफडीआरआर लक्ष्य पर कुछ प्रगति की गई है, लेकिन उनसे मिलने की समग्र कार्रवाई आवश्यक गति से आगे नहीं बढ़ी है।

महामारी ने उनकी प्रगति को और पीछे धकेल दिया है। कोविड-19 रिकवरी का उपयोग इन वैश्विक लक्ष्यों पर प्रगति और एक स्वस्थ, समावेशी और जलवायु के अनुकूल भविष्य के निर्माण के अवसर के रूप में किया जा सकता है। आपदा और जलवायु-लचीले बुनियादी ढांचे में निवेश वैश्विक-प्रतिबद्धताओं को पूरा करने में बहुत आवश्यक आवेग प्रदान कर सकता है, जबकि कोविड संकट से उबरने की प्रक्रिया में योगदान भी कर सकता है।

## आप की बात

### पशुओं पर अत्याचार रोकें

**अमेरिका** के साऊथ कैरोलिना में एक कुत्ते को भौंकने से रोकने के लिए उसके मुंह पर बिजली के काम में उपयोग किया जाने वाला टेप लपेटने वाले व्यक्ति को पांच वर्ष की जेल की सजा सुनाई। संबंधी खबर कुछ माह पूर्व सुर्खियों में आई थी। जानवरों पर अत्याचार करने वालों पर अंकुश लगना चाहिए। देखा जाए तो कुत्ते खतरा सूंघने मे माहिर होते है। इनके प्रशिक्षण और देखभाल पर सुरक्षा बल गौर कर रहा है। सूंघने कि क्षमता के कारण कुत्ते दस्ते आपदा प्रबंधन में भरोसे लायक सिद्ध हुए हैं। आतंकवादियों द्वारा रखे जाने वाली विस्फोटक पदार्थों को सूंघ कर देश मे होने वाली जान - माल की हानि को ये कम करने मे अपनी अहम् भूमिका अदा करते हैं। विदेशों मे पालतू कुत्तों की भावनाओं को समझने कि दिशा मे जापान द्वारा मशीन भी ईजाद की है। कुत्तों के प्रति जापान ही नहीं भारत मे भी प्राचीन समय मे उनकी भावनाओं को समझा जाता रहा है। पांडवों के हिमालय जाते समय धर्मराज के संग कुत्ता भी साथ था। भारत में कुत्ते के लिये आज हर घर मे रोटी रखी जाती है। खेतों में ,घरों मे सुरक्षा हेतु पाला जाता है। विदेशों मे खासकर ब्रिटेन में कुत्ते की पूंछ काटे जाने का रिवाज है, जिस पर आवाज उठाई जानी चाहिए।

**- संजय वर्मा, मनावर, मप्र**

### राजनीति बनाम कोरोना

**बेलगाम** होती दिख रही, चुनाव के दौरान की राजनीति देश में बढ़ रहे कोरोना के मामलों में आग में घी का काम कर रही। पिछली बार भी मध्यप्रदेश में सरकार बन जाने तक, कोरो ना को हल्के में लिया गया, जिसका खामियाजा पूरा देश सख्त लॉक डाउन के रूप में पालन किया। गौरतलब है कि इतना सब कुछ होने के बावजूद, राजनीतिक पार्टियों के लिए, चुनाव को आयोजन कराना, कितना जायज है, इसका पता सभी देशवासी चुनावी रैलियों से बाखूबी देख सकते हैं। अब की बार भी उसी गलती को दोहराया जा रहा, चुनाव और सत्ता के प्रति बढ़ लालच देश को फिर से लॉक डाउन की ओर मुखातिब कर रहा।राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने ही कहा था, जो बदलाव हम संसार में देखना चाहते हैं, उसके लिए स्वयं अपने अंदर बदलाव लाए। यह कथन सिर्फ आम जनता पर नहीं बल्कि राजनेताओं पर भी लागू होती है।उनकी कथनी और करनी में लगातार बढ़ रही खाई को कम करना चाहिए। दावे और वादे के साथ साथ कामों को सफलतापूर्वक पूर्ण करना भी जिम्मेदारी है। बिहार हो या मुंबई, बच्चे हो या व्यापारी सभी इसका लोकतांत्रिक तरीके से विरोध कर रहे हैं।

**- अमन जायसवाल, दिल्ली विश्वविद्यालय**


### चुनाव में नहीं होता कोरोना

**सावधान!** मिस्टर कोरोना मैं चुनाव हूं समझे! चाहे मैं छोटा हूं चाहे मैं बड़ा हूं पर तुमसे बड़ा हूं। चाहे मैं पंचायत में हूं चाहे में नगर निगम में या फिर या फिर शहर में हूं या प्रदेश में. कहीं भी रहूं. मेरे क्षेत्र में कदम तो क्या अपनी बुरी नजर भी भूल से डालने की कोशिश मत करना। मेरे सुरक्षा कवच में सेंध लगाने की भूल भी मत कर बैठना, क्योंकि मैं चुनाव हूं और मेरा काम चुनकर नेता को कुर्सी पर बैठाना है। अगर तुमने मेरे एरिया में घुसपैठ करने की कोशिश की तो मैं तुमको दीवार में चुनकर दफ्न कर दूंगा। मेरे क्षेत्र में सिर्फ और सिर्फ नेता, मतदाता और रैली में भाग लेने वालों को ही मास्क ना लगाने की छूट इसलिए है क्योंकि तुम उनका कुछ नहीं बिगाड़ सकते। इसलिए, कि मैं वहां हर पल व हर क्षण मौजूद हूं और उनपर मेरी पैनी नजर व मेरा सख्त सुरक्षा कवच बना हुआ है। जैसे कोई वस्तु वाटर प्रूफ होती है, शॉक प्रूफ होती है वैसे ही मेरा चुनाव क्षेत्र कोरोना प्रूफ है। इसलिए बेफिक्र होकर नेतागण रैलियां करें, भाषण दें, आम लोग उसमें बेझिझक भाग लें और मतदाता निश्चिंत होकर मतदान करें।

**- शकुंतला महेश नेनाव, इंदौर**

पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से pioneerhry@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।

## फरमाया





**दिल्ली** में छह लाख बच्चे सीबीएसई की परीक्षा देने जा रहे हैं। करीब एक लाख शिक्षक इसका हिस्सा होंगे। ये बड़े पैमाने पर केंद्र कोरोना के हॉटस्पॉट बन सकते हैं।

**- अरविंद केजरीवाल**
दिल्ली के मुख्यमंत्री

**जलियांवाला** बाग हत्याकांड में शहीद हुए लोगों को श्रद्धांजलि। उनका साहस, वीरता और बलिदान हर भारतीय को शक्ति प्रदान करता है।

**- नरेंद्र मोदी**
प्रधानमंत्री





**मैं** निर्वाचन पैनल के प्रचार प्रतिबंधित करने वाले असंवैधानिक और अलोकतांत्रिक निर्णय के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करूंगी।

**- ममता बनर्जी**
मुख्यमंत्री पश्चिम बंगाल

पायनियर
हरियाणा, बुधवार, 14 अप्रैल, 2021



नवरात्र का पहला दिन

# महिलाओं ने भजन-कीर्तन कर मां शैलपुत्री को पूजा

नारायण ने कहा था, देवी नारायणी शक्ति हैं नित्या सनातनी ब्रह्मलीला प्रकृति

रणबीर रोहिल्ला। सोनीपत



**मंगलवार** को शहर में नवरात्र के पहले दिन महिलाओं ने भजन-कीर्तन कर मां शैलपुत्री की पूजा अर्चना की। मान्यता के अनुसार नवरात्रि के प्रथम दिन मां शैलपुत्री की पूजा होती है। शैलपुत्री हिमालय की पुत्री हैं। इसी वजह से मां के इस स्वरूप को शैलपुत्री कहा जाता है। मां शैलपुत्री का प्रसन्न करने के लिए ध्यान मंत्र जपना चाहिए। इसके प्रभाव से माता जल्दी ही प्रसन्न होती हैं और भक्त की सभी कामनाएं पूर्ण करती हैं। मनोवांछित लाभ के लिए मस्तक पर अर्धचन्द्र धारण करने वाली, वृष पर आरूढ़ होने वाली, शूलधारिणी, यशस्विनी शैलपुत्री दुर्गा की वंदना करते हैं। नवरात्र के अवसर पर सर्व मंगलमयी मां दुर्गा की उपासना भारतीय संस्कृति का गौरवमयी आधार है। ऐश्वर्य व पराक्रम स्वरूप एवं इन दोनों को प्रदान करने वाली मां दुर्गा की शक्ति नित्य के व्यावहारिक जीवन में आपदाओं का निवारण कर ज्ञान, बल, क्रियाशक्ति प्रदान कर, धर्म, अर्थ, काम की याचक की इच्छा से भी अधिक प्रदान कर जीवन को लौकिक सुखों से धन्य बना देती है। ये महाशक्ति दुर्गा कौन हैं, इस संबंध में देवर्षि नारदजी की जिज्ञासा को शांत करते हुए भगवान नारायण ने कहा था कि देवी नारायणी शक्ति नित्या सनातनी ब्रह्मलीला प्रकृति हैं। जैसे स्वर्ण के बिना स्वर्णकार अलंकार तथा मिट्टी के बिना कुम्हार कलश का निर्माण नहीं कर सकता, उसी प्रकार सर्वशक्ति स्वरूपा प्रकृति (दुर्गा) के बिना सृष्टिकर्ता सृष्टि का निर्माण नहीं कर सकता। इसलिए इस महाशक्ति की उपासना हरि (विष्णु), हर (शिव) तथा विरिंचि (ब्रह्मा) सभी करते हैं। अत: नवरात्र के अवसर पर महाशक्ति स्वरूपिणी मां दुर्गा की आराधना करनी चाहिए।


## भारतीय नववर्ष पर किया हवन-यज्ञ



**कुरुक्षेत्र।** भारतीय नववर्ष विक्रमी संवत 2078 चैत्र शुक्ल प्रतिपदा व प्रथम नवरात्र के शुभ अवसर पर गीता निकेतन विद्या मंदिर सेक्टर-3 में क्लर्क-कम-रिस्पेशन रूम का उद्घाटन विद्यालय प्रधानाचार्य सुमित कुमार ने किया। उद्घाटन समारोह के अवसर पर विद्यालय में हवन यज्ञ का विधिपूर्ण आयोजन हुआ। इसमें स्टॉफ के सभी सदस्यों ने हवनयज्ञ में अपनी आहुति डाली। हवनयज्ञ विद्यालय की आचार्या रश्मि द्वारा करवाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य ने सभी को भारतीय नववर्ष, नव सत्र व नवरात्रों की शुभकामनाएं दीं। सभी को परस्पर प्रेम व सहयोग से आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। उन्होंने बताया कि नवनिर्मित रूम के बनने से सभी अभिभावकों को सुविधा का लाभ प्राप्त होगा।

## नवसंवत्सर पर हुआ हवन-यज्ञ

**भिवानी।** हलवासिया विद्या विहार में नवसंवत्सर के शुभ अवसर पर वैदिक मंत्रोच्चार तथा हवन-यज्ञ कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस अवसर पर सुमन आर्या मुख्य अतिथि के रुप में पहुंचीं। प्राचार्य विमलेश आर्य ने वैदिक रीति के द्वारा हवन-यज्ञ अनुष्ठान विधिवत् पूर्ण करवाया। अपने उद्बोधन में उन्होंने कहा स्वामी दयानंद सरस्वती ने आज के ही दिन आर्य समाज की स्थापना की थी। यज्ञ से सारा वातावरण प्रदूषण मुक्त हो जाता है। वैसाखी पर्व पर प्रकाश डालते हुए वीर हकीकत राय को भी याद किया, जिनका आज बलिदान दिवस है। प्रशासक दीवान चंद रहेजा ने यज्ञ- हवन की उपयोगिता बताते हुए प्रसाद के महत्व के बारे में बताया। हवन यज्ञ के सुंदर आयोजन की सराहना करते हुए सभी को वैसाखी नवसंवत्सर और नव दुर्गा की हार्दिक शुभकामनाएँ दी। अभिमन्यु सदन प्रमुख सज्जन भारद्वाज ने हवन-यज्ञ को पूर्वजों की देन बताते हुए सभी के निरोगी रहने की कामना की।



# कच्चे क्वार्टर मार्केट में चप्पे-चप्पे पर रहेगी सीसीटीवी की निगरानी

### कच्चे क्वार्टर मार्केट में लगाये 25 सीसीटीवी कैमरों का राजीव जैन ने किया शुभारंभ

पायनियर समाचार सेवा। सोनीपत



सीसीटीवी कैमरों का लोकार्पण करते भाजपा नेता राजीव जैन।

**भाजपा** वरिष्ठ नेता राजीव जैन ने कच्चे क्वार्टर-बटन फैक्टरी मार्केट में सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करते हुए 25 सीसीटीवी कैमरों का लोकार्पण किया। सीसीटीवी कैमरे पूर्व केबिनेट मंत्री कविता जैन के निजी कोष से लगवाये गये हैं। इसके पहले शहर की सुरक्षा को बढ़ाते हुए नगर में साढ़े आठ करोड़ रुपये की लागत से 195 सीसीटीवी कैमरे लगवाये जा चुके हैं।

भाजपा नेता राजीव जैन ने कच्चे क्वार्टर-बटन फैक्टरी मार्केट में सीसीटीवी कैमरों का शुभारंभ करते हुए कहा कि गीता भवन चौक के पास मोबाइल मार्केट में पहले ही सीसीटीवी कैमरे लगवाये जा चुके हैं। साथ ही राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-44 पर भी सीसीटीवी कैमरे लगवाये गए हैं। राष्ट्रीय राजमार्ग पर सीसीटीवी कैमरों की संख्या को बढ़ाया भी जाएगा, ताकि हर प्रकार की गतिविधि पर पैनी नजर रखी जा सके। जैन ने जानकारी दी कि कच्चे क्वार्टर-बटन फैक्टरी मार्केट में सीसीटीवी लगवाने की घोषणा भी पूर्व मंत्री कविता जैन ने निजी कोष से पहले ही कर दी थी। उन्होंने कहा कि कच्चे क्वार्टर-बटन फैक्टरी मार्केट तीसरी आंख के पहरे में सुरक्षित हो गई है। चप्पे-चप्पे पर सीसीटीवी की सहायता से निगरानी रखी जा सकेगी। कच्चे क्वार्टर-बटन फैक्ट्री मार्केट सोनीपत की सर्वाधिक व्यस्ततम मार्केट है। सीसीटीवी की जद में आने के बाद निश्चित तौर पर सुरक्षा को बढ़ावा मिलेगा। असामाजिक तत्वों और चोरी की घटनाओं पर भी लगाम लगेगी। जैन ने कहा कि सीसीटीवी कैमरे आज की जरूरत है।

हर स्थान पर पुलिस बल की तैनाती संभव नहीं है। ऐसे में सीसीटीवी की मदद से निगरानी रखी जा सकती है। जहां सीसीटीवी कैमरे होते हैं वहां असामाजिक तत्व भी अवांच्छित घटनाओं को अंजाम देने से घबराते हैं। उन्होंने कहा कि आवश्यकता के अनुसार पूरे शहर को सीसीटीवी से कवर किया गया है। सार्वजनिक स्थानों पर सीसीटीवी कैमरों की विशेष जरूरत होती है, जिसे पूरा किया जा रहा है।



नवरात्र के प्रथम दिवस निकाली शोभा यात्रा में शामिल कलशधारी महिलाएं।

# प्रथम नवरात्र: श्रीदेवीकूप भद्रकाली मंदिर से निकाली शोभायात्रा

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र

**हरियाणा** की एकमात्र शक्तिपीठ में कोरोना गाइडलाइंस को ध्यान में रखते हुए नवरात्रि महोत्सव की शुरुआत प्रातकालीन पांच बजे मंगलाआरती से की गई। सुबह से ही भक्तों की भीड़ मंदिर परिसर में बनाए गए निर्धारित दूरी के गोलों में खड़े होकर कपाट खुलने की प्रतीक्षा कर रहे थे। मंगला आरती के पश्चात मां भद्रकाली सेवक मंडल के अध्यक्ष नरेन्द्र वालिया और पीठाध्यक्ष सतपाल शर्मा ने सभी सेवकों के साथ कलश स्थापना की।

गणेश द्वार पर ध्वजारोहण किया। शोभायात्रा दोपहर एक बजे प्रारंभ हुई। मंदिर की परम्परा को निभाते हुए 52 शक्ति पीठों की प्रतीक शोभायात्रा जिसमें अबकी बार सिर्फ 52 झंडे, 52 त्रिशूल, 52 कलश, 10 पताका, ज्योतिरथ, भद्रकाली रथ और भारत माता रथ ने ही नगर परिक्रमा की। शोभायात्रा को हरी झंडी पीठाध्यक्ष सतपाल शर्मा ने ही दिखाई और साथ ही तिरंगे रूपी गुब्बारे छोड़े। शोभायात्रा में सम्मिलित सेवक और महिला मंडल के सदस्यों ने मास्क के साथ-साथ उचित दूरी में चलकर कोरोना महामारी से बचाव का सन्देश दिया। इस बार भक्तों से अपील की गई थी कि यात्रा में सिर्फ पैकट प्रसाद ही वितरण किया जाए। शोभायात्रा मन्दिर से होते हुए बस स्टैण्ड, अम्बेडकर चौक, गोल बैंक चौक, न्यू कालोनी, गुरुद्वारा चौक, छोटा बाजार से होते हुए सायं 6 बजे मन्दिर में ज्योति प्रतिस्थापित हुई।

शोभायात्रा का मां भद्रकाली जी के भक्तों ने सैंकड़ों स्थानों पर स्वागत किया। मां की पवित्र ज्योति से कुरुक्षेत्र प्रकाशमान होगा। शाम 7 बजे महा आरती हुई। पंडित सतपाल शर्मा ने सभी सेवकों से आग्रह किया गया कि सभी मास्क का प्रयोग करें और निर्धारित दूरी बनाकर रखें, क्योंकि आत्मरक्षा हमारा धर्म है। बच्चे और बुजुर्ग सभी ने कार्यक्रमों को फेसबुक के लाइव पेज पर देखा।

## संक्षिप्त समाचार

### हैपकिड़ों खेल को युवा वर्ग ज्यादा से ज्यादा अपनाए: विजेन्द्र

**कुरुक्षेत्र।** हरियाणा हैपकिड़ों एसोसिएशन द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर दल्लूपुरा खेल स्टेडियम दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय हैपकिड़ों चैम्पियनशिप-2021 में शानदार प्रदर्शन करने वाले हरियाणा के खिलाड़ियों के सम्मान में पिपली में सम्मान समारोह का आयोजन कर पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय हैपकिड़ों चैम्पियनशिप-2021 हरियाणा के खिलाड़ियों ने विभिन्न वर्गों में 2 गोल्ड, 1 सिल्वर, 7 कांस्य पदक जीत कर प्रदेश का नाम रोशन करने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। इस प्रतियोगिता में अंकुश कैथल व किर्ती पानीपत ने गोल्ड, आशीष कुरुक्षेत्र ने सिल्वर, पुष्पेन्द्र, दिवांषु, अशवेन्द्र, शवेन्द्र कुरुक्षेत्र व गुरप्रीत, नवप्रीत व लवजोत अम्बाला ने कास्य पदक प्राप्त किये थे। जिन्हें हरियाणा हैपकिड़ों एसोसिएशन की और से शील्ड देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सुखविन्द्र सिंह मुख्यातिथि रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता हरियाणा हैपकिड़ों एसोसिएशन के प्रधान विजेन्द्र सिंह ने की।

### अब तक खरीदा एक लाख 91 हजार 593 एमटी गेहूं

**कुरुक्षेत्र।** गेंहू खरीद के सीजन में अब तक खरीद एजेंसियों द्वारा अलग-अलग खरीद केन्द्रों से कुल एक लाख 91 हजार 593 मीट्रिक टन गेंहू की खरीद की है। जिले में खरीद केन्द्रों पर गेंहू की खरीद का कार्य सुचारु रुप से ल रहा है। इन खरीद केन्द्रों पर किसान अपनी फसलों को लेकर अपने निर्धारित शैडयूल के अनुसार खरीद केन्द्रों पर पहुंच रहे है। इसके साथ मंडियों में आने वाले किसानों व मजदूरों को कोविड-19 की गाइडलाइंस की पालना करने के लिए जानकारी देकर जागरुक भी किया जा रहा है। उपायुक्त शरणदीप कौर बराड़ ने जिला खाद्य एवं आपूर्ति विभाग द्वारा जारी रिपोर्ट के आधार पर कहा कि खरीद केन्द्रों पर 10 अप्रैल 2021 तक खरीद एजेंसियां द्वारा 1 लाख 91 हजार 593 मीट्रिक टन गेंहू की खरीद की गई है। उन्होंने कहा कि एजेंसियों द्वारा गेंहू उठान/भंडारण कार्य को भी लगातार किया जा रहा है। अब तक खरीद की गई 1 लाख 91 हजार 593 मीट्रिक टन गेंहू में से जिला खाद्य एवं आपूर्ति विभाग ने 21937 एमटी व हैफेड ने 11252 एमटी गेंहू उठान/भंडारण का कार्य सहित कुल 33189 एमटी गेंहू लिफ्टिंग का कार्य पूरा कर लिया गया है।

### भूमि संरक्षण और सुपोषण को सात स्थानों पर हुआ पूजनोत्सव

**भिवानी।** स्वदेशी जागरण मंच एवं चौधरी बंसी लाल विश्वविद्यालय के दत्तोपंत ठेंगड़ी विकास एवं अध्ययन केन्द्र के संयुक्त तत्वावधान में हिंदू नव वर्ष प्रतिपदा के उपलक्ष में विश्वविद्यालय के नव परिसर सहित गांव प्रेमनगर, निनाण, हालुवास, पालुवास, दिनोद, जटेला धाम माजरा में भूमि सुपोषण एवं भूमि संरक्षण को लेकर ग्रामीण किसानों द्वारा भूमि पूजन उत्सव मनाया गया। गांव निनाण में भूमि पूजन उत्सव पर बतौर मुख्यातिथि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राजकुमार मित्तल ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि आज वातावरण पूरी तरह प्रदूषित हो चुका है। प्राकृतिक संसाधनों का अनावश्यक दोहन संपूर्ण मानव जाति के लिए बड़ा खतरा है। यदि समय रहते हमने प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण नहीं किया तो धरा पर मानव जीवन असंभव हो जाएगा। उन्होंने कहा कि वायु एवं जल के साथ साथ भूमि का संरक्षण एवं सुपोषण अति महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि आज उत्पादन बढ़ाने की दौड़ में हम कृषि में अंधाधुंध कीटनाशकों, केमिकल्स और फर्टिलाइजर्स का प्रयोग कर रहे हैं, जो कि कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों को बढ़ावा देते हैं। यदि समय रहते हम सचेत नहीं हुए और हम भूमि का शोषण एवं संरक्षण करने के प्रति पूर्णता जागरूक नहीं हुए तो आने वाले समय में मानव जीवन संकट में पड़ जाएगा।

### जलियांवाला बाग कांड के शहीदों को दी श्रद्धांजलि

**कुरुक्षेत्र।** गांव सारसा के बड़े वाले कुएं पर जलियांवाला बाग कांड के शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई। उनकी याद में दो मिनट का मौन रखा गया। यह प्रोग्राम संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर गांव स्तर पर भी किया गया। आल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन के जिला सचिव कामरेड राजकुमार सारसा ने कहा कि आज के दिन 13 अप्रैल 1919 को अमृतसर के जलियांवाला बाग में शांति पूर्ण रूप से जलसा कर रहे लोगों पर जनरल डायर के नेतृत्व में हजारों निर्दोष महिलाओं, पुरुषों व बच्चों को गोलियों से भून दिया गया था, बहुत से लोगों ने जान बचाने के लिए कुंए में कूदकर अपनी जान दे दी थी। इस जघन्य कांड की सारे देश और दुनिया में घोर भर्त्सना की गई थी। इसके विरोध में सारे देश में बड़े-बड़े विरोध प्रदर्शन हुए थे। श्रद्धांजलि सभा में धर्मपाल, रामेश्वर, नाथू राम, जोराराम, रामफल, सुरेश, विजेन्द्र ओमप्रकाश आदि शामिल हुए।

### नगर योजनाकार विभाग ने अवैध कॉलोनी से कब्जा हटवाया

**भिवानी।** उपायुक्त जयवीर सिंह आर्य के निर्देशानुसार नगर योजनाकार विभाग ने मौजा भिवानी-जोनपाल में भिवानी-कोंट रोड पर लगभग छह एकड़ में फैली अवैध कॉलोनी से नाजायज कब्जों को हटाने का अभियान चलाया। विभाग ने पुलिस बल के साथ जेसीबी मशीन से अवैध कब्जे हटाए। जिला नगर योजनाकार कार्यालय द्वारा उपलब्ध करवाई गई जानकारी अनुसार अवैध कब्जे हटाने के लिए उपायुक्त जयवीर सिंह आर्य द्वारा कार्यकारी अभियन्ता मार्केटिंग बोर्ड अजय सिंह राठी व थाना औद्योगिक क्षेत्र एसएचओ को ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किया। ड्यूटी मजिस्ट्रेट व पुलिस बल को साथ लेकर स्थानीय भिवानी-कोंट रोड पर लगभग छह एकड़ क्षेत्र में 43 डीपीसी तथा दो कच्चे रास्तों को जेसीबी के माध्यम से तोड़ा गया। उन्होंने बताया कि अवैध निर्माण करना गैर कानूनी कार्य है और इसकी इजाजत किसी को नहीं है। उन्होंने नागरिकों से शहर में कहीं भी सरकारी जमीन पर किसी भी प्रकार का अवैध निर्माण नहीं करने व अवैध कॉलोनी काटने वाले प्रोपर्टी डीलरों के बहकावे में नहीं आने तथा अनुसूचित सडक़ों एवं बाई पास की हरित पट्टी में किसी भी तरह का निर्माण न करने की अपील की है। उन्होंने बताया कि अवैध निर्माण हटाने का यह अभियानह्यह्य जारी रहेगा।

# उड़ती धूल से परेशान बीटीएम चौक के लोगों ने किया रोड जाम



**भिवानी।** कई दिनों से परेशान बीटीएम चौक के लोगों ने पार्षद बलवान सिंह की अगुवाई में रोड जाम किया। पार्षद बलवान सिंह ने आरोप लगाया कि अमृत योजना के तहत इस रोड पर बरसाती पानी की लाइन तीन महीने पहले डाली गई थी, उस दौरान लाइन डालने के बाद रोड की हालात खराब हो गई। जगह-जगह खड्डे हो गए और पूरे रोड पर धूल उड़ती रहती हैं। जिला प्रशासन द्वारा रोड पर पानी का छिड़काव नहीं किया जाता है, जिससे कॉलोनी निवासी परेशान हैं।

कॉलोनी के लोगों ने इसके लिए पहले ही जिला प्रशासन को सूचना दी थी पर उन्होंने कुछ नहीं किया, जिससे परेशान होकर रोड जाम करना पड़ा। कॉलोनी निवासी दुकानदार राजू अरोड़ा ने बताया कि सारा दिन धूल उड़ने से उनकी दुकानदारी खराब होती हैं। कुछ तो हम पहले से कोरोना की मार झेल रहे हैं ऊपर से ये मिट्टी जो सारा दिन उड़ती रहती हैं। इसलिए जिला प्रशासन से मांग है कि इसे रोड को तुरंत ठीक करे, ताकि हम अपनी दुकानदारी अच्छे से चला सके। इस मौके पर पहुचे बीटीएम चौकी इंचार्ज सुरेश कुमार ने लोगों की मांग सुनी और तुरंत ठेकेदार के नुमाइंदे सुमित खेमका को बुलाया। उसको इस रोड पर पानी छिड़कने को कहा और रोड जाम खुलवाया।

## भिवानी में दादरी गेट और गिर्राज कॉलोनी बनी कंटेंमेंट जोन

**भिवानी।** कोविड-19 महामारी संक्रमण के एकाएक अधिक केस सामने आने पर स्वास्थ्य विभाग की सिफारिश पर जिला प्रशासन द्वारा स्थानीय शहर में दो जगहों पर माईक्रो कंटेनमेंट जोन घोषित किया है।

जिलाधीश जयबीर सिंह आर्य ने इस बारे में आदेश जारी कर दिए हैं। उन्होंने इन क्षेत्रों में समुचित सेवाओं व ऐतिहात बरतने को लेकर पुलिस, स्वास्थ्य, बिजली निगम एवं नगर परिषद अधिकारियों की ड्यूटी लगाई है। माईक्रो कंटेनमेंट जोन में लोगों के आवागमन पर प्रतिबंध रहेगा। जिला प्रशासन द्वारा लोगों से सावधानी बरतने की अपील की गई है। जिलाधीश द्वारा जारी किए गए आदेशानुसार स्थानीय अहीरों की गली दादरी गेट क्षेत्र में कोरोना महामारी संक्रमण के एकाएक अधिक केस सामने आए हैं। ऐसे में यहां पर इस गली में सज्जन के घर से रघबीर के घर तक माईक्रो कनटेंमेंट जोन बनाया गया है। इसी प्रकार से स्थानीय गिरीराज कॉलोनी में महेन्द्र जेई के घर से रविन्द्र एडवोकेट के घर तक माईक्रो कंटेनमेंट जोन घोषित किया है। जिलाधीश द्वारा जारी आदेशानुसार स्वास्थ्य विभाग द्वारा इस क्षेत्र में कोरोना संक्रमित व्यक्तियों की पहचान करने के लिए टीमों का गठन कर दिया गया है, जो यहां के संक्रमण से संदिग्ध लोगों के सेंपल लेंगी। स्वास्थ्य विभाग की टीमों में आशा वर्कर, एएनएम और आंगनवाड़ी कार्यकर्त्ता शामिल हैं, जो डोर-डोर जाकर स्क्रीनिंग करवाने का काम करेंगी। इस दौरान नागरिकों की थर्मल स्क्रीनिंग भी की जाएगी।

प्रेरणा

पायनियर हरियाणा
हमेशा सच के साथ



विकेश भारतीय
लेखक एवं मोटिवेशनल स्पीकर

जिंदगी को सुधारने की कोशिश तो करें,
मरना तो सबको है मरने से पहले क्यों मरें,
लोगों को ग़लत काम करने में डर नहीं लगता,
फिर हम सही काम करने से क्यों डरें।

# वी लेकर आए हैं टी-20 के प्रशंसकों के लिए नया रोमांच

### अब आप मैच देखने के साथ-साथ खेलने का लुत्फ भी उठा सकते हैं

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम/हिसार

**देश** के सबसे बड़े खेल आयोजन की शुरूआत के साथ वीवो आईपीएल-2021 के एसोसिएट मीडिया स्पॉन्सर और भारत के अग्रणी दूरसंचार सेवा प्रदाता वी ने गेम की लोकप्रिय अवधारणा पर आधारित एक रोचक पहल 'प्ले अलोंग' का लॉन्च किया है, जिसके माध्यम से आप लाइव टी-20 लीग देखने के साथ-साथ खुद भी खेल सकते हैं।

यानि आप अगले 52 दिनों तक रोजाना अकेले या अपने दोस्तों के साथ 60 मैच खेल सकते हैं और मस्ती के साथ-साथ ढेरों रिवॉर्ड्स भी पा सकते हैं। वी उपभोक्ताओं के लिए ऑनलाइन गेमिंग वी देखो भी, खेलो भी, जीतों भी लेकर आया है, जिसके तहत उपभोक्ता 9 अप्रैल से 30 मई 2021 के बीच रोजाना ढेरों पुरस्कार और बंपर टूर्नामेन्ट पुरस्कार जीतने का मौका पा सकते हैं। डिजनी प्लस हॉटस्टार के साथ साझेदारी में वी ने यह ऐलान किया है, जिसके तहत वी के उपभोक्ता अपने मोबाइल फोन के जरिए आईपीएल टी-20 गेम लाइव देख सकते हैं, फिर चाहे वे कहीं पर भी हों।

**वी देखो भी, खेलो भी, जीतो भी:**

-वी के सभी उपभोक्ता (प्री-पेड और पोस्टपेड) रजिस्टर कर सकते हैं और गेम खेल सकते हैं। उन्होंने वी ऐप के होम पेज पर जाकर वन टाईम रजिस्ट्रेशन करनला होगा। इसमें किसी तरह की कोई शर्त नहीं है!

-हर गेम में 4 अवस्थाएं होंगी-प्री-मैच, प्ले अलोंग, स्ट्रैटेजिक टाईम-आउट और पावर प्ले।

-दिन के मैच के आधार पर रोजाना चैलेन्ज दिया जाएगा।

-उपभोक्ता गेम के परिणामों का अनुमान भी लगा सकते हैं- जैसे कौन टॉस जीतेगा, कौन मैच जीतेगा, अगले ओवर में कितने रन बनेंगे, आदि।

-आप अतिरिक्त स्कोर पाने के लिए क्रिकेट के बारे में अपने ज्ञान का उपयोग भी कर सकते हैं।

-हर दिन के मैच के परिणाम खेल खत्म होने के बाद प्रकाशित किए जाएंगे।

# 10 लाख से अधिक लोगों के लिए कोविड-19 का टीका लगाने का खर्च उठाएगा अमेजन इंडिया

### *इसमें कर्मचारी, एसोसिएट्स, एसएमबी सेलर्स, ऑपरेशंस पार्टनर्स और उनके आश्रित शामिल रहेंगे*

पायनिया समाचार सेवा। गुरुग्राम/फरीदाबाद।

**भारत** में 45 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्तियों के लिए कोविड-19 का टीका उपलब्ध होने के साथ ही, अमेजन इंडिया के अपने कर्मचारियों, एसोसिएट्स, सेलर्स और पार्टनर्स को जल्द से जल्द उचित समय पर टीकाकरण करवाने के लिए प्रोत्साहित कर रहा है ताकि वे स्वयं की, अपने परिवारों और अपने समुदायों की सुरक्षा सुनिश्चित कर सकें।

अमेजन इंडिया न सिर्फ अपने सभी भारतीय कर्मचारियों और एसोसिएट्स के कोविड-19 टीकाकरण का खर्च उठाएगा, बल्कि अमेजन फ्लेक्स ड्राइवरों, आई हैव स्पेस (आईएचएस) स्टोर पार्टनर्स, ट्रेकिंग पार्टनर्स और उनके योग्य आश्रितों सहित डिलिवरी पार्टनर एसोसिएट्स के ऑपरेशंस पार्टनर नेटवर्क के टीकाकरण का खर्च भी देगा। अमेजन इंडिया ने घोषणा की है कि यह लाभ पिछले साल से सक्रिय लिस्टिंग में मौजूद अमेजन इंडिया के सभी सेलर्स के लिए भी उपलब्ध होगा।

इस घटनाक्रम के बारे में बताते हुए, अमेजन इंडिया के सीनियर वाइस-प्रेसिडेंट और कंट्री मैनेजर, अमित अग्रवाल ने कहा कि पिछले साल से हमारी टीमों, सेलर्स और पार्टनर्स ने देश भर में कोविड-19 के कारण पैदा हुई चुनौतियों का मुकाबला करने का विनम्र प्रयास किया है। हमने बहुत इनोवेशन देखा है, और सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि हमने भारत के लोगों की सेवा करने और ग्राहकों को सुरक्षित रखने के प्रति मजबूत आग्रह देखा है। हमारी टीमों और पार्टनर्स का स्वास्थ्य और उनकी सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। हम योग्य व्यक्तियों को टीका लगवाने के लिए प्रोत्साहित कर रहे हैं, और अपने कर्मचारियों, एसोसिएट्स, ऑपरेशन पार्टनर नेटवर्क, सेलर्स और उनके योग्य आश्रितों की निरंतर सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए उनके टीकाकरण का खर्च भी उठाएंगे।

कंपनी ने अमेजन के साथ काम करने वाले और स्टाफिंग एजेंसियों के जरिये भर्ती किये जाने वाले कर्मचारियों और एसोसिएट्स के लिए व्यापक सपोर्ट सिस्टम स्थापित किया है। अमेजन इंडिया कोविड-19 उपचार के लिए लागत कवरेज, अस्पताल की तलाश और निर्धारित कोविड-19 परीक्षणों की कवरेज की लागत चुकाने में मदद कर रहा है। वर्तमान परिस्थितियों से निपटने के लिए विभिन्न इनिशिएटिव्स को बढ़ाया गया है और विकसित किया गया है।

ये नए लाभ अमेजन ने पिछले साल विश्व स्तर पर टीमों के लिए विशेष बोनस और प्रोत्साहन में जो 2.5 बिलियन अमेरिकी डॉलर निवेश किया है, उसमें सबसे ऊपर हैं, और कंपनी ने कुल मिलाकर कोविड-19 संबंधी उपायों में 11.5 बिख्दान करने में सक्षम बनाया है। 2020 में, अमेज़न ने कोविड-19 की वैश्विक महामारी के कारण पैदा हुई आर्थिक चुनौतियों से निपटने के लिए भारत में अपने इकोसिस्टम में एसएमबी की मदद करने के लिए कई उपाय किए थे।

# कुरुक्षेत्र में 100 दिनों में 864 विद्यार्थी कोरोना वायरस से हुए संक्रमित

चन्द्र अग्रवाल। थानेसर

**कुरुक्षेत्र** जिले में पिछले 100 दिनों में कोरोना से 4053 लोगों की रिपोर्ट पॉजिटिव आ चुकी है। इनमें से 864 पाजिटिव केसों का आंकड़ा केवल विद्यार्थियों का है। इस जिले में पिछले तीन महीने 11 दिनों में पाजिटिव केसों में 21 प्रतिशत आकंडा केवल स्कूली विद्यार्थियों का है।

इस विषय को गम्भीरता से लेते हुए स्वास्थ्य विभाग का फोकस राजकीय स्कूलों पर है। इस वायरस के संक्रमण को रोकने के लिए स्वास्थ्य विभाग लोगों को मास्क पहनने, सामाजिक दूरियां रखने, जरुरी कार्य पर ही घर से बाहर निकलने, सेनिटाईजर का प्रयोग करने और बार-बार हाथों को साबुन से धोने जैसे विषयों के प्रति जागरुक कर रहा है।

उपायुक्त शरणदीप कौर बराड़ ने मंगलवार को उपायुक्त कार्यालय में स्वास्थ्य विभाग के कोरोना नोडल अधिकारी व स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारियों से कोरोना की रोकथाम को लेकर मंत्रणा की। अभी तक पिछले तीन महीनों के डाटा पर विचार-विमर्श भी किया है। उपायुक्त ने जनवरी, फरवरी, मार्च और 11 अप्रैल तक के कोरोना संक्रमण के आंकड़ों पर चर्चा करते हुए कहा कि कुरुक्षेत्र जिले में जनवरी माह में 238 पॉजिटिव केसों में से 39 विद्यार्थियों की संख्या शामिल थी। इसी प्रकार



उपायुक्त शरणदीप कौर बराड़।

फरवरी में 263 में से 61, मार्च में 1982 में से 392 तथा 11 अप्रैल तक 1570 में 372 सहित जनवरी से 11 अप्रैल तक कुल 4053 केसों में से 864 पाजिटिव केस विद्यार्थियों के है। इस प्रकार 21 प्रतिशत विद्यार्थी कोरोना से संक्रमित हुए है जो किए एक चिंता का विषय है। इस विषय को लेकर स्वास्थ्य और शिक्षा विभाग के अधिकारी उन राजकीय स्कूलों पर विशेष फोकस रखे हुए है, जिन स्कूलों में पाजिटिव केसों की संख्या ज्यादा है। उन्होंने कहा कि 12 अप्रैल तक कुरुक्षेत्र में कुल पाजिटिव केसों की संख्या 12806 पर पहुंच गई है। इसमें से 11327 मरीज रिकवर हो चुके है। अब तक जिले में 157 लोगों की कोरोना संक्रमण के कारण मौत हो चुकी है। इनमें से 156 लोगों की मौत अलग-अलग अस्पतालों में और एक व्यक्ति की मौत घर पर ही हुई है। इस समय कुरुक्षेत्र में 1061 एक्टिव केस है। स्वास्थ्य विभाग की तरफ से घर में आईसोलेट रह चुके 9914 लोगों को किट मुहैया करवाई जा चुकी है। इस जिले में 447 मरीजों को आईएलआई और एसएआरआई के सिमटम थे। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को आदेश दिए है कि कोरोना का संक्रमण फिर से बढ़ रहा है।

### विदेशों से आए 527 लोगों पर रखी स्वास्थ्य विभाग ने नजर

उपायुक्त शरणदीप कौर बराड़ ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग से मिली रिपोर्ट के अनुसार 23 नवम्बर 2020 से 12 अप्रैल 2021 तक विदेशों से कुल 527 लोग आए। इनमें से 375 लोगों के सैम्पलों की जांच की गई। हालांकि 23 लोगों ने सैम्पल करवाने से मना भी किया। इनमें से 336 की रिपोर्ट नेगटिव थी और 7 केस पाजिटिव पाए गए थे। जबकि 72 लोगों की रिपोर्ट अभी आनी बाकी है। इन सभी लोगों के 130 प्राइमरी सम्पर्कों पर भी नजर रखी जा रही है।

### 94 हजार डोज लोगों को लगाई जा चुकीं

उपायुक्त शरणदीप कौर बराड़ ने कहा कि कुरुक्षेत्र में 16 जनवरी से 11 अप्रैल तक कोविशिल्ड के एक लाख 3 हजार 470 और कोवैक्सीन के 15 हजार डोज प्राप्त हुई। इनमें से 94 हजार डोज लोगों को लगाई जा चुकी है। इस जिले में 14 अप्रैल तक टीका उत्सव का आयोजन भी किया जा रहा है। इस टीका उत्सव में 45 वर्ष से ज्यादा आयुवर्ग के लोगों को वैक्सीन दिया जा रहा है।

# हरियाणा में नहीं होगा लॉकडाउन अफवाहों पर न जाएं प्रवासी मजदूर

## गृहमंत्री ने कहा पलायन की बजाए अपने काम पर ध्यान दें

### राज्य में मांग के अनुरूप मौजूद हैं कोरोना वैक्सीन

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़

**हरियाणा** के गृहमंत्री अनिल विज ने साफ कर दिया है कि हरियाणा में लॉकडाउन नहीं लगाया जाएगा। प्रवासी मजदूरों को इस संबंध में फैल रही अफवाहों की तरफ ध्यान देने की जरूरत नहीं है। वह यहीं रहकर न केवल अपना काम करें। वे प्रदेश के आर्थिक विकास में अपनी भूमिका को सुनिश्चित करें।

मंगलवार को चंडीगढ़ में पत्रकारों से बातचीत में अनिल विज ने कहा कि लॉकडाउन की अफवाहों के चलते अपने मूल राज्यों को जाने वाले कामगारों को तुरंत पलायन रोकना होगा। हरियाणा सरकार पूरी तरह से उनके साथ है। विज ने कहा कि प्रदेश



सरकार लॉकडाउन नहीं करेगी अलबत्ता सख्ती करके कोरोना पर काबू पाया जाएगा। इसमें प्रदेश वासियों के सहयोग की जरूरत है। यदि कोई सहयोग नहीं करेगा तो उसके साथ सख्ती बरती जाएगी।

स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि प्रदेश में कोरोना से बचाव के लिए वैक्सीन की कोई कमी नहीं है। कोई भी अगर ऐसी बात करता है तो वह गलत और अफवाह है। उन्होंने कहा कि पड़ोसी राज्यों की तरह हरियाणा में भी कोरोना तेजी के साथ फैल रहा है। फिर भी हम लॉकडाउन लगाकर अर्थव्यवस्था को नुकसान नहीं पहुंचाना चाहते। लोगों के काम धंधे और रोजगार बंद हो जाएंगे। उद्योगों के बंद होने का असर पूरी अर्थव्यवस्था पर पड़ेगा। मजदूरों में असुरक्षा की भावना पैदा हो जाएगी। इसलिए, सरकार ने सोच समझकर ही नाइट कर्फ्यू लगाने का फैसला किया है। गृह मंत्री ने कहा कि गृह, स्वास्थ्य और शहरी निकाय विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिवों तथा डीजीपी को कोरोना से बचाव के नियमों का सख्ती से अनुपालन कराने को कहा गया है। सरकार नियम तोड़ने वालों के प्रति जरा भी हमदर्दी नहीं रखेगी। उन्होंने एक सवाल के जवाब में कहा कि हम फैक्ट्रियां भी बंद नहीं कर रहे हैं। उद्योगों में नाइट शिफ्ट में काम करने वाले मजदूर और कर्मचारी रात नौ बजे से पहले फैक्ट्री में प्रवेश कर लें और रात भर काम करें। सुबह को पांच बजे के बाद ही ड्यूटी खत्म कर बाहर निकलें। इसलिए किसी भी मजदूर या कर्मचारी को न तो डरने की जरूरत है और न ही पलायन करने की आवश्यकता है। विज ने बताया कि परिवहन संसाधनों की अंतर राज्यीय मूवमेंट जारी रहेगी।

### अब तक 26 लाख को लगाई गई वैक्सीन

हरियाणा के स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने बताया कि अब तक 26 लाख लोगों को वैक्सीन लग चुकी है। प्रदेश सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर 11 से 14 अप्रैल तक टीकाकरण उत्सव मना रही है। इस अवधि में 10 लाख लोगों को टीके लगाने का लक्ष्य है, जो बुधवार को पूरा हो जाएगा। अप्रैल माह के अंत तक कुल 35 लाख लोगों को टीके लग चुके होंगे। राज्य में 45 साल की उम्र से अधिक लोगों की संख्या करीब 60 लाख है। मई माह के अंत तक इन सभी को टीके लगा दिए जाएंगे।

# उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला का 14 को कैथल में करेंगे विरोध : बैनीवाल

## संयुक्त किसान मोर्चा ने दी चेतावनी



बैठक को संबोधित करते हुए विक्रम

पीएल वर्मा। कैथल

**यदि** भाजपा अथवा जेजेपी का कोई भी विधायक 14 अप्रैल को भीमराव अंबेडकर कॉलेज जगदीश पुरा में अंबेडकरी की मूर्ति स्थापना का बहाना लेकर समाज को बांटना चाहता है तो उसका किसान संयुक्त मोर्चा व अंबेडकर सभा काले झंडों से विरोधी करेगी। ये निर्णय आज मंगलवार को किसान संयुक्त मोर्चे व अंबेडकर सभा की संयुक्त बैठक में लिया गया। यह बैठक फूल सिंह गौतम की अध्यक्षता में हुडा के सेक्टर-19 पार्क में आयोजित हुई। जिसका संचालन भरत सिंह बैनीवाल ने किया।

बैठक को संबोधित करते हुए विक्रम कसाना, जयप्रकाश शास्त्री, होशियार सिंह गिल व खाप नेता सुरजीत सिंह बैनीवाल ने बताया कि कल बाबा भीमराव अंबेडकर की जयंती समाज के 36 बिरादरी के लोगों द्वारा अंबेडकर कॉलेज के सामने हिसार चंडीगढ़ रोड पर मनाई जाएगी। यहीं पर ही भाजपा व जजपा के नेताओं का विरोध किया जाएगा। बैठक को संबोधित करते हुए सुरेश द्राविड, ईशम सिंह तंवर, महेन्द्र सिंह रामगढ़ व संदीप भाल ने बताया कि किसान मोर्चे को विश्वस्त सूत्रों से पता चला है कि प्रदेश के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला डा भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा का अनावरण करने के लिए दोपहर 12 बजे सरकारी कॉलेज कैथल में पहुंच रहे हैं।

# विधायक ने गांव बाहरी की गऊशाला की चारदिवारी की रखी नींव

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र

**विधायक** सुभाष सुधा ने कहा कि बाहरी गांव के लोगों और युवा वर्ग के लिए लाखों रुपये का बजट खर्च करके सुंदर पार्क और खेल स्टेडियम का निर्माण किया जाएगा। इस परियोजना को शुरु करने के लिए सम्बन्धित अधिकारियों को आदेश दिए गए हैं।

इतना ही नहीं बाहरी गऊशाला की चारदिवारी पर भी 25 लाख रुपये की राशि खर्च की जाएगी। विधायक सुभाष सुधा मंगलवार को गांव बाहरी में बैसाखी पर्व को लेकर नभेश्वर मंदिर में पूजा अर्चना करने के लिए पहुंचे। इससे पहले विधायक सुभाष सुधा, भाजपा युवा नेता साहिल सुधा सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने नभेश्वर



गऊशाला में गाय की पूजा करते विधायक सुभाष सुधा।

मंदिर में भगवान शिव भोलेनाथ पर जल चढ़ाया। उन्होंने पूजा अर्चना की। इस दौरान विधायक सुभाष सुधा ने बाहरी गऊशाला की चारदीवारी की नींव रखी।

इस चारदीवारी पर नगर परिषद की तरफ से 25 लाख रुपये की राशि खर्च की जाएगी। विधायक ने कहा कि बाहरी गांव में कई एकड़ खाली पड़ी जमीन पर स्टेडियम का निर्माण किया जाएगा। इस स्टेडियम के साथ ही भव्य पार्क बनाया जाएगा। सैर करने के लिए पाथ वे का भी निर्माण किया जाएगा। इस कार्य को शुरु करने के लिए नगर परिषद और अन्य सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी कर दिए है।

# डॉ.भीमराव अंबेडकर ने समाज को दी नई दिशा: नरेंद्र राणा

पायनियर समाचार सेवा। असन्ध

**संविधान** निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती वाल्मीकि मंदिर में धूमधाम से मनाई गई। जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर बसपा प्रदेश उपाध्यक्ष नरेंद्र राणा ने शिरकत की।

कमेटी के सदस्यों ने बसपा प्रदेश उपाध्यक्ष राणा का फूल मालाएं डालकर जोरदार स्वागत किया। बसपा प्रदेश उपाध्यक्ष नरेंद्र राणा व कार्यकर्ताओं ने बाबा साहेब डॉ.भीमराव अंबेडकर के चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। बसपा प्रदेश उपाध्यक्ष नरेंद्र राणा ने कहा कि संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर ने देश व समाज को एक नई दिशा दी थी। उन्होंने कहा कि देश में छुआछूत जैसी सामाजिक बुराइयों के खिलाफ उनके आन्दोलन का दूरगामी असर हुआ। इससे समाज में एकता की



भावना पैदा हुई। राणा ने कहा कि आज जरूरत है उनके बताए गए रास्ते पर चलने की। उन्होंने कहा कि हमें बाबा साहेब के जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब ने दलित व पिछड़े वर्गों में आत्म सम्मान की भावना का संचार कर उन्हें देश की मुख्य धारा से जोड़ा। समाज के प्रत्येक व्यक्ति को उनके दिखाए गए मार्ग पर चलने की आवश्यकता है। इस अवसर पर मंगत राम वाल्मीकि, महावीर फौजी, श्याम लाल जिंदल, दयानंद रोड, पूर्व सरपंच रामकुमार उपलाना मौजूद रहे।

# अब तक खरीदा एक लाख 91 हजार 593 एमटी गेहूं

**कुरुक्षेत्र।** गेंहू खरीद के सीजन में अब तक खरीद एजेंसियों द्वारा अलग-अलग खरीद केन्द्रों से कुल एक लाख 91 हजार 593 मीट्रिक टन गेंहू की खरीद की है। जिले में खरीद केन्द्रों पर गेंहू की खरीद का कार्य सुचारु रुप से चल रहा है।

इन खरीद केन्द्रों पर किसान अपनी फसलों को लेकर अपने निर्धारित शैड्यूल के अनुसार खरीद केन्द्रों पर पहुंच रहे है। इसके साथ मंडियों में आने वाले किसानों व मजदूरों को कोविड-19 की गाइडलाइंस की पालना करने के लिए जानकारी देकर जागरुक भी किया जा रहा है। उपायुक्त शरणदीप कौर बराड़ ने जिला खाद्य एवं आपूर्ति विभाग द्वारा जारी रिपोर्ट के आधार पर कहा कि खरीद केन्द्रों पर 10 अप्रैल 2021 तक खरीद एजेंसियां द्वारा 1 लाख 91 हजार 593 मीट्रिक टन गेंहू की खरीद की गई है।

# तारीख बढ़ाने के बावजूद कम स्कूलों ने जमा कराया फार्म-6

## अभिभावक एकता मंच ने आरटीआई लगाकर पिछले पांच साल के फार्म-6 की मांगी फोटो स्टेट

### हाईकोर्ट में हरियाणा मंच जनहित याचिका डालने को है तैयार

कैलाश शर्मा। पंचकूला

**शिक्षा** नियमावली के नियम के तहत प्रत्येक प्राइवेट स्कूल को 31 दिसंबर तक अपने स्कूल की फीस, आय व व्यय तथा अन्य ब्यौरा बैलेंस शीट के साथ फार्म- 6 पर भरकर ऑनलाइन शिक्षा निदेशक पंचकूला व हार्ड कॉपी जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में जमा कराना होता है लेकिन इस बार हरियाणा सरकार ने प्राइवेट स्कूल संचालकों के दबाव में फार्म-6 जमा कराने की तारीख को 31 मार्च तक बढ़ा दिया। उसके बावजूद प्रदेश के अधिकांश प्राइवेट स्कूलों ने शिक्षा निदेशक कार्यालय पंचकूला में फार्म-6 जमा नहीं कराया है। जिन्होंने जमा भी कराया है तो उसके साथ नियमानुसार बैलेंस शीट संलग्न नहीं की है।

हरियाणा अभिभावक एकता मंच ने शिक्षा निदेशक कार्यालय पंचकूला में आरटीआई लगाकर उन प्राइवेट स्कूलों की जिले वाइज, इयर वाइज लिस्ट मांगी है। जिन्होंने पिछले पांच





साल में बैलेंस शीट के साथ फार्म-6 ऑनलाइन शिक्षा निदेशक पंचकूला में जमा कराया है। मंच ने अभिभावकों से भी कहा है कि वे अपने बच्चे के स्कूल द्वारा पिछले 5 से 10 साल में ट्यूशन फीस व अन्य फंडों में की गई वृद्धि के ब्यौरे का चार्ट बना कर तुरंत मंच को उपलब्ध कराएं।

मंच के प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट ओपी शर्मा व प्रदेश महासचिव कैलाश शर्मा ने कहा है कि फार्म-6 में स्कूल प्रबंधकों को चालू शिक्षा सत्र में ली जा रही फीस व आगामी शिक्षा सत्र में बढ़ाकर ली जाने वाली फीस व फंड्स का ब्यौरा, प्रत्येक अध्यापक व कर्मचारी को दी जा रही तनखा सहित अन्य जानकारी भर कर देनी होती है। शिक्षा निदेशक कार्यालय बढ़ाई गई फीस के ब्योरे की वैधानिकता की जांच करता है। उसके बाद स्कूलों को फीस बढ़ाने की अनुमति प्रदान करता है लेकिन स्कूल प्रबंधक फार्म-6 जमा कराते ही बढ़ाई गई फीस के अनुसार अभिभावकों से फीस वसूलना शुरू कर देते हैं। मंच का कहना है कि फार्म-6 प्राइवेट स्कूल संचालकों को दिया गया। वह लाइसेंस है, जो उनको सुरक्षा कवच प्रदान करता है। स्कूल संचालक फ र्म-6 में कुछ भी लिख दें। स्कूल व सरकार की नजर में वह सही हो जाता है। खाता न बही, स्कूल वाले जो लिख दें वही सही। मंच के प्रदेश महासचिव कैलाश शर्मा ने कहा है कि फार्म-6 में जो प्रस्तावित फीस का ब्यौरा दिया जाता है और साथ में जो बैलेंस शीट लगाई जाती है वह सही है। न्याय संगत है उसकी कोई जांच नहीं करता पिछले 10 साल से ऐसा ही हो रहा है। स्कूल संचालक सरकार द्वारा दिए गए इस लाइसेंस रूपी फ र्म-6 में कितनी भी बढ़ी हुई फीस व फंड लिख दें। वे उसी अनुसार मोटी फीस वसूलते हैं। जब भी मंच और पेरेंट्स शिक्षा निदेशक, चेयरमैन एफ एफआरसी व जिला शिक्षा अधिकारी से स्कूलों की मनमानी की शिकायत करता है तो उनका कहना होता है कि स्कूल प्रबंधकों ने फार्म-6 में जो बढ़ी हुई फीस का ब्यौरा दिया है। वे उसी के अनुसार फीस ले रहे हैं। इसमें उनकी कोई गलती नहीं है। स्कूल प्रबंधकों का भी यही तर्क होता है कि हमने जो बढ़ी हुई फीस का विवरण फ र्म-6 में लिखा है। उस पर शिक्षा निदेशक हरियाणा ने कोई एतराज नहीं किया और शिक्षा विभाग ने मान लिया कि स्कूल वालों ने जो फीस बढ़ाई है। वह सही है। मंच का आरोप है कि यह सब शिक्षा विभाग व प्राइवेट स्कूल संचालकों की आपसी सांठगांठ के चलते हो रहा है। मंच के प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट ओपी शर्मा ने कहा है कि मंच द्वारा पंजाब एंड हरियाणा हाईकोर्ट में एक जनहित याचिका डालकर इस सांठगांठ की जांच करने, शिक्षा निदेशक द्वारा फार्म-6 में दर्शाए गए ब्यौरे की जांच न करने व प्राइवेट स्कूलों द्वारा पिछले 10 साल में बढ़ाई गई फीस व फंड की वैधानिकता की जांच करने की अपील की जायेगी। इसीलिए आरटीआई लगाकर पिछले पांच साल के फार्म-6 और बैलेंस शीट को मांगा जा रहा है। मंच के प्रदेश महासचिव कैलाश शर्मा ने कहा है कि स्कूल प्रबंधक अभिभावकों से ली गई फीस की राशि का दुरुपयोग करते हैं, गैरकानूनी मदों जैसे अखबारों में विज्ञापन, स्कूलों में होने वाले वार्षिक उत्सव, अपने घरों में एसी व अपने लिए कार व प्लॉट खरीदने, विदेशों में अपने परिवार के साथ टूर पर जाने का खचार्, कोर्ट में मुकदमा लड़ने, बसों को खरीदने का खर्चा, स्कूल के चेयरमैन व उसकी पत्नी को 500000 की तनखा दिखाने का खर्चा और ऐसे ही अनेक मदों में खर्चा दिखाकर वे अपने ऑडिटर से अपने आय और व्यय की राशि को बराबर दिखा देते हैं या अपने स्कूल को घाटे में चलता हुआ दिखाते हैं। इनता ही नहीं लाभ के पैसे को अन्य जगह ट्रांसफर कर देते हैं। मंच ने आरटीआई के माध्यम से फरीदाबाद, गुरुग्राम सहित अन्य कई जिलों में फ ीस एंड फंड रेगुलेटरी कमिटी के आदेश पर करवाई गई प्राइवेट स्कूलों की ऑडिट रिपोर्ट प्राप्त की है।

# रक्तदान शिविर आज


**कुरुक्षेत्र।** सर्व समाज कल्याण सेवा समिति द्वारा बाबा साहेब डा. भीमराव अंबेडकर की जयंती के उपलक्ष में 14 अप्रैल को लोकनायक जयप्रकाश नागरिक अस्पताल के ब्लड बैंक में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। समिति के प्रदेशाध्यक्ष रामेश्वर सैनी ने बताया कि शिविर में कोई भी स्वस्थ व्यक्ति रक्तदान कर सकता है।

# लम्बे समय से चली आ रही ओवर ब्रिज की मांग पूरी की सांसद ने

### सांसद ने कहा, स्थानीय 60 हजार लोगों को हो रही थीं काफी परेशानियां

पायनियर समाचार सेवा। भिवानी

**बड़े** लम्बे समय से चली आ रही ओवर ब्रिज की मांग मंगलवार को सांसद धर्मबीर सिंह ने पूरी कर दी। इस पर क्षेत्रवासियों ने खुशी प्रकट करते हुए लड्डू बांटे। यहां पर लोगों को आवाजाही में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। यहां के क्षेत्रवासियों ने आंदोलन भी किये और मंत्रियों, सांसदों व यहां तक कि मुख्यमंत्री के समक्ष भी पुरजोर तरीके



से अपनी आवाज उठाई थी। महापंचायत के संयोजक लाला पहलवान, मीडिया प्रभारी शिव कुमार गोठवाल ने कहा कि रेल लाइन पार पर 60 हजार की आबादी है। यहां पर लोगों को काफी मुश्किलें हो रही थी। जिसके चलते ज्यादातर विद्यार्थियों को मुश्किलों का सामना करना पड़ता था और यह आबादी शहर से भी कट चुकी थी। रेल अंडर पास बनने से यह शहर का हिस्सा हो जाएगा। रेल ओवर ब्रिज का शुभारंभ करते हुए सांसद धर्मबीर सिंह ने कहा कि यहां के 60 हजार लोगों को काफी परेशानियां हो रही थी।

जिस पर आज उन्होंने काम की शुरुआत करवा दी है। उन्होंने कहा कि यह अंडर पास सिवानी तक लोगों को आने जाने में सहायता प्रदान करेगा। यह ओवर ब्रिज 25 करोड़ रुपए की लागत से बनकर तैयार होगा। उन्होंने काम कर रहे ठेकेदार से बातचीत की तो उन्होंने कहा कि यह ओवर ब्रिज 18 माह में बनकर तैयार हो जायेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### भारतीय जाट सभा ने मनाया अंतरराष्ट्रीय जाट दिवस

**सिरसा।** भारतीय जाट सभा ने जिला सिरसा के चौपटा कस्बे में अंतरराष्ट्रीय जाट दिवस मनाया। इस मौके पर भारतीय जाट सभा के संरक्षक एडवोकेट वीरेन्द्र सिंह भादू, अध्यक्ष हनुमान सिंह पूनिया सहित जाट समाज के अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे और सभी उपस्थितजनों ने अंतरराष्ट्रीय जाट दिवस पर जाट समाज की प्रसिद्ध विभूतियों को पुष्प अर्पित करके श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर उपस्थितजनों सम्बोधित करते हुए एडवोकेट वीरेन्द्र सिंह भादू और हनुमान सिंह पूनिया ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय जाट दिवस हर वर्ष अप्रैल माह में 13 तारीख को मनाया जाता है। अप्रैल माह में फसलें पककर तैयार हो जाती है इसलिए यह दिवस जाट समुदाय के लोगों के लिए हर्षोल्लास का भी मौका होता है, क्योंकि अधिकतर जाट समुदाय किसी न किसी रूप से कृषि के कार्य से जुड़ा हुआ है। अप्रैल माह में जाट समुदाय के घर खेतों से अन्न पककर आता है। जाट के माध्यम से हर घर तक अन्न पहुंचता है वहीं इस बार आज के दिन नवसंवत्सर आरंभ हुआ है। आज हिंदू नववर्ष भी धूमधाम से मनाया जा रहा है। इस मौके पर पूर्णदास महाराज, एडवोकेट कालूराम जाखड़, डॉ. दौलत चौधरी, दीवान सहारण, भीष्म सिंह, लीलूराम कस्वां, लालचंद, संदीप सहारण, संदीप कड़वासरा, सतपाल गोदारा, मनोज जांदू, सतबीर सहारण, प्रह्लाद बैनीवाल, संजय सहारण, हनुमान बैनीवाल आदि मौजूद रहे।

### नाइट कर्फ्यू की उल्लंघना पर होगी कड़ी कार्रवाई

**सोनीपत।** कोविड-19 कोरोना वायरस से संरक्षण के उद्देश्य से जिलाधीश श्याम लाल पूनिया ने सोनीपत जिला में रात्रि 9 बजे से प्रात: काल 5 बजे नाइट कर्फ्यू लगाने के आदेश जारी किए हैं। यह आदेश आगामी आदेशों तक जारी रहेंगे। इस समयावधि में आदेशों की उल्लंघना करने वालों के खिलाफ आपदा प्रबंधन अधिनियम 2005 के अंतर्गत कड़ी कार्रवाई की जाएगी। जिलाधीश श्याम लाल पूनिया ने कहा कि कोरोना वायरस के बढ़ते मामलों के दृष्टिगत सरकार ने नाइट कर्फ्यू के आदेश जारी किए हैं, जिनकी अनुपालना जिला सोनीपत में प्रभावी तरीके से सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने कहा कि नाइट कर्फ्यू के दौरान जिला में लोगों की गैर-आवश्यक गतिविधियों पर प्रतिबंध रहेगा। वे सड़क या किसी सार्वजनिक स्थान पर अनावश्यक रूप से न तो घर के बाहर पैदल और न ही गाड़ी से घूम सकेंगे। जिलाधीश ने बताया कि नाइट कर्फ्यू के समय लोगों की परेशानियों को समझते हुए आवश्यक सेवाओं से जुड़े लोगों को छूट दी जा रही है। उन्होंने बताया कि जिन लोगों के लिए, छूट का प्रावधान किया गया है, उनमें कानून और व्यवस्था, आपात स्थिति तथा नगरपालिका सेवाओं, ड्यूटी में कार्यरत कार्यकारी-मजिस्ट्रेट, पुलिस कर्मियों, वर्दी में सेना, सीएपीएफ बल के जवान, स्वास्थ्य, बिजली, अग्निशमन विभाग, सरकार की ओर से मान्यता प्राप्त पत्रकार और कोविड-19 से संबंधित कार्यों के लिए लगाई गई सरकारी मशीनरी से जुड़े लोग शामिल हैं। इन सभी को पहचान-पत्र रखना होगा।

### महाराजा अग्रसेन चौक के निर्माण को लेकर सौंपा ज्ञापन

**सिरसा।** शहर सिरसा में महाराजा अग्रसेन चौक के निर्माण के लिए अग्रवाल समाज की विभिन्न संस्थाओं अग्रवाल सभा, अग्रवाल वैश्य समाज स्टूडेंट विंग, अखिल भारतीय सर्व वैश्य एकता महासंघ, हरियाणा प्रदेश वैश्य महासम्मेलन, यूथ सोशल वैल्फेयर क्लब सिरसा द्वारा अतिरिक्त उपायुक्त को उपायुक्त के नाम ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में कहा गया कि अग्रवाल समाज सिरसा शहर का बहुत ही शांतिप्रिय व जनसंख्या की दृष्टि से सबसे बड़ा समुदाय है। शहर में अग्रवाल समुदाय द्वारा विभिन्न तरह के सामाजिक व धार्मिक कार्यक्रमों में बढ़ चढ़कर योगदान दिया जाता है। ज्ञापन में कहा गया कि अग्रवाल समाज के आदिपुरुष महाराजा अग्रसेन के नाम से चौक निर्माण की मांग लंबे अरसे से की जा रही है। जिला प्रशासन व हरियाणा सरकार से मांग की गई कि अग्रवाल समाज को महाराजा अग्रसेन चौक के निर्माण के लिए उचित जगह मुहैया करवाई जाए व चौक के निर्माण के लिए प्रशासन सहयोग भी करे। इस मौके पर अग्रवाल वैश्य स्टूडेंट्स विंग के प्रदेश मीडिया प्रभारी आकाश चाचाण, अग्रवाल वैश्य युवा प्रकोष्ठ से प्रदेश सचिव कपिल सरावगी व हर्ष मरोदिया भी मौजूद थे।

### डॉ. अशोक तंवर आज सिरसा में

**सिरसा।** अपना भारत मोर्चा के संरक्षक व पूर्व सांसद डॉ. अशोक तंवर कल बुधवार 14 अप्रैल को अपने एक दिवसीय दौरे के दौरान सिरसा में विभिन्न कार्यक्रमों में शिरकत करेंगे। सुबह 11.30 बजे डॉ. अशोक तंवर बेगू रोड स्थित डॉ. भीमराव अंबेडकर भवन में डॉ. अंबेडकर जयंती कार्यक्रम में शिरकत करेंगे।

### नवरात्रों पर मंदिरों में हुई पूजा-अर्चना

**सिरसा।** जिलाभर में चैत्र मास के नवरात्रों के शुभारंभ पर मंगलवार को दुर्गा मंदिरों में श्रद्धालुओं ने मां दुर्गा की पूजा अर्चना कर घर में सुख समृद्धि की कामना की। शहर के सालासर धाम मंदिर में प्रथम नवरात्र पर श्रद्धालुओं की ओर से 251 अखंड ज्योति स्थापित की गई। विप्रजनों ने पूजा अर्चना के बाद मां भगवती की आरती की और श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित की। वहीं इसके अलावा श्रद्धालुओं ने अपने घरों में भी नवरात्र पर मां दुर्गा की पूजा अर्चना की। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने घरों में जौ रोपित कर उसके बीच में कलश स्थापित किया। माता रानी का भव्य श्रृंगार किया और उनके समक्ष नारियल रखा। बाद में मां दुर्गा की आरती की। वहीं नोहरिया बाजार की गली गोलछावाली स्थित इच्छापूर्ण हनुमान मंदिर में हर वर्ष की भांति इस बार 43वां नवरात्रा महोत्सव श्रद्धापूर्वक मनाया जाएगा। मंदिर के पुजारी बालकृष्ण दायमा ने 11 अखंड ज्योति स्थापित कर पूजा अर्चना के बाद आरती की। महिला श्रद्धालुओं ने मां भगवती का कीर्तन किया। शहर में बी ब्लॉक स्थित दुर्गा मंदिर, सर्राफों वाला मंदिर, खजांचियान मंदिर, शिवपुरी स्थित दुर्गा मंदिर सहित मां दुर्गा के मंदिरों में नवरात्र पर पूजा अर्चना की गई।

### साइबर सैल ने दो माह में ढूंढ निकाले 38 गुमशुदा मोबाइल

**सिरसा।** जिला की साइबर सैल पुलिस ने पिछले दो माह की अवधि के दौरान गुम हुए 38 मोबाइल फोन बरामद किए हैं। पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह ने इन मोबाइल फोन को उनके मालिकों को अपने कार्यालय में बुलाकर सौंपा। पुलिस अधीक्षक ने मोबाइल फोन तलाशने में अहम भूमिका निभाने वाली साइबर सैल टीम की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि पुलिस का यह एक सराहनीय कार्य है। उन्होंने कहा कि जंहा मोबाइल फोन मालिकों को उनके मोबाइल फोन मिलने की खुशी है वहीं उनके मोबाइल फोन अपराधिक किस्म के लोगों के हत्थे चढ़ने से भी बचे है।

# निर्वाचन आयोग ने सीतलकूची जैसी घटनाओं की पुनरावृत्ति वाले बयान पर घोष को नोटिस


## पश्चिम बंगाल भाजपा अध्यक्ष दिलीप घोष ने कहा था, सीतलकूची जैसी घटनाओं की पुनरावृत्ति अनेक स्थानों पर होगी

एजेंसी। नई दिल्ली

**भारत** निर्वाचन आयोग ने पश्चिम बंगाल भाजपा के अध्यक्ष दिलीप घोष के एक बयान को लेकर उन्हें नोटिस भेजा है जिसमें घोष ने कथित रूप से कहा था कि सीतलकूची जैसी घटना की पुनरावृत्ति अनेक स्थानों पर होगी। उल्लेखनीय है कि कूच बिहार के सीतलकूची में केंद्रीय बलों की गोलीबारी में चार लोग मारे गए थे। इसी घटना का जिक्र करते हुए घोष ने ये टिप्पणी की थी।

### कूच बिहार के सीतलकूची में केंद्रीय बलों की गोलीबारी में चार लोग मारे गए थे

आयोग ने कहा कि घोष के बयान उकसावे वाले हैं और इनके कारण कानून-व्यवस्था के हालात बिगड़ सकते हैं। आयोग ने घोष को नोटिस का जवाब देने और इन टिप्पणियों पर अपना रूख स्पष्ट करने के लिए बुधवार सुबह दस बजे तक का समय दिया है। नोटिस में कहा गया है कि आयोग का ऐसा



मानना है कि दिलीप घोष ने आचार संहिता के विभिन्न उपबंधों, जन प्रतिनिधि कानून और भारतीय दंड संहिता के प्रावधानों का उल्लंघन करते हुए ऐसे बयान दिए जो उकसावे वाले हैं और भावनाओं को भड़का सकते हैं। नोटिस के मुताबिक, इससे कानून व्यवस्था की स्थिति बिगड़ सकती है और चुनावी प्रक्रिया प्रभावित हो सकती है। निर्वाचन आयोग से घोष की शिकायत तृणमूल कांग्रेस द्वारा की गई थी। नोटिस में घोष की उस कथित टिप्पणी का जिक्र है, जिसमें कहा गया था, यदि कोई अपनी सीमाओं को पार करेगा तो आपने देखा ही है कि सीतलकूची में क्या हुआ। सीतलकूची जैसी घटना कई स्थानों पर होगी। उल्लेखनीय है कि घोष ने रविवार को कहा था कि यदि सीतलकूची में मारे गए दुष्ट लड़कों की तरह किसी ने कानून हाथ में लेने का प्रयास किया तो विधानसभा चुनावों के अगले चरण में भी कूचबिहार की तरह हत्याएं हो सकती हैं। घोष ने कहा था, सीतलकूची में शरारती लड़कों को गोली लगी। अगर कोई भी अपने हाथ में कानून लेने का दु:साहस करता है तो उसके साथ भी ऐसा ही होगा। उत्तर 24 परगना जिले के बारानगर में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा था कि जिन दुष्ट लड़कों ने समझ रखा था कि केंद्रीय बलों की राइफलें चुनावी ड्यूटी के दौरान केवल दिखावे के लिए हैं, ऐसे लोग सीतलकूची की घटना देखने के बाद यह गलती दुहराने का साहस नहीं करेंगे। सीतलकूची विधानसभा क्षेत्र में शनिवार को चौथे चरण के मतदान के दौरान सीआईएसएफ के जवानों से कुछ लोगों द्वारा राइफलें छीनने का प्रयास करने के बाद केंद्रीय बल ने गोलीबारी की। जिसमें चार लोगों की मौत हो गई थी।


# बंगाल चुनाव : जीतने के बाद गोरखा समस्या का करेंगे समाधान : शाह

## भाजपा की डबल इंजन की सरकार, एक केंद्र में और दूसरी बंगाल में होगी सक्षम

एजेंसी। दार्जिलिंग

**केंद्रीय** गृहमंत्री अमित शाह ने पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सत्ता में आने पर लंबे समय से चली आ रही गोरखा समस्या का राजनीतिक समाधान ढूंढने का मंगलवार को आश्वासन दिया। शाह ने यहां जनसभा के दौरान कहा कि देश का संविधान विस्तृत है और इसमें सभी समस्याओं के हल का प्रावधान है। शाह ने कहा, मैं वादा करता हूं कि भाजपा की डबल इंजन की सरकार - एक केंद्र में और दूसरी बंगाल में- गोरखा समस्या का स्थाई राजनीतिक समाधान निकाल लेगी। आपको अब प्रदर्शनों का सहारा नहीं लेना पड़ेगा।

हालांकि, केंद्रीय मंत्री ने यह स्पष्ट नहीं किया कि वह किस समस्या की बात कर रहे हैं। गोरखा समुदाय बहुत समय से एक अलग राज्य की मांग कर रहा है और पिछले कुछ वर्षों में कई आंदोलन भी किए गए। गोरखा समुदाय को भारत का गौरव बताते हुए शाह ने कहा कि कोई उन्हें नुकसान नहीं पहुंचा सकता। उन्होंने कहा, अभी के लिए राष्ट्रीय नागरिक पंजी (एनआरसी) लागू करने की कोई योजना नहीं है। अगर ऐसा कुछ होता भी है तो गोरखा समुदाय को इसकी चिंता करने की जरूरत नहीं है। शाह ने यह भी कहा कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने दार्जिलिंग में विकास कार्य पर पूर्ण विराम लगा दिया है और कहा कि यह वह स्थान है जहां सत्तारूढ़ टीएमसी के नेता फुर्सत में आते हैं।



बनर्जी हाल के दिनों में कई बार दार्जिलिंग आई थीं लेकिन उन्होंने क्षेत्र की तीन विधानसभा सीटों के लिए कोई प्रचार नहीं किया। क्षेत्र में 17 अप्रैल को मतदान होगा। शीर्ष भाजपा नेता ने दावा किया कि टीएमसी सुप्रीमो ने कुछ गोरखाओं के खिलाफ आपराधिक मामला चलवाकर भाजपा और गोरखा समुदाय के बीच सौहार्दपूर्ण संबंधों को खराब करने की कोशिश की। शाह ने किसी का नाम लिए बिना कहा, दीदी ने कई की हत्या करवाई और कई के खिलाफ मामले चलवाए। भाजपा सत्ता में आने के बाद, ऐसे लोगों के अपराध क्षमा करेगी।

भाजपा के पूर्व सहयोगी, जीजेएम नेता बिमल गुरुंग 2017 में हिंसक आंदोलन का कथित तौर पर नेतृत्व करने के बाद उनके खिलाफ लगाए गए कई आपराधिक आरोपों के बाद बहुत दिन तक छिपे रहे थे। पिछले साल अक्टूबर में सामने आने के बाद उन्होंने टीएमसी से हाथ मिला लिया था। राज्य प्रशासन ने इनमें से कुछ मामलों को वापस लेने के लिए अब अदालत का रुख किया है।

### ध्रुवीकरण की राजनीति को आगे बढ़ाने के लिए मुझे निशाना बना रही है भाजपा : फिरहाद



**कोलकाता।** तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी के विश्वनीय समझे जाने वाले नेता फिरहाद हाकिम ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर आरोप लगाया है कि वह ध्रुवीकरण की राजनीति को और आगे बढ़ाने की कोशिश के तहत उनकी धार्मिक पहचान को निशाना बना रही है। हाकिम ने भाजपा के इस दावे की आलोचना की कि वह राज्य को मिनी पाकिस्तान बना देंगे। उन्होंने कहा कि वह राष्ट्रवादी हैं और राजनीति के धुव्रीकरण की कोशिश भारतीय संविधान की भावना के विपरीत है। हाकिम ने दिए साक्षात्कार में कहा, मैं एक राष्ट्रवादी हूं और मैं शत-प्रतिशत भारतीय हूं। हाकिम ने कहा कि उनके पिता उन्हें बॉबी कहते थे। उनका यह नाम ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर बॉबी सिम्पसन के नाम पर रखा गया है। उन्होंने कहा, मैं एक भारतीय के रूप में अंतिम सांस लूंगा। मेरी कब्र इसी जमीन पर होगी। वे (भाजपा) ध्रुवीकरण के लिए एक व्यक्ति को मुसलमान या पाकिस्तानी करार देते हैं। यह संविधान (की भावना), भारत के गौरव और मूल्यों के खिलाफ है। हाकिम ने कहा, भाजपा को (प्रधानमंत्री नरेंद्र) मोदी और (केंद्रीय गृह मंत्री अमित) शाह की संयुक्त साझेदारी चला रही है। उन्होंने ममता दीदी और हमारी पार्टी के अन्य नेताओं पर व्यक्तिगत हमले करके चुनाव का स्तर बहुत गिरा दिया है। केवल व्यक्तिगत हमले करना राजनीति नहीं हो सकती। पश्चिम बंगाल के लिए उनके पास क्या एजेंडा है? उन्होंने कहा, भाजपा के इशारे पर केंद्रीय एजेंसियां चुनाव में सक्रिय हैं। उन्होंने कहा कि वह सीबीआई (केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो), ईडी (प्रवर्तन निदेशालय) जैसी एजेंसियों का बहुत सम्मान करते थे, लेकिन अब संशय पैदा होने लगा है। हाकिम ने दावा कि उनके कई पार्टी सहयोगी भाजपा में इसलिए शामिल हो गए क्योंकि भगवा दल ने केंद्रीय एजेंसियों का इस्तेमाल करके फंसाने की धमकी देकर उन्हें डराया और ब्लैकमेल किया।उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा ने उनके साथ भी यही साजिश करने की कोशिश की थी, लेकिन उन्होंने हार नहीं मानी। हाकिम ने कहा, बंगाल में भाजपा का प्रभाव बढ़ना बहुत खतरनाक है। इसका कारण यह है कि भाजपा का मतलब सांप्रदायिकता, गतिरोध, बेरोजगारी है। भाजपा का उदय वाम शासन से भी अधिक खतरनाक है।

# आयोग ने ननि अजमेर के दो अधिकारियों पर सूचना नहीं देने पर जुर्माना लगाया

एजेंसी। जयपुर

**राजस्थान** राज्य सूचना आयोग ने सूचना के अधिकार के तहत सूचना उपलब्ध नहीं कराने पर अजमेर नगर निगम के आयुक्त और झालावाड़ के भवानी मंडी पालिका के अधिशासी अधिकारी पर जुर्माना लगाया है। अजमेर नगर निगम द्वारा एक नागरिक को सूचना उपलब्ध कराने में देरी पर राज्य सूचना आयोग ने गहरी नाराजगी जाहिर करते हुए निगम आयुक्त पर दस हजार रुपए का जुर्माना लगाया है। आयोग ने भवानी मंडी नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी पर सूचना के अधिकार कानून की अनदेखी पर पांच हजार रुपए का जुर्माना लगाया है। जुर्माने की यह राशि उनके वेतन से काटे जाने का निर्देश दिया गया है। सूचना आयुक्त नारायण बारेठ ने अपने आदेश में कहा कि निगम ने जवाब देने में असाधारण देरी की है, यह गंभीर मामला है और इसे अनदेखा नहीं किया जा सकता है।

एक बयान में उन्होंने कहा कि अजमेर के नाथू सिंह ने 30 मई 2018 को अर्जी दाखिल कर निगम से अपने शिकायती पत्र पर की गई कार्वाई पर जानकारी मांगी थी। आवेदक के अनुसार तय समय सीमा में निगम द्वारा कोई जानकारी नहीं दिए जाने पर उन्होंने सूचना के अधिकार कानून के तहत निगम के महापौर धर्मेंद्र गहलोत के सम्मुख अपील दायर की, जिसके बाद महापौर ने 17 सितंबर 2018 को सुनवाई के बाद निगम को पंद्रह दिन में वांछित सूचना मुहैया कराने का आदेश दिया। लेकिन निगम प्रशासन ने महापौर के आदेश को भी कोई महत्व नहीं दिया।




### देरी पर राज्य सूचना आयोग ने गहरी नाराजगी जाहिर करते हुए निगम आयुक्त पर दस हजार रुपए का लगाया है जुर्माना

उन्होंने कहा कि आयोग ने नाथू सिंह की अपील पर जब निगम से जवाब तलब किया तो निगम जवाब देने से बचता रहा।आयोग ने अलग अलग समय निगम को चार बार नोटिस भेजे मगर निगम प्रशासन ने उसे कोई तवज्जो नहीं दी। सूचना आयुक्त ने इसे गंभीर माना और निगम आयुक्त पर दस हजार रुपए का जुर्माना लगाने का आदेश दिया है। साथ ही आदेश की प्रति स्थानीय निकाय विभाग के निदेशक को भी भेजने का निर्देश दिया है। बारेठ ने एक अन्य आदेश में बताया कि आयोग ने झालावाड़ जिले में भवानीमंडी पालिका के अधिशासी अधिकारी पर भी पांच हजार रुपए का जुर्माना लगाया है। आयोग के पास भवानी मंडी के अनवर हुसैन ने शिकायत की थी कि पालिका ने उनके आवेदन के प्रति बेरुखी दिखाई है।

# संक्षिप्त समाचार

### शरद को अगले दो दिन में अस्पताल से छुट्टी दे दी जाएगी

**मुंबई।** महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री अजित पवार ने मंगलवार को कहा कि राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) प्रमुख शरद पवार को अगले दो दिन में अस्पताल से छुट्टी दे दी जाएगी। पवार की सोमवार को पित्ताशय की सर्जरी की गई थी। अजित, शरद पवार के भतीजे भी हैं। अजित पवार और उनकी पत्नी ने ब्रीच कैंडी अस्पताल में शरद पवार से मुलाकात की। उन्होंने अस्पताल के बाहर संवाददाताओं को बताया, सर्जरी के बाद शरद पवार जी की तबीयत ठीक हो रही है। अगले दो दिन में उन्हें छुट्टी दे दी जाएगी। इससे पहले राकांपा नेता तथा राज्य में मंत्री नवाब मलिक ने सोमवार को कहा था कि पवार (80) के पित्ताशय का लैप्रोस्कॉपी ऑपरेशन सफल रहा है। इससे पहले 30 मार्च को राकांपा अध्यक्ष की पित्त वाहिका से एक पथरी निकालने के लिए अस्पताल में आपातकालीन एंडोस्कोपी की गई थी।

### जंगलों से पकड़े जंतुओं की बिक्री स्थगित करने की अपील

**जिनेवा।** संयुक्त राष्ट्र की स्वास्थ्य एजेंसी ने मंगलवार को विभिन्न देशों से अनुरोध किया कि जंगलों से पकड़े गए जीव-जंतुओं की खाद्य बाजारों में बिक्री पर आपातकालीन उपाय के तहत रोक लगा दी जाए क्योंकि ऐसे जंतु कोरोना वायरस जैसी महामारी के प्रमुख स्रोत हैं।विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने नए दिशानिर्देश जारी करते हुए कहा कि जंतु, विशेष रूप से वन्य जीव-जंतु मानव में होने वाले सभी संक्रामक रोगों में 70 प्रतिशत से अधिक रोगों के स्रोत हैं। कोरोना वायरस की उत्पत्ति एक साल से भी अधिक समय पहले हुई थी। इस वायरस की उत्पत्ति को लेकर तरह तरह की अटकलें लगाई गईं। लेकिन अधिकतर विशेषज्ञों का यही मानना है कि यह चमगादड़ से किसी अन्य प्रजाति के माध्यम से चीन के पारंपरिक बाजारों में भोजन या दवा के रूप में मानव में फैला होगा। कोरोना वायरस संक्रमण का पहला मामला सबसे पहले चीन के वुहान शहर में ही सामने आया था। डब्ल्यूएचओ ने उभरते संक्रामक रोगों के उन लोगों तक सीधे पहुंचने के खतरों का जिक्र किया है, जो किसी संक्रमित जंतु के संपर्क में आते हैं। इसके अलावा जिन स्थानों पर ऐसे जंतु रखे जाते हैं, वहां अतिरिक्त खतरा होता है। डब्ल्यूएचओ ने एक बयान में कहा, पारंपरिक बाजार वैश्विक स्तर पर एक बड़ी आबादी के लिए भोजन और आजीविका मुहैया कराने में अहम भूमिका निभा सकते हैं, लेकिन जंतुओं की बिक्री पर रोक लगाने से आम लोगों के स्वास्थ्य की रक्षा हो सकती है, उन लोगों की भी जो वहां काम करते हैं और जो वहां खरीदारी करते हैं।

### केरल के उच्च शिक्षा मंत्री जलील ने इस्तीफा दिया

**तिरुवनंतपुरम।** केरल के उच्च शिक्षा मंत्री केटी जलील ने पी विजयन कैबिनेट से मंगलवार को इस्तीफा दे दिया। इससे कुछ दिन पहले ही राज्य लोकायुक्त ने कहा था कि जलील ने अपने एक रिश्तेदार को लाभ पहुंचाने के लिए लोक सेवक के तौर पर अपने पद का दुरुपयोग किया है। मुख्यमंत्री कार्यालय के सूत्रों ने बताया कि जलील ने मुख्यमंत्री को इस्तीफा भेज दिया है और त्याग पत्र राज्यपाल के यहां भेज दिया गया है। मंत्री ने घटनाक्रम की फेसबुक पर पुष्टि की है। लोकायुक्त की एक खंडपीठ ने जलील के खिलाफ शुक्रवार को अपनी रिपोर्ट मुख्यमंत्री को सौंपी थी और कहा था कि मंत्री को पद पर बना नहीं रहना चाहिए। पीठ ने कहा था कि मंत्री के खिलाफ सत्ता के दुरुपयोग, लाभ पहुंचाने और भाई-भतीजावाद के आरोप साबित होते हैं लोकायुक्त का फैसला मुस्लिम यूथ लीग के नेता द्वारा 2018 में की गई शिकायत पर आया है जिसमें आरोप लगाया गया था कि जलील के रिश्ते के भाई अदीब को केरल राज्य अल्पसंख्यक विकास वित्त निगम का महाप्रबंधक नियुक्त करने में नियमों की अनदेखी की गई है। अदीब को जब नियुक्त किया गया था तब वह एक निजी बैंक के प्रबंधक थे।

### हाजिर मांग से चांदी वायदा कीमतों में तेजी

**नई दिल्ली।** मजबूत हाजिर मांग के कारण कारोबारियों ने अपने सौदों के आकार को बढ़ाया। जिससे वायदा बाजार में मंगलवार को चांदी वायदा कीमत 310 रुपये की तेजी के साथ 66,438 रुपये प्रति किग्रा हो गई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज में चांदी के मई महीने में डिलीवरी वाले अनुबंध की कीमत 310 रुपये यानी 0.47 प्रतिशत की तेजी के साथ 66,438 रुपये प्रति किलो हो गई जिसमें 9,365 लॉट के लिए कारोबार हुआ। बाजार विश्लेषकों ने कहा कि घरेलू मांग में तेजी के रुख के काराण कारोबारियों ने ताजा सौदों की लिवाली की जिससे वायदा कारोबार में चांदी वायदा कीमतों में तेजी आई। हालांकि, वैश्विक स्तर पर, न्यूयार्क में चांदी की कीमत 0.11 प्रतिशत की गिरावट के साथ 24.84 डॉलर प्रति औंस चल रहा था।

### हाजिर मांग से सोना वायदा कीमतों में तेजी

**नई दिल्ली।** मजबूत हाजिर मांग के कारण सटोरियों ने ताजा सौदों की लिवाली की जिससे वायदा कारोबार में मंगलवार को सोना 39 रुपये की तेजी के साथ 46,458 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गया। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज में जून के महीने में डिलिवरी वाले सोना वायदा की कीमत 39 रुपए यानी 0.08 प्रतिशत की तेजी के साथ 46,458 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गई। इसमें 11,471 लॉट के लिए कारोबार किया गया। बाजार विश्लेषकों ने कहा कि कारोबारियों द्वारा ताजा सौदों की लिवाली करने से सोना वायदा कीमतों में तेजी आई। हालांकि, अंतरराष्ट्रीय बाजार, न्यूयॉर्क में सोना 0.48 प्रतिशत की गिरावट के साथ 1,724.30 डॉलर प्रति औंस चल रहा था।

### कोविड-19 महामारी का अंत अभी काफी दूर है : डब्ल्यूएचओ

**संयुक्त राष्ट्र।** विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के प्रमुख टेड्रोस अदानोम गेब्रेयसस ने कहा है कि भले ही दुनियाभर में अब तक कोविड-19 रोधी टीकों की 78 करोड़ से अधिक खुराकें दी जा चुकी हैं, महामारी का अंत अब भी काफी दूर है। बहरहाल, जन स्वास्थ्य के संबंध में कड़े कदम उठाकर कुछ महीनों में इसे काबू में किया जा सकता है।चीन के वुहान शहर में दिसंबर 2019 में कोरोना वायरस संक्रमण का पहला मामला सामने आया था। अब तक दुनियाभर में 13,65,00,400 लोग इसकी चपेट में आ चुके हैं। इनमें से 29,44,500 की मौत हो चुकी है। डब्ल्यूएचओ प्रमुख ने कहा, दुनियाभर में जनवरी और फरवरी में लगातार छह हफ्तों तक संक्रमण के मामलों में कमी देखी गई। अब हम लगातार सात सप्ताह से मामलों में वृद्धि देख रहे हैं और चार सप्ताह से मौत के मामलों में इजाफा हो रहा है। पिछले सप्ताह, एक सप्ताह में सबसे अधिक मामले सामने आए। उससे पहले तीन बार उससे ज्यादा मामले आए हैं। एशिया और पश्चिम एशिया के कई देशों में मामलों में भारी वृद्धि देखने को मिली है। गेब्रेयसस ने जेनेवा में पत्रकारों से कहा कि दुनियाभर में कोविड-19 रोधी टीकों की 78 करोड़ से अधिक खुराकें दी जा चुकी हैं। टीका शक्तिशाली हथियार तो है लेकिन यही एकमात्र हथियार नहीं है। उन्होंने कहा, सामाजिक दूरी कारगर है। मास्क लगाना कारगर है। वेंटिलेशन कारगर है। निगरानी, जांच, संक्रमितों के संपर्क में आए लोगों का पता लगाना, पृथकवास आदि संक्रमण से निपटने और लोगों का जीवन बचाने उपाय हैं। डब्ल्यूएचओ प्रमुख ने आगाह किया कि महामारी का अंत दूर है लेकिन दुनिया के पास आशावादी होने के कई कारण हैं।

### कोविड-19 के दौरान यौन हिंसा में बढ़ोतरी हुई : प्रमुख

**संयुक्त राष्ट्र।** कोविड-19 महामारी के कारण पिछले वर्ष लिंग आधारित हिंसा में बढ़ोतरी देखी गई और कई देशों में यौन हिंसा को युद्ध की क्रूर युक्ति एवं राजनीतिक दमन के तौर पर इस्तेमाल किया गया। यह बात सोमवार को संयुक्त राष्ट्र प्रमुख ने एक रिपोर्ट जारी कर कही। रिपोर्ट में 18 देशों का जिक्र है जहां के बारे में संयुक्त राष्ट्र का कहना है कि उसे सत्यापित सूचना प्राप्त हुई। इसमें 52 पक्षों का जिक्र है जिन पर हिंसाग्रस्त क्षेत्रों में बलात्कार या यौन हिंसा के अन्य प्रारूप का इस्तेमाल करने का ठोस संदेह है। इसमें कहा गया है कि 70 फीसदी से अधिक सूचीबद्ध पक्ष सतत षड्यंत्रकारी हैं। संयुक्त राष्ट्र की काली सूची में शामिल अधिकतर पक्ष राज्एतर तत्व हैं, जिनमें इस्लामिक स्टेट या अल-कायदा आतंकवादी संगठनों से जुड़े चरमपंथी समूह, बागी या विपक्षी शामिल हैं। इस सूची में शामिल राष्ट्रीय सेना या पुलिस बलों को तब तक संयुक्त राष्ट्र शांति अभियानों में शामिल होने से रोक दिया गया है जब तक कि वे हिंसा खत्म करने के लिए समयबद्ध प्रतिबद्धताएं नहीं अपनाते हैं। इसमें म्यांमा की सेना और सीमावर्ती गार्ड शामिल हैं। काली सूची में कांगो और दक्षिण सूडान की सरकार एवं पुलिस बलअ सीरिया में सरकारी बल और खुफिया सेवाएंअ सूडान में सशस्त्र बल एवं त्वरित समर्थन बल, सोमाली में सेना और पुलिस और पुंटलैंड क्षेत्र के सुरक्षा बल शामिल हैं।

## ममता की हालत हारे हुए खिलाड़ी जैसी : नड्डा

**कोलकाता।** भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने तृणमूल कांग्रेस के नारे खेला होबे पर निशाना साधते हुए मंगलवार को कहा कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की हालत एक हारे हुए खिलाड़ी जैसी है। नड्डा ने पूर्व बर्धमान जिले के कालना में एक रोड शो का नेतृत्व किया।

उन्होंने कहा कि भाजपा और निर्वाचन आयोग की ओर उंगली उठा रहीं, उन पर आरोप लगा रहीं तृणमूल कांग्रेस प्रमुख यह भूल गई हैं कि क्या उन्होंने राज्य के लोगों के लिए कुछ ऐसा किया है जिसका कि वह श्रेय ले सकें। नड्डा ने कहा, ममता की हालत खेल में हारे हुए खिलाड़ी जैसी है। उन्होंने सालों तक राज्य की जनता के साथ केवल अन्याय किया। उन्होंने कहा कि तृणमूल की सरकार राज्य में कानून-व्यवस्था कायम करने में भी विफल रही है। नड्डा ने कहा, ममता बनर्जी की जबरन वसूली, तुष्टिकरण की राजनीति, उनका तानाशाही भरा बर्ताव और उनकी पार्टी द्वारा चलाए गए रिश्वत के चलन ने राज्य को बरबाद कर दिया है।

# कर्नाटक के हड़ताली परिवहन कर्मचारियों को एदियुरप्पा ने दिया कड़ा संदेश

एजेंसी। बीदर

**सड़क** परिवहन निगम के हड़ताली कर्मचारियों को कड़ा संदेश देते हुए कर्नाटक के मुख्यमंत्री बी एस एदियुरप्पा ने मंगलवार को कहा कि राज्य सरकार उनकी किसी भी शर्त को मानने के लिए तैयार नहीं है। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने हड़ताली कर्मचारियों के खिलाफ कड़ी कार्वाई की चेतावनी दी।

मुख्यमंत्री ने बीदर में पत्रकारों से कहा, परिवहन कर्मचारियों की हड़ताल के बारे में मुझसे नहीं पूछें। हम लोग किसी भी परिस्थिति में उनकी शर्तों को नहीं स्वीकार करेंगे। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार ने पहले ही उनकी आठ मांगें मान ली हैं। एदियुरप्पा ने कहा कि कर्मचारियों के अड़ियल रवैए से राज्य के लोगों को परेशानी हो रही है। मुख्यमंत्री ने कहा, कर्मचारियों को अपना हठी रवैया छोड़ना होगा। जो भी अपने कार्य से



अनुपस्थित रहेगा उसे वेतन नहीं दिया जाएगा। हम लोग और भी कड़े कदम उठाएंगे। वेतन के मुद्दे पर सड़क परिवहन निगम (आरटीसी) के कर्मचारियों की हड़ताल का मंगलवार को सातवां दिन है। परिवहन निगमों की कुछ ही बसें सड़कों पर दिखीं और इनमें से कुछ को उपद्रवियों ने क्षतिग्रस्त कर दिया। कर्नाटक राज्य सड़क परिवहन निगम के एक अधिकारी के अनुसार बेंगलुरु मेट्रोपोलिटन परिवहन निगम की 262 बसों समेत 2,299 बसें मंगलवार को राज्य में चलीं।

# सरकार बताए कोविड-19 पर नियंत्रण पाने का झूठा ढिंढोरा क्यों पीटा : अखिलेश

एजेंसी। लखनऊ

**समाजवादी** पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव ने मंगलवार को कोरोना प्रबंधन को लेकर उत्तर प्रदेश की भारतीय जनता पार्टी की सरकार पर तीखा हमला बोला। सरकार से सवाल किया कि उसने कोविड-19 पर नियंत्रण पाने का झूठा ढिंढोरा क्यों पीटा? पूर्व मुख्यमंत्री ने मंगलवार को ट्वीट किया, उप्र में कोरोना से जो हाहाकार मचा है उसके लिए भाजपा सरकार को जवाब देना होगा कि उसने कोरोना पर नियंत्रण पाने का झूठा ढिंढोरा क्यों पीटा।

उन्होंने आगे लिखा, टीका, टेस्ट, डॉक्टर, बेड, एंबुलेंस की कमी, टेस्ट रिपोर्ट में देरी व दवाई की कालाबाजारी पर भाजपा सरकार चुप क्यों है। स्टार प्रचारक कहां हैं। एक अन्य ट्वीट में अखिलेश यादव ने लिखा है, पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी के चुनाव प्रचार पर रोक लगवाना दरअसल चुनाव हारती हुई



### पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा, उप्र में कोरोना से हाहाकार का भाजपा सरकार को देना होगा जवाब

भाजपा की हताशा का प्रतीक है। सपा ममता बनर्जी जी के धरने में सांकेतिक रूप से साथ है। यादव ने आगे कहा, आशा है श्मशान-कब्रिस्तान के धार्मिक बंटवारे के बयान देने वालों पर भी निष्पक्ष चुनाव आयोग कोई प्रतिबंध लगाएगा।

उल्लेखनीय है कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री एवं तृणमूल कांग्रेस की प्रमुख ममता बनर्जी, उनके चुनाव प्रचार करने पर 24 घंटे के लिए पाबंदी लगाए जाने के निर्वाचन आयोग के अंसवैधानिक फैसले के विरोध में मंगलवार को कोलकाता शहर के बीचों-बीच धरने पर बैठ गईं।

पिछले महीने चोटिल होने के कारण बनर्जी व्हीलचेयर पर बैठकर पूर्वाह्न करीब 11 बजकर 40 मिनट पर कोलकाता के मायो सड़क पहुंचीं और उन्होंने परिसर में महात्मा गांधी की प्रतिमा के निकट बैठकर धरना शुरू किया। आयोग ने बनर्जी के केंद्रीय बलों के खिलाफ बयानों और कथित धार्मिक प्रवृत्ति वाले एक बयान के कारण 24 घंटे तक उनके चुनाव प्रचार करने पर रोक लगा दी है। इस फैसले की निंदा करते हुए बनर्जी ने कहा था कि वह आयोग के असंवैधानिक एवं अलोकतांत्रिक फैसले के खिलाफ मंगलवार को शहर में धरना देंगी।

# महाराष्ट्र में कोविड-19 की रोकथाम को होगी नए दिशा-निर्देशों की घोषणा: मंत्री

### कोविड-19 कार्यबल के कुछ सदस्य 21 दिन तो कुछ 14 दिन चाहते हैं लॉकडाउन

एजेंसी। मुंबई

**महाराष्ट्र** में लॉकडाउन लगाए जाने की चर्चा के बीच राज्य के मंत्री असलम शेख ने कहा है कि सरकार कोरोना वायरस की रोकथाम के लिए मंगलवार को कुछ नई पाबंदी के बारे में दिशा-निर्देश जारी करेगी। मुंबई के प्रभारी मंत्री शेख ने संवाददाताओं से कहा कि राज्य सरकार हरिद्वार में कुंभ मेला से लौटने वाले लोगों के संबंध में निर्देश पर फैसला करेगी, क्योंकि वहां पर कोविड-19 के संबंध में नियमों का पालन नहीं हुआ।

मंत्री ने कहा, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री कोविड-19 कार्यबल के सदस्यों से बात कर चुके हैं। उन्होंने विपक्षी दलों के नेताओं और उद्योगों के प्रतिनिधियों के साथ भी चर्चा की है। हमने सप्ताहांत लॉकडाउन, रात्रि कर्फ्यू और अन्य उपायों को आजमा लिया है।

उन्होंने कहा, कोरोना वायरस की कड़ी को तोड़ने के लिए हम आज मंगलवार को नए दिशा-निर्देश लागू करेंगे। इस घोषणा में समूचे राज्य के लिए मानक संचालन प्रक्रिया तय की जाएगी। पिछले सप्ताह सर्वदलीय बैठक को संबोधित करते हुए



मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने तेजी से बढ़ रहे संक्रमण की रोकथाम के लिए विस्तारित लॉकडाउन लागू करने का संकेत दिया था। ठाकरे ने रविवार को राज्य कोविड-19 कार्यबल के सदस्यों के साथ बैठक की और कहा कि चर्चा के बाद मानक संचालन प्रक्रिया तैयार की जाएगी। शेख ने कहा कि सरकार ने कारोबारियों और उद्योगों के प्रतिनिधियों से बात की है और उनकी चिंताओं को समझने का प्रयास किया।

बहरहाल, शेख ने कहा कि राज्य में कोविड-19 की स्थिति अब भी नियंत्रण में है। उन्होंने कहा कि सरकार ने स्वास्थ्य केंद्रों में 5300 से ज्यादा बेड़ बढ़ाए हैं और इनमें से 70 प्रतिशत बेड पर ऑक्सीजन की आपूर्ति होगी। कांग्रेस नेता ने कहा, ...कुछ लोग निजी अस्पतालों में भर्ती होना चाहते हैं, जहां प्रतीक्षा समय ज्यादा है।

### मुंबई के बड़े निजी अस्पतालों के बिस्तर सेलिब्रिटी लोगों ने घेर रखे हैं: मंत्री

**मुंबई।** महाराष्ट्र के मंत्री असलम शेख ने मंगलवार को आरोप लगाया कि कुछ सेलिब्रिटी लोग और क्रिकेट खिलाड़ी कथित तौर पर कोरोना वायरस संक्रमण के गंभीर लक्षण नहीं होने के बावजूद बड़े अस्पतालों में भर्ती हो गए हैं। जिसके कारण अस्पतालों में बिस्तर भरे हुए हैं। संवाददाताओं से बातचीत में शेख ने दावा किया कि फिल्म उद्योग के लोगों और क्रिकेट खिलाड़ियों ने प्रमुख निजी अस्पतालों में लंबे समय से बिस्तर घेर रखे हैं। राज्य के कपड़ा मंत्री शेख ने कहा, फिल्म जगत के कुछ लोग और कुछ क्रिकेट खिलाड़ी संक्रमण के मामूली लक्षण होने अथवा कोई लक्षण नहीं होने के बावजूद प्रमुख निजी अस्पतालों में भर्ती हो गए हैं और लंबे समय से बिस्तरों को घेरे हुए हैं। शेख ने कहा कि यदि ए लोग अस्पतालों में भर्ती होने से बचते तो राज्य में कोरोना वायरस से पीड़ित जरूरतमंद मरीजों को भर्ती किया जा सकता था। कोरोना वायरस के मामले बढ़ने के साथ ही महाराष्ट्र सरकार बेड क्षमता बढ़ाने के लिए काम कर रही है। उसने अगले पांच से छह हफ्ते में मुंबई में मैदानों में तीन विशालकाय अस्पतालों की स्थापना की घोषणा की है। मुंबई में कोरोना वायरस के कुल 5,27,119 मामले हैं। यहां 12,060 संक्रमितों की मौत हो चुकी है। आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक मुंबई में 90,267 संक्रमितों का इलाज चल रहा है।

# नोएडा में महंगा हुआ पीने का पानी

## प्राधिकरण ने की साढ़े सात फीसदी की बढ़ोतरी

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा


फाइल फोटो

नोएडा प्राधिकरण ने कोरोना महामारी की मार झेल रहे शहर के लोगों को एक और झटका दिया है। अथॉरिटी ने शहर में पानी की दरों में साढ़े सात फ ीसदी की बढ़ोत्तरी कर दी है। बढ़ी हुई दरों के बाद नोएडा के हर नागरिक को महंगा पानी मिलेगा। अब श्रमिक कुंज के लिए 35 रुपये और 101 से 200 वर्ग मीटर में बने भूखंड मालिकों को 340 रुपये प्रति महीना शुल्क देना होगा। इसी तरह औद्योगिक, व्यावासायिक और संस्थागत संपत्ति की श्रेणी में पानी की दरों में इजाफा किया गया है।

दरों में बढ़ोत्तरी कर प्राधिकरण ने लोगों को बिल भेजने शुरू कर दिए हैं। ये दरें 1 अप्रैल 2020 से लागू होनी थीं लेकिन कोरोना वायरस के कारण लोगों के विरोध के बाद इसे वापस ले लिया गया था। लोगों का कहना है कि अब एक बार फिर से वायरस तेजी से फैलने लगा है। इसको अभी लागू नहीं करना चाहिए था। एक बार फिर पूरा देश वायरस की चपेट में है। इसके चलते लोगों को आर्थिक दिक्कतों का भी सामना करना पड़ रहा है। ऐसे समय में बिना कोई सुझाव या आपत्ति मांगे नोएडा प्राधिकरण ने 1 मई 2020 से पानी की दरों में साढ़े सात प्रतिशत की बढ़ोतरी कर दी थी।

खास बात ये है कि 2018 में ही प्राधिकरण ने पानी की दरों में 10 से 25 प्रतिशत की बढ़ोतरी की थी। दो साल के अंदर 30 प्रतिशत की बढ़ोतरी करने से शहर के लोगों ने विरोध करना शुरू कर दिया था। लोगों ने विरोध करते हुए कहा था कि कोरोना संकट के समय पानी की दरें बढ़ाना गलत है। इसको वापस लिया जाना चाहिए। वैसे भी प्राधिकरण 24 घंटे साफ पानी नहीं दे पा रहा है। पानी में टीडीएस की मात्रा बढ़ने से लोग बीमार हो रहे हैं। ऐसे में दरें बढ़ाने का कोई औचित्य नहीं है। लोगों के बढ़ते विरोध को देखते हुए प्राधिकरण ने बढ़ी दरों को वापस लेने का निर्णय लिया था। इसको बोर्ड बैठक में मंजूरी भी दी गई थी।

अब नोएडा प्राधिकरण ने पिछले साल वापस ली गईं पानी की दरों को इस बार लागू कर दिया है। इस बारे में जल विभाग के डीजीएम आरपी सिंह ने बताया कि साढ़े सात प्रतिशत की बढ़ोत्तरी के हिसाब से पानी की दरें लागू कर दी गई हैं।

पिछले साल बढ़ाई गई दरों को वापस ले लिया गया था। वहीं डीडीआरडब्ल्यूए के अध्यक्ष एनपी सिंह का कहना है कि कोरोना वायरस अब और ज्यादा फैल रहा है। लोगों को आर्थिक दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इसके अलावा पानी की गुणवत्ता में कोई सुधार नहीं हुआ है। ऐसे में बढ़ाई गईं दरों का विरोध करेंगे। फिलहाल प्राधिकरण ने मकान व भूखंड के आकार के हिसाब से पानी की दरें तय की हैं।

### मकानों के क्षेत्रफल की श्रेणी के हिसाब से शुल्क

| | |
|---|---|
| श्रमिक कुंज | 35 |
| निर्बल आय वर्ग | 40 |
| निम्न आय वर्ग | 70 |
| एमआईजी | 240 |
| एचआईजी | 285 |
| डुप्लेक्स | 350 |
| ग्रामवासी | 60 |

**भूखंड के मुताबिक इन दरों पर मिलेगा पानी**

| | |
|---|---|
| 1-30 मीटर | 60 |
| 31-50 मीटर | 100 |
| 51-100 मीटर | 270 |
| 101-200 मीटर | 340 |
| 201-300 मीटर | 470 |
| 301-400 मीटर | 540 |
| 401 से 500 मीटर | 635 |
| 501 से 1000 मीटर | 705 |

**इंडस्ट्रियल सेक्टर में 175 रुपये से शुरुआत होगी**

*औद्योगिक व संस्थागत संपत्तियों में तय की गई पानी की दरों की शुरूआत 175 रुपये महीने से है। 30 मीटर तक के भूखंड वालों को 175 रुपये देने होंगे। 501 से 1 हजार वर्ग मीटर वाले भूखंड मालिकों को 890 रुपये देने होंगे। इनके अलावा 1 हजार से 5 हजार वर्ग मीटर भूखंड मालिकों को 1110 रुपये देने होंगे। व्यावसायिक संपत्ति में पानी की दरें सबसे अधिक हैं। इसमें भी श्रेणी वार दरें तय की गई हैं।*

# मंदिरों में दिखा महामारी के डर का प्रभाव

## संक्रमण को देखते हुए कम संख्या में पहुंचे श्रद्धालु, घर में की पूजा

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद


मोहन नगर स्थित दुर्गा मंदिर के बाहर लाइन में खड़े श्रद्धालु।

नवरात्रि के पहले दिन शहर के दुर्गा देवी मंदिरों में कोरोना के डर के चलते बेहद कम संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। कई मंदिर सूने दिखाई दिए। लोगों ने अपने घरों में ही घट स्थापना के साथ नवरात्र का पूजन-पाठ किया।

दिल्ली गेट स्थित देवी दुर्गा मंदिर में सुबह के समय कम संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। मंदिर के गेट पर कोविड-19 संक्रमण से बचाव की जानकारी देते हुए भक्तों से सोशल डिस्टेंस के साथ दर्शन करने के निर्देश भी चस्पा किए गए थे। मोहन नगर स्थित देवी मंदिर पर जरूर भक्तों की लंबी लाइन दिखाई दी। यहां एक बार में सिर्फ 5 भक्तों को मन्दिर के अंदर जाने दिया जा रहा था। उनके बाहर निकलने पर दूसरे 5 श्रद्धालुओं को प्रवेश दिया गया।

दिल्ली गेट स्थित प्राचीन देवी मंदिर पर भी भक्तों ने सोशल डिस्टेनसिंग का पालन करते हुए दर्शन किए। वहीं राजनगर सेक्टर-10 मंदिर, कविनगर स्वयंभू शिवमंदिर में सुबह के समय भक्त नहीं पहुंचे। कोरोना के कारण मंदिरों में भी बड़े स्तर पर आयोजन नहीं किए गए थे जबकि नवरात्रि पर सुबह से ही देवी मां के दर्शनों के लिए भक्तों की भीड़ उमड़ती है। दिनभर मंदिर भक्तों से भरे रहते थे। गतवर्ष भी कोरोना के कारण मंदिरों के कपाट बंद किए गए थे। दूसरे वर्ष चैत्र नवरात्रि के आगमन पर मंदिरों में भक्तों की भीड़ बेहद कम रही। हालांकि, घरों में सुबह शुभ मुहूर्त में घट स्थापना के साथ ही नवरात्र पूजन किया गया।

## कई सेक्टर-सोसाइटी में प्रवेश के नियम किए कड़े

**नोएडा।** देशभर में तेजी से कोरोना वायरस के बढ़ते मामलों को देखते हुए गौतमबुद्धनगर की कई सोसाइटी और सेक्टरों में प्रवेश के नियम सख्त कर दिए गए हैं। कमोबेश पिछले साल जैसे हालात बन गए हैं। जनपद में भी कोरोना संक्रमण का खतरा लगातार बढ़ता जा रहा है। इस वजह से भी जिले की सभी आरडब्लूए प्रबंधन चौकन्ने हो गए हैं। प्रवेश के सभी द्वारों पर एहतियात बरता जा रहा है। शहर में दो दर्जन से ज्यादा सोसाइटी ऐसी हैं, जहां रहने वाले लोगों को भी बगैर मास्क और तापमान की जांच कराए बिना प्रवेश नहीं दिया जा रहा है। प्रवेश द्वारों पर सेनेटाइजर की मशीनें लगा दी गई हैं। यहां लोगों को हाथ केमिकल से साफ करना पड़ रहा है। ग्रेटर नोएडा के सेक्टर डेल्टा तीन, गामा दो और पी थ्री में भी इसी तरह की व्यवस्था की गई है।

# इलाज के नाम पर तय शुल्क से ज्यादा वसूला तो होगी कार्रवाई

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

**● सीएमओ ने दी चेतावनी पंजीकरण होगा निरस्त**

गौतमबुद्धनगर में संक्रमित मरीजों के इलाज में अस्पताल और प्रयोगशालाओं द्वारा ज्यादा धनराशि वसूलने की शिकायतें जिला प्रशासन को मिल रही थीं। इसका संज्ञान लेते हुए डॉ दीपक ओहरी ने सभी हॉस्पिटल और लैब को रेट लिस्ट से संबंधित एक पत्र भेजा है। इसमें कहा गया है कि अगर तय शुल्क से ज्यादा धनराशि वसूलने का कोई मामला संज्ञान में आएगा, तो अस्पताल या लैब के विरुद्ध कोविड-19 महामारी की गाइडलाइन के अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

बताते चलें कि बीते साल भी जब कोरोना वायरस अपने उफान पर था, तब जिले के कुछ लैब और अस्पतालों में मरीजों से ज्यादा राशि वसूलने की शिकायतें मिल रही थीं।

एक बार फिर महामारी अपने विकराल रूप में है। ऐसे में फिर अस्पतालों व लैब के खिलाफ ज्यादा शुल्क उगाही की शिकायतें मिलने लगी हैं। इसको देखते हुए सीएमओ ने जिले के सभी कोविड-19 पंजीकृत लैब व अस्पतालों को रेट लिस्ट भेजा है। इसमें कहा गया है कि अस्पतालों में भर्ती कोरोना मरीजों का इलाज डॉ. विनोद पाल कमेटी द्वारा निर्धारित शुल्क के मुताबिक किया जाएगा।

# कोर्ट में 17 अप्रैल तक काम नहीं करेंगे अधिवक्ता

## बढ़ते कोविड संक्रमण के कारण नोएडा डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन ने लिया फैसला

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



**17 अप्रैल तक कामकाज नहीं करने का फैसला लिया है। बार एसोसिएशन के सभी वकील न्यायिक कार्यों से विरत रहेंगे।**

जिले में कोरोना का संक्रमण तेजी से बढ़ता जा रहा है। जिसके चलते गौतमबुद्धनगर डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन ने मंगलवार को बड़ा फैसला लिया है। बार एसोसिएशन ने बैठक की और 17 अप्रैल तक कामकाज नहीं करने का फैसला लिया है। बार एसोसिएशन के सभी वकील न्यायिक कार्यों से विरत रहेंगे। सुनवाई के लिए अदालतों में नहीं जाएंगे। यह जानकारी डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राजकुमार नागर एडवोकेट ने दी है।

नागर ने बताया कि नोएडा और ग्रेटर नोएडा में पिछले एक सप्ताह से बड़ी संख्या में नए संक्रमित मरीज आ रहे हैं। कलेक्ट्रेट में रोजाना बड़ी संख्या में लोग अदालती कामकाज के लिए आते हैं। ऐसे में अधिवक्ताओं को संक्रमण हो सकता है। बार एसोसिएशन ने मंगलवार सुबह बैठक की। जिसमें सर्वसम्मति से फैसला लिया गया है कि 17 अप्रैल तक बार एसोसिएशन का कोई भी सदस्य अधिवक्ता न्यायिक कार्य नहीं करेगा। अदालतों में सुनवाई के दौरान अधिवक्ता हाजिर नहीं होंगे। हमने अपने मुवक्किलों और सभी न्यायालयों को यह जानकारी दे दी है।

आपको बता दें कि पिछले एक सप्ताह के दौरान जिले में रोजाना 200 से ज्यादा कोरोना वायरस से संक्रमित मरीज सामने आ रहे हैं। इस वक्त करीब दो हजार लोग अस्पतालों और घरों में आइसोलेट हैं। जिले में संक्रमण तेजी के साथ फैल रहा है। गौतमबुद्धनगर जिला प्रशासन और पुलिस हालात संभालने में जुटे हुए हैं। स्वास्थ्य विभाग ने कंटेनमेंट जोन घोषित कर दिए हैं। वहां संक्रमित लोगों की कांटेक्ट ट्रेसिंग की जा रही है।

# नोएडा में कोरोना के 226 नए मरीज मिले, संक्रमित चार लोगों की मौत

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



जनपद गौतमबुद्धनगर में मंगलवार को कोविड-19 के 226 नए मामले सामने आने से संक्रमितों की संख्या बढ़कर 27,958 हो गई है। वहीं, संक्रमण से चार और मरीजों की मौत हो गई है। अधिकारियों ने इस बारे में बताया।

जिला निगरानी अधिकारी ने बताया, सोमवार तथा मंगलवार को कोविड-19 से संक्रमित चार और मरीजों की उपचार के दौरान मौत हो गई और मंगलवार सुबह तक संक्रमण के 226 नए मामले सामने आए। दोहरे ने बताया कि नोएडा के विभिन्न अस्पतालों में ।,500 से ज्यादा मरीजों का उपचार चल रहा है। जनपद में अब तक 26,300 से अधिक मरीजों को उपचार के बाद अस्पताल से छुट्टी मिल चुकी है, जबकि जिले में अब तक 27,958 मरीज कोविड-19 से संक्रमित हुए हैं। वहीं कोविड-19 से अब तक 97 लोगों की मौत हुई है।

उन्होंने लोगों से सामाजिक दूरी का पालन करने, मास्क लगाने जैसे कोविड-19 के नियमों का पालन करने के साथ जरूरत पड़ने पर ही घर से बाहर निकलने की अपील की है। डीएम ने बताया कि जिले में मृत्यु दर 0.3 प्रतिशत है, जबकि 94.5 प्रतिशत मरीज उपचार के दौरान ठीक हुए हैं।

# होम आइसोलेशन में बुजुर्ग को भेजना पड़ा महंगा

## मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने जांच कमेटी गठित कर मांगी रिपोर्ट

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

गौतमबुद्धनगर में कोरोना वायरस से संक्रमित 75 साल के एक बुजुर्ग के साथ निजी डॉक्टर द्वारा लापरवाही बरतने का मामला संज्ञान में आया है।

सीएमओ डॉ दीपक ओहरी ने इसकी जानकारी होने के बाद प्राइवेट डॉक्टर के खिलाफजांच कमेटी गठित की है। यह टीम निजी डॉक्टर के उस फैसले की समीक्षा करेगी। जिसमें 75 साल के कोरोना से संक्रमित बुजुर्ग को होम आइसोलेशन का सुझाव दिया गया था। जबकि वह कई गंभीर बीमारियों से पीड़ित हैं।

सीएमओ कार्यालय से दी गई जानकारी में कहा गया है कि, सेक्टर-76 के रहने वाले 75 साल के एक बुजुर्ग ने शहर के एक प्राइवेट हॉस्पिटल से जुड़े एक प्राइवेट लैब में अपना कोविड-19 टेस्ट कराया था। बीते 9 अप्रैल को उनकी रिपोर्ट पॉजिटिव आई थी और वह कोरोना संक्रमित पाए गए। जिले के एक प्राइवेट हॉस्पिटल ने उनका ब्लड टेस्ट और एक्सरे किया। इसके बाद हॉस्पिटल में डॉक्टर मानस चटर्जी ने उन्हें घर में रहकर इलाज कराने का सुझाव दिया था। जबकि 75 वर्षीय बुजुर्ग पहले से हाई डायबिटीज और हाइपरटेंशन जैसी गंभीर बीमारियों से ग्रसित हैं। दो दिन बाद बुजुर्ग की हालत बिगड़ने पर परिजनों ने जिला आरआरटी में संपर्क किया।

आरआरटी टीम उनके घर पहुंची और उन्हें कोविड-19 हॉस्पिटल में भर्ती कर लिया गया है। यहां उनका इलाज चल रहा है। इस पूरे प्रकरण में डॉक्टर मानस चटर्जी का फैसला संदिग्ध माना जा रहा है। इसको देखते हुए नोएडा के सीएमओ डॉ दीपक ने एक टीम का गठन किया है।

# प्राधिकरण के नौ अफसर और कर्मचारी मिले कोविड संक्रमित

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

नोएडा प्राधिकरण के अफ सरों-कर्मचारियों की कोरोना जांच के लिए सोमवार को सेक्टर-6 में स्थित इंदिरा गांधी कला केंद्र में जांच शिविर लगाया गया था। कैंप में 175 लोगों की जांच की गई। इनमें से 9 लोग संक्रमित पाए गए।

इससे पहले भी 10 से ज्यादा अधिकारी, कर्मचारी संक्रमित मिल चुके हैं। अधिकारियों, कर्मचारियों के कोरोना संक्रमित होने की वजह से कुछ अन्य कर्मचारी छुट्टी पर चले गए हैं। इससे प्राधिकरण में कामकाज प्रभावित हो रहा है।

सोमवार को प्राधिकरण दफ्तर खुलने पर आम दिनों के मुकाबले काफी कम संख्या में लोग नियमित कामकाज के लिए पहुंचे। अमूमन नोएडा प्राधिकरण के दफ्तर में रोजाना 700 से 800 लोग अपना काम करवाने पहुंचते हैं। लेकिन सोमवार को यह संख्या बेहद कम रही। महज 125 लोग ही अपने काम से प्राधिकरण दफ्तर में पहुंचे थे।

## अवैध निर्माण को जीडीए दस्ते ने किया ध्वस्त

**गाजियाबाद।** इंदिरापुरम, वैशाली और कौशांबी आदि इलाकों में नक्शे के विपरीत किए गए निर्माणों को जीडीए के दस्ते ने ध्वस्त कर दिया। वहीं मोहिद्दीनपुर-कानावनी में अवैध रूप से बसाई जा रही कॉलोनी को भी जीडीए के सचल दस्ते ने ध्वस्त कर दिय।

इस दौरान प्राधिकरण दस्ते का विरोध कर रहे लोगों के खिलाफ पुलिस थाने में मामला भी दर्ज कराया गया है। जीडीए के विशेष कार्यकारी अधिकारी सुशील कुमार चौबे ने बताया कि यहां मानचित्र से अधिक यूनिट बनाए जाने के कारण इन सभी निर्माणों को सील कर दिया गया है।

# महानगर में मिलावटी शराब आपूर्ति में चार गिरफ्तार

## पंचायत चुनाव में इस्तेमाल करने लाए थे, नशे की तीव्रता बढ़ाने के लिए मिलाते थे यूरिया

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद



बरामद शराब के मुरादनगर पुलिस की गिरफ्त में चारो आरोपी।

**● फरार अन्य की तलाश में पुलिस टीमें रवाना**

पंचायत चुनाव प्रत्याशियों को अवैध मिलावटी शराब सप्लाई करने वाले चार आरोपियों को आबकारी विभाग और मुरादनगर पुलिस ने गिरफ्तार करने का दावा किया है। इनके कब्जे से 207 पेटी नकली शराब बरामद हुई है जिसकी कीमत लगभग 12 लाख बताई गई है।

गिरफ्तार आरोपियों ने पुलिस को दिए गए बयान में बताया कि वह शराब कम रेट पर हरियाणा से खरीद कर लाते हैं और यहां पर लाकर जंगल में जहां मौका लगता है वहां पर गाड़ी से उतारकर इसे बाल्टी में भरकर यूरिया खाद मिलाते हैं जिससे शराब के नशे की तीव्रता बढ़ जाती है। बाद में इस शराब को बोतलों में भरकर चल रहे पंचायत चुनाव प्रत्याशियों को सप्लाई की जाती है। गिरफ्तार आरोपियों ने यह भी बताया कि उन्होंने भूड भराल से प्रधान प्रत्याशी अरुण गुर्जर व टिकरी से प्रधान प्रत्याशी राहुल गुर्जर को भी शराब सप्लाई कर चुके हैं।

खास बात बात यह है कि इस गिरोह का सरगना रवि जाटव है जो पहले भी कई बार जेल जा चुका है और आसपास के क्षेत्रों में अपने साथियों के साथ मिलावटी शराब की सप्लाई करता है। इनके कब्जे से जो नकदी बरामद हुई है वह भी शराब की बिक्री से प्राप्त हुई है। गिरफ्तार आरोपियों के नाम रवि जाटव, सोनू, निक्की और गौरव हैं। जबकि इनके अन्य साथी फरार हैं जिनकी दबोचने के लिए पुलिस टीमें भेज दी गई हैं।

# ट्रेनिंग लेने नहीं आए अफसरों के खिलाफ एफआईआर का आदेश

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

**पंचायत चुनाव**

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए शुरू प्रशिक्षण कार्यक्रम में नहीं पहुंचने वाले 43 अफ सरों के खिलाफ एफ आईआर दर्ज होगी। गौतमबुद्ध नगर के जिलाधिकारी सुहास एलवाई ने इन सभी के खिलाफ एफ आईआर दर्ज करने का आदेश दिया है। ये सभी 43 अधिकारी सोमवार से शुरू हुए तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में अनुपस्थित पाए गए। इससे नाराज डीएम ने इन सभी पर कार्रवाई का आदेश दिया है।

डीएम के नेतृत्व में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से सोमवार से तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। सेक्टर-51 स्थित होशियारपुर राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में इसकी शुरुआत की गई।

मुख्य विकास अधिकारी ने सभी पीठासीन अधिकारियों एवं मतदान अधिकारियों को मतदान से जुड़ी अहम जानकारी दी। प्रशिक्षण के दौरान कुल 43 पीठासीन अधिकारी एवं मतदान अधिकारी अनुपस्थित पाए गए। डीएम ने इस सभी के खिलाफ जनप्रतिनिधित्व अधिनियम के तहत एफआईआर दर्ज कराने और कार्रवाई करने का आदेश दिया है।

# राशिफल ज्योतिष गुरु राजेश जी

### मेष

दिन मिला-जुला रहेगा। स्वास्थ्य में भी कुछ उतार-चढ़ाव आएगा। व्यावसायिक स्थल पर भी ऊपरी अधिकारियों की वजह से परेशान हो सकते हैं। धन का व्यय अधिक होगा। संतानों की चिंता सताएगी। मध्याह्न के बाद आपके कार्य में सफलता दृष्टिगोचर होने पर आपका मन भी प्रसन्नता का अनुभव करेगा।

**(चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)**

**भाग्यांक:** 7
**विशेष:** सूती कपड़ा विधवा स्त्रियों को दान में दे।

### वृष

दिन अच्छा रहेगा। शारीरिक रूप से स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। पारिवारिक जीवन में सुख-संतोष का अनुभव होगा। व्यवसाय में आपको यश की प्राप्ति होगी। कार्य की सराहना होगी और ऊपरी अधिकारी आप पर प्रसन्न रहेंगे। जिम्मेदारियों का निर्वहन ठीक से कर पाएंगे। सामाजिक क्षेत्र में आपकी प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।

**(ई, ऊ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे, वो)**

**भाग्यांक:** 6
**विशेष:** बुध के मंत्रों का जाप करें।

### मिथुन

दिन शुभ फलदायी रहेगा। कारोबार में अच्छा लाभ मिलेगा और लक्ष्मीजी की कृपादृष्टि बनी रहेगी। आकस्मिक धनलाभ के योग रहेंगे। परिवार का माहौल अच्छा रहेगा। विवाह के उत्सुक युवकों को जीवनसाथी मिलने का योग है। सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेंगे, जिससे समाज में यश-कीर्ति मिलेगी। पर्यटन का आयोजन हो सकता है।

**(का, की, कू, घ, ड, छ, के, को, हा)**

**भाग्यांक:** 4
**विशेष:** गणेश जी की आराधना करें।

### कर्क

दिन अच्छा रहेगा। कारोबार में आर्थिक लाभ मिलेगा। व्यावसायिक स्थल पर वातावरण अनुकूल रहेगा। सहकर्मियों का भरपूर सहयोग मिलेगा, जिससे कार्य सफल होंगे। लेखनकार्य और सृजनात्मक कार्यों में अधिक रूचि लेंगे। बौद्धिक चर्चा में भाग लेने का विचार भी कर सकते हैं। बौद्धिक चर्चा में भाग लेने हेतु कार्य में आपको सफलता मिलेगी। यश और कीर्ति में वृद्धि होगी।

**(ही, हूं, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो)**

**भाग्यांक:** 8
**विशेष:** सफेद चंदन का टीका माथे पर लगाएं।

### सिंह

दिन मिला-जुला रहेगा। अपना जिद्दी रवैया छोड़ना होगा, अन्यथा परेशानी में पड़ सकते हैं। भावुकता पर संयम रखने से मानसिक व्यग्रता का अनुभव कम होगा। वित्तीय मामलों का आयोजन होगा। वस्त्राभूषण एवं सौंदर्य प्रसाधनों के पीछे खर्च होगा। परिजनों का भरपूर सहयोग मिलेगा। मध्याह्न के पश्चात विचारों में शीघ्र परिवर्तन आएंगे।

**(मा, मी, मू, में, मो, टा, टी, टू, टे)**

**भाग्यांक:** 6
**विशेष:** गौरी गणेश की आराधना करें।

### कन्या

दिन अच्छा रहेगा। मन प्रफुल्लित रहने से मानसिक रूप से हल्का महसूस करेंगे। परिवारजनों के साथ पारिवारिक प्रश्नों की चर्चा होगी, जिसका निराकरण सोचने में सफल रहेंगे। मित्रों के साथ घनिष्टता बढ़ेगी और प्रतिस्पर्धियों के समक्ष विजय होंगे। आज भाग्यवृद्धि का योग है, परंतु मध्याह्न के बाद कुछ अधिक ही संवेदनशीलता का अनुभव करेंगे।

**(टो, पा, पी, पू, ष, ष, ण, ठ, पे, पो)**

**भाग्यांक:** 4
**विशेष:** हरे रंग का रुमाल जेब में रखें।

### तुला

दिन मिला-जुला रहेगा। व्यापार-धंधा अच्छा चलेगा। आज धार्मिक विचारों के साथ-साथ धार्मिक कार्यों में खर्च भी होगा। अधिक वाद-विवाद से परिवार का वातावरण कलुषित न हो, इसका ध्यान रखिएगा। परिवारजनों को असंतोष रह सकता है, फिर भी मध्याह्न के बाद आपका मन चिंतामुक्त रहेगा। मित्रों-स्वजनों से हुइ भेंट से मन आनंदित हो उठेगा।

**(रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते, )**

**भाग्यांक:** 7
**विशेष:** गणेश जी को हरी इलायची का भोग लगाएं।

### वृश्चिक

दिन सामान्य रहेगा। कार्यक्षेत्र में छोटी-छोटी परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है, जिससे मन चिंतित रहेगा। आध्यात्मिकता की ओर रुझान बढ़ेगा। नकारात्मक विचारों को मन से निकाल होगा, वरना परेशानी का कारण बनेंगे। वाणी पर संयम रखें। अनापेक्षिक धन-व्यय से संभलकर चलें। निर्णयशक्ति का अभाव रहेगा।

**तो, ना, नी, नू, ने, नो, या, यी, यू, )**

**भाग्यांक:** 9
**विशेष:** शहद खाकर घर से निकले।

### धनु

दिन मिला-जुला रहेगा। किसी के भी साथ धन से संबंधित व्यवहार न करें तथा किसी भी विवाद में न पड़ने से बचें। मन एकाग्र करने का प्रयास करें। खर्च पर संयम रखना होगा। स्वजनों के व्यवहार से मन दुखी हो सकता है। मध्याह्न के बाद आपके स्वास्थ्य में सुधार होगा। मानसिक रूप से भी आप स्वस्थ महसूस करेंगे। मित्रों से उपहार आदि मिलेंगे।

**(ये, यो, भा, भी, भू, ध, फा, ढा, भे)**

**भाग्यांक:** 6
**विशेष:** चंदन का इत्र लगाएं।

### मकर

दिन शुभ फलदायी रहेगी। कार्यक्षेत्र में ध्यान देने और परिश्रम से सभी कार्य सफल होंगे। काम में सफलता मिलने से मन प्रसन्न रहेगा। सामाजिक कार्यों में भाग ले सकते हैं, जिससे समाज में सम्मान बढ़ेगा। परिवार का वातावरण भी अनुकूल रहेगा, जिससे शारीरिक और मानसिक रूप से प्रफुल्लता और स्वस्थता का अनुभव करेंगे।

**(भो, जा, जी, खी, खू, खा, गा, गी)**

**भाग्यांक:** 6
**विशेष:** साबुत मूंग गाय को खिलाएं।

### कुंभ

दिन मिला-जुला रहेगा। कारोबार अच्छा चलेगा और धनलाभ की स्थिति रहेगी, लेकिन अनावश्यक खर्च की अधिकता रहेगी। पुराने मित्रों से मुलाकात होगी और परिजनों के साथ पर्यटन का आयोजन होगा। मनोरंजन के भरपूर साधन उपलब्ध होंगे, परंतु मध्याह्न के बाद अधिक विचारों के कारण मानसिक रूप से आप थक जाएंगे। क्रोध की अधिकता से आप उकता जाएंगे, वाणी पर संयम रखने पर परिस्थिति पर नियंत्रण ला सकेंगे।

**(गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, दा)**

**भाग्यांक:** 3
**विशेष:** मांस मदिरा का सेवन पूर्णता त्याग दें।

### मीन

दिन सामान्य रहेगा। मन को शांत और प्रफुल्लित रखने के लिए ईश्व का नाम-स्मरण, आध्यात्मिक पठन की प्रवृत्ति ही एकमात्र उपाय है। क्रोध पर नियंत्रण एवं वाणी पर संयम रखें, अन्यथा किसी विवाद में फंस सकते हैं। नकारात्मक विचारों से दूर रहें। धन व्यय की अधिकता रहेगी, जिससे आर्थिक स्थिति कमजोर हो सकती है। व्यावसायिक स्थल पर संभलकर चलें। किसी के साथ वाद-विवाद या उग्र चर्चा करने से बचना होगा। सेहत अच्छी रहेगी।

**(दी, दू, थ, झ, ञ, दे, दो, चा, ची)**

**भाग्यांक:** 1
**विशेष:** गणेश जी की पूजा करें।

## एक्सप्रेसवे के पास सड़क हादसे में युवक की मौत

नोएडा। एक्सप्रेसवे के पास एक अज्ञात वाहन से टक्कर के कारण बाइक सवार युवक की मौत हो गई। पुलिस आयुक्त आलोक सिंह के प्रवक्ता ने बताया कि थाना नॉलेज पार्क क्षेत्र में नोएडा एक्सप्रेसवे के पास रोहित राजपूत सोमवार रात मोटरसाइकिल पर सवार होकर जा रहा था। तभी एक अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी। उन्होंने बताया कि हादसे में गंभीर रूप से घायल युवक को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। उन्होंने बताया कि पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। अज्ञात वाहन के बारे में पता लगाया जा रहा है।



इंग्लैंड के खिलाफ शानदार प्रदर्शन के लिए

# भुवनेश्वर बने आईसीसी के महीने के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी

एजेंसी। दुबई



**भारत** के अनुभवी तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार को इंग्लैंड के खिलाफ मार्च में सीमित ओवरों की श्रृंखला में शानदार प्रदर्शन के लिए आईसीसी महीने का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। भुवनेश्वर ने तीन वनडे में 4.65 की औसत से छह विकेट लिए, जबकि पांच टी-20 में 6.38 की औसत से चार विकेट चटकाए। उन्होंने आईसीसी द्वारा जारी विज्ञप्ति में कहा, लंबे और दर्दनाक ब्रेक के बाद भारत के लिए फिर खेलने की खुशी थी। मैंने इस दौरान अपनी फिटनेस और तकनीक पर काफी काम किया। भारत के लिए फिर विकेट लेकर अच्छा लग रहा है।


उन्होंने कहा, मैं इस सफर में शुरू से मेरे साथी रहे हर व्यक्ति को धन्यवाद देना चाहता हूं। मेरा परिवार, दोस्त और साथी खिलाड़ी। आईसीसी वोटिंग अकादमी और मुझे मार्च महीने का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुनने के लिए वोट देने वाले सभी प्रशंसकों को खास तौर पर धन्यवाद। भुवनेश्वर यह पुरस्कार पाने वाले लगातार तीसरे भारतीय क्रिकेटर बन गए। जनवरी में पहला पुरस्कार विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत को मिला था जबकि फरवरी में आफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने पुरस्कार जीता था। भुवनेश्वर के अलावा अफगानिस्तान के लेग स्पिनर राशिद खान और जिम्बाब्वे के सीन विलियम्स भी दौड़ में थे। भारत के पूर्व बल्लेबाज और आईसीसी वोटिंग अकादमी के सदस्य वीवीएस लक्ष्मण ने कहा, भुवी करीब डेढ साल चोटों के कारण अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट नहीं खेल सका था। उसने शानदार वापसी करते हुए पावरप्ले और डैथ ओवरों में इंग्लैंड के आक्रामक बल्लेबाजों के सामने अच्छा प्रदर्शन करके भारत की जीत की नींव रखी। भारत के खिलाफ चार वनडे में एक शतक और दो अर्धशतक जमाकर महिला बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंची दक्षिण अफ्रीका की लिजेले ली सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी चुनी गई।

### मुझे खुशी है कि मैं इस पुरस्कार के लिए चुना गया

भुवनेश्वर कुमार ने कहा, मुझे खुशी है कि मुझे इस पुरस्कार के लिए चुना गया। यह और बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित करेगा। मेरी टीम को धन्यवाद जिसके बिना यह संभव नहीं था। आईसीसी वोटिंग अकादमी के सदस्य रमीज राजा ने कहा, इन पिचों पर बल्लेबाजी आसान नहीं थी। उछालभरी पिचों से टर्निंग पिचों पर सामंजस्य बिठाना कठिन है, लेकिन ली ने यह बखूबी किया। भारत की पूनम राउत और राजेश्वरी गायकवाड़ भी पुरस्कार की दौड़ में थी। हर महीने तीन दावेदारों का चयन मैदान पर उस महीने उनके प्रदर्शन और समग्र उपलब्धियों के आधार पर किया जाता है।इसके बाद आईसीसी की स्वतंत्र वोटिंग अकादमी और दुनिया भर से प्रशंसक मतदान करते हैं। आईसीसी वोटिंग अकादमी में सीनियर पत्रकार, पूर्व खिलाड़ी और प्रसारक और आईसीसी हॉल आफ फेम के कुछ सदस्य शामिल हैं। भारत से वीवीएस लक्ष्मण और पत्रकार मोना पार्थसारथी इस अकादमी के सदस्य थे।

## संक्षिप्त समाचार

### सैमसन को वाइड यॉर्कर डालने की रणनीति थी: अर्शदीप




**मुंबई।** राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ पंजाब किंग्स को आईपीएल में चार रन से रोमांचक जीत दिलाने वाले तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने कहा कि उनकी रणनीति शानदार फॉर्म में चल रहे संजू सैमसन को वाइड यॉर्कर डालने की थी। सैमसन 63 गेंद में 119 रन बनाकर रॉयल्स को जीत के करीब ले ही गए थे, लेकिन आखिरी गेंद पर कैच दे बैठे। तेज गेंदबाज अर्शदीप ने आखिरी ओवर में रॉयल्स को 13 रन नहीं बनाने दिए। अर्शदीप ने कहा, मैंने खुद पर भरोसा रखा। सहयोगी स्टाफ तथा गेंदबाजी कोच ने भी मुझसे यही कहा कि रणनीति पर टिके रहो और अगर चकमा देना है तो बल्लेबाज को दो, कप्तान को नहीं। अर्शदीप ने 35 रन देकर तीन विकेट लिए। उन्होंने आखिरी गेंद पर सैमसन को आउट करके टीम को जीत दिलाई।

### कोविड-19: ओसाका में खाली पार्क से गुजरी ओलंपिक टॉर्च

**टोक्यो।** कोरोना संक्रमण के मामले बढ़ने के कारण टोक्यो ओलंपिक की टॉर्च रिले यहां मंगलवार को लगभग खाली पड़े पार्क से गुजरी। सरकार ने आज ही के दिन बताया कि ओसाका में कोरोना संक्रमण के 1099 नए मामले आए हैं, जो जापान के दूसरे सबसे बड़े शहर में एक दिन में सर्वाधिक मामलों का रिकॉर्ड है। टॉर्च रिले तीन सप्ताह पहले शुरू हुई थी और 23 जुलाई को ओलंपिक उद्घाटन समारोह तक इसे टोक्यो पहुंचना है। ओसाका ने पिछले सप्ताह ही टॉर्च रिले सड़क पर नहीं कराने और लोगों के प्रवेश पर रोक लगाने का फैसला किया था। अधिकांश धावक बस से पार्क में पहुंचे और छोटी दूरी तय की। उनके साथ सुरक्षा अधिकारी भी थे और पीछे एस्कॉर्ट वाहन चल रहा था।

### केन विलियमसन को चौथी बार सर रिचर्ड हैडली पदक



**वेलिंगटन।** न्यूजीलैंड के कप्तान केन विलियमसन को मंगलवार को देश के वार्षिक क्रिकेट पुरस्कारों में सभी प्रारूपों में अच्छे प्रदर्शन के लिए छह साल में चौथी बार प्रतिष्ठित सर रिचर्ड हैडली पदक के लिए चुना गया और साथ ही वह साल के सर्वश्रेष्ट टेस्ट क्रिकेटर भी बने। डेवोन कॉनवाय को अपने पहले ही अंतरराष्ट्रीय सत्र में साल का सर्वश्रेष्ठ पुरुष एकदिवसीय और टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर चुना गया। कोविड-19 महामारी के कारण लगातार दूसरे साल इन पुरस्कारों का आयोजन आनलाइन किया गया। आईसीसी के नंबर एक टेस्ट बल्लेबाज विलियमसन ने घरेलू सत्र में शानदार प्रदर्शन की बदौलत रेडपाथ कप के साथ दो पुरस्कार अपने नाम किए। विलियमसन ने टेस्ट मैचों की सिर्फ चार पारियों में 159 की औसत से 639 रन बनाए जिसमें वेस्टइंडीज के खिलाफ हैमिल्टसन में 251 रन का उनका सर्वश्रेष्ठ टेस्ट स्कोर भी शामिल है।

### मेदवेदेव कोरोना संक्रमित, मोंटे कार्लो मास्टर्स से बाहर



**मोनाको।** दूसरी रैंकिंग वाले दानिल मेदवेदेव ने कोरोना वायरस जांच में पॉजिटिव पाए जाने के बाद मोंटे कार्लो मास्टर्स टेनिस से नाम वापिस ले लिया। एटीपी ने कहा कि मेदवेदेव को पृथकवास में रखा गया है। टूर्नामेंट निदेशक और एटीपी मेडिकल टीम उनकी हालत पर नजर रखे हुए है। मेदवेदेव ने कहा, मोंटे कार्लो में नहीं खेल पाना निराशाजनक है। मेरा फोकस अब रिकवरी पर है और मैं जल्दी से टूर पर लौटना चाहता हूं।

### गोवा एएफसी चैंपियन्स लीग ग्रुप चरण में पदार्पण को तैयार

**मडगांव।** भारत में यहां बुधवार से पहली बार एएफसी चैंपियन्स लीग फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन होगा और महाद्वीप की शीर्ष क्लब फुटबॉल प्रतियोगिता के ग्रुप चरण में देश से एफसी गोवा ही एकमात्र टीम हिस्सा लेगी। एफसी गोवा की टीम बुधवार को कतर के अल-रेयान एससी से जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में भिड़ेगी और मुख्य कोच जुआन फेरांडो को उम्मीद है कि टीम घरेलू हालत में खेलने का फायदा उठा पाएगी। महाद्वीप की इस सबसे प्रतिष्ठित क्लब प्रतियोगिता में इंडियन सुपर लीग 2019-20 के चैंपियन एफसी गोवा को ईरान के पर्सिपोलिस, अल-रेयान और यूएई के अल-वाहदा के साथ ग्रुप ई में रखा गया है। पेरिस सेंट जर्मेन के पूर्व मैनेजर लॉरेंट ब्लैंक के मार्गदर्शन में खेल रही अल-रेयान की टीम के खिलाफ भारतीय टीम की राह आसान नहीं होगी। अल-रेयान के पास एफसी पोर्टो के पूर्व स्टार यासिन ब्राहिमी और आइवरी कोस्ट के योहान बोली जैसे दिग्गज खिलाड़ी हैं।

जीत की लय बनाए रखने उतरेगी

# आरसीबी, सनराइजर्स की नजरें पहली जीत पर

एजेंसी। चेन्नई




**जीत** के साथ आगाज करने वाली विराट कोहली की रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर का इरादा इंडियन प्रीमियर लीग में बुधवार को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ इस लय को कायम रखने का होगा। आरसीबी ने पांच बार की गत चैंपियन मुंबई इंडियन्स को हराकर अपने अभियान का आगाज किया। वहीं डेविड वार्नर की कप्तानी वाली सनराइजर्स को पहले मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स ने मात दी। पहले मैच में शानदार प्रदर्शन के बाद आरसीबी की बल्लेबाजी प्रतिभाशाली देवदत्त पडीक्कल की वापसी से और मजबूत होगी। पडीक्कल कोरोना संक्रमण से उबर चुके हैं और अब खेलने के लिए पूरी तरह से फिट है। वह 22 मार्च को कोरोना संक्रमण की चपेट में आए थे और पृथकवास पर थे।

पडीक्कल बुधवार को नहीं भी खेल पाते हैं तो आरसीबी के लिए कोहली और वाशिंगटन सुंदर पारी की शुरुआत करेंगे। आरसीबी आने वाले मैचों में मोहम्मद अजहरूद्दीन और आस्ट्रेलियाई लेग स्पिनर एडम जाम्पा को उतार सकती है। आरसीबी के लिए बल्लेबाजी का दारोमदार एबी डिविलियर्स और कोहली पर होगा, जबकि आस्ट्रेलियाई हरफनमौला ग्लेन मैक्सवेल भी अपनी उपयोगिता साबित करना चाहेंगे। पहले मैच में वह सहज दिखे और कप्तान कोहली समेत टीम प्रबंधन का उन्हें समर्थन हासिल है। कर्नाटक के 20 वर्ष के खब्बू बल्लेबाज पडीक्कल ने पिछले सत्र में 15 मैचों में टीम के लिए सर्वाधिक 473 रन बनाए थे। अपने पहले ही सत्र में उन्होंने पांच अर्धशतक जड़े थे। इसके बाद सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में छह मैचों में 218 और विजय हजारे ट्रॉफी में सात मैचों में 737 रन बनाए। पहले मैच में नाकाम रहने के बाद रजत पाटीदार और सुंदर सनराइजर्स के खिलाफ योगदान देना चाहेंगे। मुंबई के खिलाफ मैच में आरसीबी के सभी गेंदबाज किफायती साबित हुए। हर्षल पटेल ने 27 रन देकर पांच विकेट लिए और वह इस प्रदर्शन को दोहराना चाहेंगे। दूसरी ओर सनराइजर्स के दोनों सलामी बल्लेबाज रिधिमान साहा और वॉर्नर केकेआर के खिलाफ नाकाम रहे। वे लय में लौटने की कोशिश करेंगे।

सनराइजर्स वॉर्नर के साथ पारी की शुरुआत के लिए जॉनी बेयरस्टो को भी उतार सकते हैं। बेयरस्टो ने पहले मैच में अर्धशतक जमाया जबकि मनीष पांडे ने 44 गेंद में 61 रन का योगदान दिया। केन विलियमसन का इस मैच में भी खेलना संभव नहीं है क्योंकि कोच ट्रेवर बेलिस ने कहा कि उन्हें पूरी तरह फिट होने में समय लगेगा। भुवनेश्वर कुमार ने केकेआर के खिलाफ काफी रन दिए, लेकिन वह ज्यादा समय खराब फॉर्म में रहने वाले गेंदबाजों में से नहीं हैं।

### टीमें

**रायल चैलेंजर्स बेंगलोर :** विराट कोहली (कप्तान), देवदत्त पडीक्कल, फिन एलेन, एबी डिविलियर्स, पवन देशपांडे, वाशिंगटन सुंदर, डेनियल सैम्स, युजवेंद्र चहल, एडम जाम्पा, शाहबाज अहमद, मोहम्मद सिराज, नवदीप सैनी, केन रिचर्डसन, हर्षल पटेल, ग्लेन मैक्सवेल, सचिन बेबी, रजत पाटीदार, मोहम्मद अजहरूद्दीन, काइल जैमीसन, डेनियल क्रिस्टियन, सुयश प्रभुदेसाई , केएस भरत।

**सनराइजर्स हैदराबाद:** डेविड वार्नर (कप्तान), केन विलियमसन, विराट सिंह, मनीष पांडे, प्रियम गर्ग, ऋद्धिमान साहा, जॉनी बेयरस्टो, जेसन रॉय, श्रीवत्स गोस्वामी, विजय शंकर, मोहम्मद नबी, केदार जाधव, जे सुचित, जेसन होल्डर, अभिषेक शर्मा अब्दुल समद, भुवनेश्वर कुमार, राशिद खान, टी नटराजन, संदीप शर्मा, खलील अहमद, सिद्धार्थ कौल, बासिल थम्पी, शाहबाज नदीम और मुजीब उर रहमान।

**मैच शाम सात बजकर 30 मिनट पर शुरू होगा।**

# रसेल के पांच विकेट से मुंबई की पारी 152 रन पर सिमटी



एजेंसी। चेन्नई

**आखिरी** ओवरों में आंद्रे रसेल की शानदार गेंदबाजी के दम पर कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में मंगलवार को यहां मुंबई इंडियन्स की पारी को 20 ओवर में 152 रन पर समेट दिया। रसेल ने दो ओवर में 15 रन देकर पांच विकेट लिए जिससे मुंबई की टीम आखिरी पांच आवरों में सात विकेट गंवा कर सिर्फ 38 रन बना सकी। मुंबई के लिए शानदार लय में चल रहे सूर्यकुमार यादव ने 56 और कप्तान रोहित शर्मा ने 43 रन की पारी खेली। दोनों ने दूसरे विकेट के लिए 76 रन की साझेदारी की, लेकिन उनके अलावा कोई और बल्लेबाज बड़ी पारी नहीं खेल पाया।

मुंबई इंडियन्स ने पिछले मैच में 49 रन की पारी खेलने वाले सलामी बल्लेबाज क्रिस लिन की जगह दक्षिण अफ्रीका के विकेटकीपर बल्लेबाज क्विंटन डिकॉक को अंतिम एकदश में मौका दिया। केकेआर के कप्तान इयोन मोर्गन ने टॉस जीतने के बाद दोनों छोर से स्पिनरों से गेंदबाजी की शुरुआत करवाई। अनुभवी हरभजन सिंह ने पहले ओवर में सिर्फ तीन रन दिए। वरूण चक्रवती के दूसरे ओवर में रोहित ने चौका लगाकर हाथ खोला, लेकिन इस ओवर की आखिरी गेंद पर बड़ा शॉट लगाने के चक्कर में डिकॉक (02) ने राहुल त्रिपाठी को कैच थमा दिया। शानदार लय में चल रहे सूर्यकुमार ने क्रीज पर आते ही हरभजन सिंह के ओवर में तीन चौके जड़े। शुरुआती पांच ओवर स्पिनरों से गेंदबाजी के बाद पैट कमिंस को आक्रमण पर लगाया गया। उन्होंने छठे ओवर में सिर्फ पांच रन खर्च किए जिससे पावरप्ले के बाद मुंबई का स्कोर एक विकेट पर 42 रन था। सूर्यकुमार ने इसके बाद प्रसिद्ध कृष्णा के ओवर में छक्का और दो चौके जड़कर रनगति को बढ़ाया उन्होंने 10वें ओवर में कमिंस की गेंद को स्टेडियम की छत पर पहुंचाकर 33 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया।

# टीमों का 2018 में दिलचस्पी नहीं दिखाना अपनानजनक था

### इसके बाद अपनी बल्लेबाजी पर काम किया: हर्षल

एजेंसी। चेन्नई



**रॉयल** चैलेंजर्स बेंगलोर के तेज गेंदबाज हर्षल पटेल ने मंगलवार को खुलासा किया कि 2018 की आईपीएल नीलामी में टीमों द्वारा अनदेखी से वह अपमानित महसूस कर रहे थे जिसने उन्हें अपनी बल्लेबाजी पर काम करने के लिए प्रेरित किया जिससे कि वह प्रभावी आलराउंडर बन सकें। 30 साल के इस क्रिकेटर को 2018 में दिल्ली कैपिटल्स ने 20 लाख रुपये के उनके आधार मूल्य पर खरीदा था, लेकिन उन्हें खेलने के अधिक मौके नहीं मिले।

पटेल ने ऑनलाइन प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कहा, 2018 आईपीएल में काफी लोगों ने रुचि नहीं दिखाई और इससे मैं मायूस हो गया, मैंने इसे अपमान के रूप में लिया क्योंकि मैं ऐसा खिलाड़ी बनना चाहता था जो मैच विजेता हो और उसकी काफी मांग हो। उन्होंने कहा, इसके बाद मैंने महसूस किया कि अगर मैं अपनी बल्लेबाजी पर काम करूं और लोग मेरी बल्लेबाजी पर भरोसा करने लगे तो मैं प्रभावी खिलाड़ी बन सकता हूं। मैंने बल्लेबाजी में हमेशा अच्छा किया है लेकिन कभी इस पर अधिक ध्यान नहीं लगाया। पटेल ने मुंबई इंडियन्स के खिलाफ पिछले शुक्रवार को आईपीएल में पहले मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के खिलाफ डेथ ओवरों में शानदार गेंदबाजी करते हुए पांच विकेट चटकाए जिसकी बदौलत उनकी टीम दो विकेट से जीत दर्ज करने में सफल रही। इस तेज गेंदबाज ने कहा कि उन्हें आईपीएल में प्रदर्शन से जुड़ी चिंताओं का सामना करना पड़ा क्योंकि एक मैच में खराब प्रदर्शन के बाद आपको टीम से बाहर किया जा सकता है।

मौजूदा सत्र के अब तक हुए कुछ मैचों में ऐसे खिलाड़ियों ने अच्छा प्रदर्शन किया है जिन्हें अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेलने का अनुभव नहीं है और पटेल का मानना है कि अब टीम प्रबंधन के सोचनेका नजरिया बदला है। उन्होंने कहा, यह प्रबंधन पर निर्भर करता है। मुझे लगता है कि अधिकांश टीमों ने देखना शुरू कर दिया है कि गेंदबाज अभ्यास मैचों या अभ्यास के दौरान क्या करता है और वह योजनाओं को कैसे लागू कर रहा है, फिर उसका दर्जा चाहे कुछ भी हो, वे नए खिलाड़ी हों या अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी।

### रोहित शर्मा बोले, हैमस्ट्रिंग के बाद

# शरीर के निचले हिस्से के काफी रखरखाव की जरूरत

एजेंसी। चेन्नई

**मुंबई** इंडियन्स के कप्तान रोहित शर्मा ने कहा है कि पिछले आईपीएल के दौरान लगी हैमस्ट्रिंग चोट के बाद से उनके शरीर को काफी रख रखाव की जरूरत है ताकि वह पूरी तरह से फिट रहें। रोहित पिछले साल आईपीएल के कुछ मैचों और आस्ट्रेलिया दौरे के शुरुआती हिस्से से बाहर रहे थे। उन्होंने मुंबई इंडियन्स द्वारा ट्विटर पर डाले गए वीडियो कैप्टंस कॉर्नर में कहा, पिछले तीन चार महीने से यही कर रहा हूं। मैं पिछले आईपीएल में चोटिल हुआ था लिहाजा अपने शरीर के निचले हिस्से के काफी रख रखाव की जरूरत है।

पहले मैच में मुंबई इंडियन्स की हार के बाद खिलाड़ियों द्वारा की जा रही मेहनत के बारे में रोहित ने कहा, हमें इस पर गर्व है। हम फिटनेस पर काफी मेहनत करते हैं। चाहे मैच हारे या जीते लेकिन तैयारी अहम है। उन्होंने कहा, सोमवार का मैच खेलने वाले कुछ तेज गेंदबाज फिटनेस अभ्यास के लिए आए। यह हमेशा अच्छा रहता है और हमें इस पर गर्व है। हम अतिरिक्त प्रयास करते हैं और यही वजह है कि हमें नतीजे मिलते हैं। रोहित ने टीम के आपसी तालमेल के बारे में कहा, हम समूह के रूप में ही चीजें करते हैं। बाहर जाना हो, मैच खेलना हो, फिटनेस अभ्यास या बैठकें। हम कोशिश करते हैं कि समूह के रूप में करें। खेल के बारे में काफी बातचीत होती है और यह तालमेल बना रहता है।

# अगली बार सैमसन दस गज और आगे मारकर हमें जीत दिलाएगा : संगकारा

एजेंसी। मुंबई



**राजस्थान** रॉयल्स टीम के निदेशक कुमार संगकारा ने पंजाब किंग्स के खिलाफ आईपीएल मैच में आखिरी गेंद पर स्ट्राइक अपने पास रखने के संजू सैमसन के फैसले का बचाव करते हुए कहा कि उसे जिम्मेदारी लेते देखना अच्छा लगा। कप्तान सैमसन ने 63 गेंद में 12 चौकों और सात छक्कों की मदद से 119 रन बनाए, लेकिन आखिरी गेंद पर अर्शदीप सिंह को छक्का लगाने के प्रयास में आउट हो गए। पंजाब ने वह मैच चार रन से जीता।

रॉयल्स को आखिरी दो गेंद में पांच रन चाहिए थे, लेकिन पांचवीं गेंद पर सैमसन ने रन लेने से इनकार करके क्रिस मौरिस को वापिस भेज दिया। संगकारा ने वर्चुअल प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, संजू को भरोसा था कि वह टीम को जीत तक ले जाएगा और वह करीब करीब ले भी गया। आखिरी गेंद पर वह पांच या छह गज पीछे रह गया वरना वह छक्का ही होता। उन्होंने कहा, संजू को ऐसा करते देखकर अच्छा लगा। आप एक रन से चूकने की बात कर सकते हैं, लेकिन मेरे लिए अहम बात खिलाड़ी का खुद पर भरोसा और प्रतिबद्धता है। संजू ने मैच को फिनिश करने की जिम्मेदारी ली, लेकिन कुछ गज से चूक गया। अगली बार वह दस गज आगे मारकर हमें जीत दिलाएगा। यह पूछने पर कि वह लगातार अच्छा प्रदर्शन कैसे कर सकता है, संगकारा ने कहा, जब आपकी शुरुआत शानदार होती है, तो हर कोई निरंतरता की बात करता है। यह समझना होगा कि मैच दर मैच इसमें फर्क होता है। मैं चाहता हूं कि वह इस समय पूरी तरह से चिंतामुक्त होकर अगली गेंद के बारे में सोचे। उन्होंने तेज गेंदबाज चेतन सकारिया और बल्लेबाज रियान पराग की भी तारीफ की। उन्होंने कहा, रियान खास खिलाड़ी है और यह सभी ने देखा। शमी ने अपने सारे अनुभव के साथ उसे बम्पर डाली और रियान बल्ला अड़ा नहीं सका। मुझे रियान को बेखौफ होकर खेलते देखना अच्छा लगता है।

# दर्शकों के बिना होगा इंडिया ओपन, मारिन, मोमोता बड़े सितारों में

**नई दिल्ली।** ओलंपिक चैंपियन कैरोलिना मारिन और दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी केंतो मोमोता यहां 11 से 16 मई तक होने वाले इंडिया ओपन सुपर 500 टूर्नामेंट में भाग लेंगे, जो कोरोना महामारी के कारण दर्शकों के बिना खेला जाएगा। चार लाख डॉलर ईनामी राशि का यह टूर्नामेंट टोक्यो ओलंपिक के आखिरी क्वालीफिकेशन टूर्नामेंटों में से है। इसमें चीन समेत 33 राष्ट्रीय संघों के 228 खिलाड़ी भाग लेंगे।

भारतीय बैडमिंटन संघ ने हालांकि कहा है कि देश में कोरोना संक्रमण के बढते मामलों को देखते हुए यह टूर्नामेंट जैविक रूप से सुरक्षित माहौल में खेला जाएगा, जिसमें दर्शकों और मीडिया को प्रवेश की अनुमति नहीं रहेगी। बाइ ने कहा, दक्षिण अफ्रीका, ब्राजील, मध्य पूर्व और यूरोपीय देशों से आने वाले सभी खिलाड़ी और अधिकारी सात दिन पृथकवास में रहेंगे। उन्हें तीन मई को दिल्ली पहुंचना होगा। बाकी देशों से खिलाड़ी और अधिकारी छह मई को आकर चार दिन के पृथकवास में रह सकते हैं। कोर्ट पर तीन बार की विश्व चैंपियन मारिन महिला एकल वर्ग में प्रबल दावेदार होंगी।

### नवीन अग्रवाल की जगह नाडा के महानिदेशक बनेंगे सिद्धार्थ लोंगजाम

**नई दिल्ली।** भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी सिद्धार्थ सिंह लोंगजाम राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) के अगले महानिदेशक होंगे। वह नवीन अग्रवाल की जगह लेंगे। लोंगजाम अभी खेल मंत्रालय में संयुक्त सचिव हैं और अभी निलंबित चल रही राष्ट्रीय डोप परीक्षण प्रयोगशाला (एनडीटीएल) के सीईओ की भूमिका भी निभा रहे हैं। भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारी अग्रवाल ने 2016 में नाडा का प्रभार संभाला था और वह अब जम्मू एवं कश्मीर पुलिस में वापस जाएंगे। अग्रवाल ने अपने कार्यकाल का आकर्षण देश के लगभग 60 एलीट खिलाड़ियों के खिलाड़ी जैविक पासपोर्ट (एबीपी) को तैयार करने को बताया। उन्होंने कहा कि यह डोपिंग के दंश को रोकने के लिए बड़ा कदम होगा।

### भारतीय महिला क्रिकेट टीम इंग्लैंड में एक टेस्ट और

# तीन एकदिवसीय और तीन टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलेगी

एजेंसी। लंदन

**भारतीय** महिला क्रिकेट टीम जून-जुलाई में इंग्लैंड दौरे के दौरान ब्रिस्टल में एक टेस्ट मैच खेलने के अलावा तीन एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय और इतने ही टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैचों की श्रृंखला खेलेगी। टेस्ट मैच ब्रिस्टल काउंटी ग्राउंड में 16-19 जून तक खेला जाएगा और इसके साथ इंग्लैंड की टीम के गर्मियों के सत्र की शुरुआत होगी। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव जय शाह ने इसी साल महिला टीम के टेस्ट मैच की पुष्टि की थी, लेकिन मेजबान बोर्ड ने इसकी तारीख और स्थल की घोषणा मंगलवार को की।



### भारत के इंग्लैंड दौरे का कार्यक्रम

- 16 से 19 जून: टेस्ट मैच, ब्रिस्टल काउंटी ग्राउंड
- 27 जून: पहला एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय, ब्रिस्टल काउंटी ग्राउंड
- 30 जून: दूसरा एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय, द कूपर एसोसिएट्स काउंटी ग्राउंड, टॉन्टन
- तीन जुलाई: तीसरा एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय, न्यू रोड, वॉरसेस्टर
- नौ जुलाई: पहला टी20 अंतरराष्ट्रीय, द काउंटी ग्राउंड, नार्थम्पटन
- 11 जुलाई: दूसरा टी20 अंतरराष्ट्रीय, द फर्स्ट सेंट्रल काउंटी ग्राउंड, होव
- 15 जुलाई: तीसरा टी20 अंतरराष्ट्रीय, द क्लाउडएफएम काउंटी ग्राउंड, चेम्सफोर्ड।

भारतीय महिला टीम 2014 के बाद पहली टेस्ट क्रिकेट खेलेगी जबकि इंग्लैंड ने पिछला टेस्ट 2019 में एशेज श्रृंखला के दौरान खेला था। एकमात्र टेस्ट के बाद तीन एकदिवसीय और तीन टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले जाएंगे। दौरे का अंत 15 जुलाई को चेम्सफोर्ड में होगा। घरेलू कार्यक्रम की घोषणा के बाद इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी टॉम हैरिसन ने कहा, हम गर्मियों के व्यस्त सत्र को लेकर उत्सुक हैं, यह इंग्लैंड की महिला टीम के लिए महत्वपूर्ण साल होगा और हम भारत तथा न्यूजीलैंड की मेजबानी को लेकर उत्सुक हैं। उन्होंने कहा, दो अंतरराष्ट्रीय श्रृंखलाओं के बीच में द हंड्रेड टूर्नामेंट खेला जाएगा, जबकि गर्मियों में राशेल हेहोई फ्लिंट ट्रॉफी और नए क्षेत्रीय टी-20 टूर्नामेंट का भी आयोजन होगा। हैरिसन ने कहा, 2022 आईसीसी महिला विश्वकप के करीब होने के कारण यह बेहद महत्वपूर्ण है कि इंग्लैंड टीम इसके लिए अच्छी तैयारी कर पाए। टीम को अक्टूबर में पाकिस्तान का दौरा भी करना है और ऐसे में हम अंतरराष्ट्रीय महिला क्रिकेट में रोमांचक 12 महीनों को लेकर उत्सुक हैं। भारत के खिलाफ श्रृंखलाओं के बाद द हंड्रेड टूर्नामेंट खेला जाएगा जिसके बाद इंग्लैंड की महिला टीम न्यूजीलैंड के खिलाफ सितंबर में तीन टी-20 अंतरराष्ट्रीय और पांच एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैचों की श्रृंखला खेलेगी।

# नवरात्रि दूसरा दिन : सिद्धि प्राप्ति के लिए मां ब्रह्मचारिणी की पूजा



मां दुर्गा की नव शक्तियों का दूसरा स्वरुप देवी ब्रह्मचारिणी का हैं। यहां ब्रह्म शब्द का अर्थ तपस्या हैं। ब्रह्मचारिणी अर्थात तप की चारिणी-तप का आचरण करने वाली। कहा भी हैं, वेदस्तत्वं तपो ब्रह्म-वेद, तत्व और तप ब्रह्म शब्द के अर्थ हैं। ब्रह्मचारिणी देवी का स्वरुप पूर्ण ज्योतिर्मय एवं अत्यंत भव्य हैं। इनके दाहिने हाथ में जप की माला एवं बाएं हाथ में कमंडल रहता हैं।

**मां ब्रह्मचारिणी की महिमा किसी से छुपी नहीं है और आप उनके आशीर्वाद को पाकर जीवन में ज्ञान हासिल कर सकते हैं। नवदुर्गा के दूसरे स्वरूप मां ब्रह्मचारिणी की पूजा करने से ज्ञान और वैराग्य की प्राप्ति होती है।**

## क्या चढ़ाएं प्रसाद

मां भगवती को नवरात्र के दूसरे दिन चीनी का भोग लगाना चाहिए मां को शक्कर का भोग प्रिय है। ब्राह्मण को दान में भी चीनी ही देनी चाहिए। मान्यता है कि ऐसा करने से मनुष्य दीर्घायु होता है। इनकी उपासना करने से मनुष्य में तप, त्याग, सदाचार आदि की वृद्धि होती है।

**पूजा विधि:** देवी ब्रह्मचारिणी की पूजा करते समय सबसे पहले हाथों में एक फूल लेकर उनका ध्यान करें और प्रार्थना करते हुए नीचे लिखा मंत्र बोलें।

**श्लोक**

दधाना करपद्माभ्यामक्षमालाकमण्डलु।
देवी प्रसीदतु मयि ब्रह्मचारिण्यनुत्तमा।।

**ध्यान मंत्र**

वंदे वांछित लाभायचंद्रार्घकृतशेखराम्।
जपमालाकमण्डलु धराब्रह्मचारिणी शुभाम्॥
गौरवर्णा स्वाधिष्ठानस्थिता द्वितीय दुर्गा त्रिनेत्राम।
धवल परिधाना ब्रह्मरूपा पुष्पालंकार भूषिताम्॥
परम वंदना पल्लवराधरां कांत कपोला पीन।
पयोधराम् कमनीया लावणयं स्मेरमुखी निम्ननाभि नितम्बनीम्॥

इसके बाद देवी को पंचामृत स्नान कराएं, फिर अलग-अलग तरह के फूल,अक्षत, कुमकुम, सिंदुर, अर्पित करें। देवी को सफेद और सुगंधित फूल चढ़ाएं। इसके अलावा कमल का फूल भी देवी मां को चढ़ाएं और इन मंत्रों से प्रार्थना करें।

1. या देवी सर्वभूतेषु मां ब्रह्मचारिणी रूपेण संस्थिता।
नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः।।
2. दधाना कर पद्माभ्याम अक्षमाला कमण्डलू।
देवी प्रसीदतु मई ब्रह्मचारिण्यनुत्तमा।।

इसके बाद देवी मां को प्रसाद चढ़ाएं और आचमन करवाएं। प्रसाद के बाद पान सुपारी भेंट करें और प्रदक्षिणा करें यानी तीन बार अपनी ही जगह खड़े होकर घूमें। प्रदक्षिणा के बाद घी और कपूर मिलाकर देवी की आरती करें। इन सबके बाद क्षमा प्रार्थना करें और प्रसाद बांट दें। प्रत्येक सर्वसाधारण के लिए आराधना योग्य यह श्लोक सरल और स्पष्ट है। मां जगदम्बे की भक्ति पाने के लिए इसे कंठस्थ कर नवरात्रि में द्वितीय दिन इसका जाप करना चाहिए।

या देवी सर्वभूतेषु
मांब्रह्मचारिणी रूपेण संस्थिता।
नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः।।

## मां ब्रह्मचारिणी की कथा

पूर्वजन्म में इस देवी ने हिमालय के घर पुत्री रूप में जन्म लिया था और नारदजी के उपदेश से भगवान शंकर को पति रूप में प्राप्त करने के लिए घोर तपस्या की थी। इस कठिन तपस्या के कारण इन्हें तपश्चारिणी अर्थात ब्रह्मचारिणी नाम से जाना गया। एक हजार वर्ष तक इन्होंने केवल फल-फूल खाकर बिताए और सौ वर्षों तक केवल जमीन पर रहकर शाक पर निर्वाह किया। कुछ दिनों तक कठिन उपवास रखे और खुले आकाश के नीचे वर्षा और धूप के घोर कष्ट सहे। तीन हजार वर्षों तक टूटे हुए बिल्व पत्र खाए और भगवान शंकर की आराधना करती रहीं। इसके बाद तो उन्होंने सूखे बिल्व पत्र खाना भी छोड़ दिए। कई हजार वर्षों तक निर्जल और निराहार रह कर तपस्या करती रहीं। पत्तों को खाना छोड़ देने के कारण ही इनका नाम अपर्णा नाम पड़ गया। कठिन तपस्या के कारण देवी का शरीर एकदम क्षीण हो गया। देवता, ऋषि, सिद्धगण, मुनि सभी ने ब्रह्मचारिणी की तपस्या को अभूतपूर्व पुण्य कृत्य बताया, सराहना की और कहा, हे देवी आज तक किसी ने इस तरह की कठोर तपस्या नहीं की। यह आप से ही संभव थी। आपकी मनोकामना परिपूर्ण होगी और भगवान चंद्रमौलि शिवजी तुम्हें पति रूप में प्राप्त होंगे। अब तपस्या छोड़कर घर लौट जाओ। जल्द ही आपके पिता आपको लेने आ रहे हैं।

## संघर्ष में भक्तों को विचलित नहीं होने देती है मां

मां दुर्गा के दूसरे स्वरूप मां ब्रह्मचारिणी की आराधना से ज्ञान और वैराग्य की प्राप्ति होती है। तप का आचरण करने वाली मां ब्रह्मचारिणी का रूप पूर्ण ज्योतिर्मय और अत्यंत भव्य है। भगवान शिव को पति रूप में प्राप्त करने के लिए घोर तपस्या करने के कारण मां को तपश्चारिणी अर्थात ब्रह्मचारिणी नाम से जाना गया। एक हजार वर्ष तक मां ने फल-फूल खाकर बिताए और सौ वर्षों तक जमीन पर रहकर शाक पर निर्वाह किया। इसके बाद मां ने कई हजार वर्षों तक निर्जल और निराहार रहकर तपस्या की। पत्तों को खाना छोड़ देने के कारण मां का नाम अपर्णा भी पड़ा। मां दुर्गा का ब्रह्मचारिणी स्वरूप भक्तों को अनंत फल प्रदान करने वाला है। मां ब्रह्मचारिणी की कृपा से भक्तों को सर्वत्र सिद्धि और विजय की प्राप्ति होती है। मां ब्रह्मचारिणी की आराधना से जीवन के कठिन क्षणों में भक्तों को संबल प्राप्त होता है।

## नवरात्रि के नौ दिनों के नौ सरल उपाय, अवश्य आजमाएं

- नवरात्रि के दिनों में हर नौ दिन हनुमान जी को पान का बीड़ा अर्पित करें।
- इन नौ दिनों में अगर अखंड दीपक नहीं जला पा रहे हैं तो सुबह शाम घी या तेल का दीप जलाना न भूलें। दीपक में चार लौंग डाल दें।
- पांच प्रकार के सूखे मेवे लाल चुनरी में रखकर माता रानी को अर्पित करें।
- देवी मंदिर में लाल रंग की ध्वजा (पताका, परचम, झंडा) किसी भी दिन जाकर चढ़ाएं।
- देवी मां को ताजे पान के पत्ते पर सुपारी और सिक्के रखकर समर्पित करें।
- मां दुर्गा को सात इलायची और मिश्री का भोग लगाएं।
- मखाने के साथ सिक्के मिलाकर देवी को अर्पित करें और फिर उसे गरीबों में बांट दें।
- छोटी कन्याओं को छोटे-छोटे पर्स में दक्षिणा रखकर लाल रंग के किसी भी गिफ्ट के साथ भेंट करें।
- नवरात्र के दौरान अपने घर में सोना या चांदी की कोई भी शुभ सामग्री *( स्वास्तिक, ऊँ, श्री, हाथी )* कलश,दीपक, गरूड़ घंटी, पात्र, कमल, श्रीयंत्र,आचमनी, मुकुट, त्रिशूल) खरीदें और देवी दुर्गा के चरणों में रखें और इसकी पूजा करें। फिर नवरात्र के अंतिम दिन उस सामग्री को गुलाबी रेशमी कपड़े में बांधकर तिजोरी और रुपये रखने की जगह रख दें। इससे आश्चर्यजनक रूप से धन में वृद्धि होगी।

### नवरात्रि में क्या करें

- प्रतिदिन मंदिर जाना।
- देवी को जल अर्पित करना।
- नंगे पैर रहना।
- जवारे रखना।
- नौ दिनों तक व्रत रखना।
- माता की अखंड ज्योति जलाना।
- नौ दिनों तक देवी का विशेष श्रृंगार करना।
- कन्या भोजन कराना।
- अष्टमी-नवमी पर विशेष पूजा करना।

## व्रत के दौरान साबूदाना टिक्की बनेगी बेस्ट ऑप्शन

**मातारानी के पावन पर्व नवरात्रि चल रहे हैं। इन दिनों में भक्त व्रत-उपवास रखते हैं जिसमें फलाहार के तौर पर साबूदाने को शामिल किया जाता हैं। आज हम आपके लिए साबूदाना टिक्की बनाने की रेसिपी लेकर आए हैं जो फलाहार के तौर पर बेहतरीन ऑप्शन साबित होगा। तो आइए जानते हैं इसकी रेसिपी के बारे में।**

### आवश्यक सामग्री



साबूदाना - 125 ग्राम
उबले मैश्ड आलू - 130 ग्राम
हरी मिर्च - 2 (कटी हुई)
जीरा पाउडर - 1/2 छोटा चम्मच
काजू - 10-15 (कटे हुए)
अमचूर पाउडर - 1/2 छोटा चम्मच
सेंधा नमक - स्वाद अनुसार
तेल - टिक्की तलने के लिए

### बनाने की विधि

सबसे पहले साबूदाना को धोकर रातभर पानी में भिगोएं।
अगली सुबह साबूदाना पानी से अलग कर लें।
एक बाउल में तेल छोड़कर बाकी की सामग्री मिलाएं।
तैयार मिश्रण से टिक्कियां बना लें।
पैन में तेल गर्म करके टिक्कियों को गोल्डन ब्राउन होने तक तलें।
इसे सर्विंग प्लेट में निकाल कर पुदीने की चटनी के साथ सर्व करें।

# टीवी देखते समय स्नेक्स खाना हो सकता है खतरनाक

- **टीवी देखते समय स्नेक्स हृदय रोग और डायबिटीज के खतरे को बढ़ा सकते हैं।**
- **गलत समय पर स्नेक्स से परहेज कर मेटाबॉलिक सिंड्रोम से बचा जा सकता है।**
- **मेटाबॉलिक सिंड्रोम का खतरा हाई ब्लड प्रेशर के मरीजों को ज्यादा रहता है।**



अगर आपके बच्चे घंटों बैठकर टीवी देखते हैं, और टीवी देखते समय स्नेक खाना पंसद करते हैं, तो उनकी ये आदत तुरंत बदल डालिए। बच्चों की ये आदत जल्द ही उन्हें बीमार बना सकती है। खासकर किशोरावस्था में टीवी देखते समय स्नेक्स का सेवन करने की आदत हृदय रोग और डायबिटीज के खतरे को बढ़ा सकती है। जी हां हाल ही में हुए एक अध्ययन में वैज्ञानिकों ने इसके प्रति आगाह किया है।

अध्ययन में ऐसे बच्चे जो टीवी देखते समय स्नेक्स का ज्यादा सेवन करते हैं, उनके शरीर में मेटाबॉलिक सिंड्रोम का खतरा ज्यादा देखने को मिला है। यह ब्लड प्रेशर बढ़ने, हाई ब्लड शुगर, कमर के आसपास चर्बी जमा होने और असामान्य कोलेस्ट्रॉल के खतरे का कारक होता है। यह निष्कर्ष 12 से 17 साल की उम्र के 33,900 किशोरों पर किए गए अध्ययन के आधार पर निकाला गया है। ब्राजील की यूनिवर्सिटी फेडरल डो रियो ग्रांड डो सुल के शोधकर्ता बीटिज चान ने कहा, 'स्क्रीन पर समय गुजारने को सीमित करना जरूरी है, अगर ऐसा संभव नहीं है तो स्नेक्स से परहेज कर मेटाबॉलिक सिंड्रोम से बचा जा सकता है।'

## मेटाबॉलिक सिंड्रोम

विशेषज्ञ अभी तक यह नहीं जान पाए हैं कि आखिर मेटाबॉलिक सिंड्रोम क्यों विकसित होता है। यह कई बीमारियों का मेल है और कोई अकेली बीमारी नहीं। तो, संभवत: इसके कई अलग-अलग कारण हो सकते हैं।

वैसे तो मेटाबॉलिक सिंड्रोम कोई एक बीमारी नहीं है। यह एक साथ कई बीमारियों के होने की वजह से होता है। हाई ब्लड प्रेशर, शुगर, कोलेस्ट्रॉल की मात्रा का बढ़ना और अधिक मोटापा, ये सब चीजें मिलकर मेटाबॉलिक सिंड्रोम की वजह बनती हैं। आइए जानते हैं ऐसी कौन सी वो बीमारियां हैं, जो मेटाबॉलिक सिंड्रोम के लिए जिम्मेदार होती हैं।

### बैड कोलेस्ट्रॉल की अधिकता

अगर आपके खून में बैड कोलेस्ट्रॉल की मात्रा 150 मिग्रा/डेलि है, या फिर आप कोलेस्ट्रॉल को कम करने की दवाइयां ले रहे हैं, तो आपको मेटाबॉलिक सिंड्रोम होने का खतरा काफी बढ़ जाता है। अधिक कोलेस्ट्रॉल धमनियों में प्लाक के रूप में जमा हो जाता है और धमनियों को ब्लॉक कर देता है, जिससे दिल का दौरा, धमनियों में रूकावट जैसी समस्याएं हो सकती हैं। ऐसे में इसे कंट्रोल करना जरूरी है।

### गुड कोलेस्ट्रॉल कम होना

यदि पुरुषों के खून में गुड कोलेस्ट्रॉल का स्तर 40 मिग्रा/डेलि है और महिलाओं में यह स्तर 50 मिग्रा/डेलि है, तो उन्हें मेटाबॉलिक सिंड्रोम होने का खतरा काफी बढ़ जाता है। ऐसे लोग जो पहले से कोलेस्ट्रॉल की दवाएं ले रहे हैं, उनमें इसका खतरा सामान्य लोगों की अपेक्षा ज्यादा होता है।

### शुगर

यदि खाना खाने से पहले आपके शरीर में शुगर की मात्रा 100 से अधिक है, तो आपको सचेत रहने की जरूरत है। यह मेटाबॉलिक सिंड्रोम के खतरे की तरफ इशारा करता है, तो समझ जाइए कि आप मेटाबॉलिक सिंड्रोम की शिकार हो सकते हैं।

### हाई ब्लड प्रेशर

सबसे ज्यादा मेटाबॉलिक सिंड्रोम होने का खतरा हाई ब्लड प्रेशर के मरीजों को रहता है। सामान्य व्यक्ति का ब्लड प्रेशर 120/80 माना जाता है, लेकिन अगर यह इस सामान्य स्तर से अधिक हो, तो आपको मेटाबॉलिक सिंड्रोम हो सकता है। इसके अलावा अगर आप बीपी को काबू करने की दवा ले रहे हैं, तो भी आपको विशेष सावधानी बरतने की जरूरत होती है। हाई ब्लड प्रेशर की वजह से नसों पर दबाव बढ़ जाता है, इससे हार्ट-अटैक और स्ट्रोक जैसी बीमारियों का खतरा बढ़ता है।

### मोटापा



जब शरीर में वसा की मात्रा बढ़ जाती है, तो वह स्वास्थ्य पर हानिकारक प्रभाव डालने लगती है, जिसकी वजह से जोड़ों में दर्द, अस्थमा और फेफड़ों की समस्या हो सकती है। पेट के आस-पास जमा अतिरिक्त चर्बी मेटाबॉलिक सिंड्रोम का एक संभावित कारण हो सकती है। जानकार कहते हैं कि मोटापा मेटाबॉलिक सिंड्रोम के फैलने के पीछे सबसे अहम कारण है। शरीर के किसी अन्य हिस्से की अपेक्षा पेट और उसके असापास जमा होने वाली चर्बी आपके लिए अधिक घातक सिद्ध होती है। ध्यान रखें यह आपकी जीवनशैली और शारीरिक गतिविधियों पर भी निर्भर करता है।

### इंसुलिन

इंसुलिन वह हॉर्मोन होता है, जो शरीर को ग्लूकोज का उपयोग करने में सहायता प्रदान करता है। यह शरीर को ऊर्जा प्रदान करने में मदद करता है। ऐसे लोग जिनमें इंसुलिन प्रतिरोधकता पैदा हो जाती है, तो इंसुलिन सही प्रकार काम नहीं कर पाता है। हमारा शरीर ग्लूकोज के बढ़ते स्तर का सामना करने के लिए इंसुलिन का अधिक से अधिक निर्माण करने लगता है। अंत में यही स्थिति डायबिटीज का कारण बनती है। पेट पर जमा चर्बी और इंसुलिन प्रतिरोधकता के बीच सीधा संबंध होता है। इसमें हॉर्मोंस की भी एक भूमिका हो सकती है।

## रोजाना सिर्फ 10 मिनट चेहरे पर बर्फ की मसाज से होंगे ये कमाल के फायदे

**गर्मी के मौसम में त्वचा की गर्मी बढ़ जाती है कील, मुंहासे जैसी समस्या होने लगती है। इस मौसम में चेहरे की खूबसूरती को बनाए रखने के लिए चेहरे पर बर्फ की मसाज करना काफी कारगर साबित होता है। इसके लिए आपको बर्फ को किसी कपड़े या प्लास्टिक बैग में लपेट कर चेहरे पर लगाना है। आइए, जानते हैं कि बर्फ की चेहरे पर रोजाना सिर्फ 10 मिनट की मसाज से आपको क्या-क्या फायदे मिल सकते हैं।**

- बर्फ की मसाज से मुंहासो से छुटकारा मिलता है। सबसे पहले आप अपना चेहरा धोकर सुखा लें। अब कपड़े या प्लास्टिक बैग में लिपटे हुए बर्फ से सर्कुल यानी हाथों को गोलाकार में घुमाते हुए चेहरे की 10 मिनट मसाज करें। रोज ऐसा करने से आपको मुंहासो से छुटकारा मिल सकता है।
- बर्फ की मसाज से शरीर में कहीं भी सूजन आ गई हो, तो उससे भी राहत मिलती है।
- चेहरे पर मेकअप करने से पहले यदि बर्फ से मसाज कर लें तो यह प्राइमर का काम करता है व आपका मेकअप ज्यादा समय तक टिका रहेगा।
- बर्फ की मसाज से आपका ब्लड सर्कुलेशन भी बेहतर होता है, जिससे आप लंबे समय तक जवां बनी रहेंगी।



- सनबर्न या त्वचा धूप से टैन हो गई हो तो इस टैन को हटाने में भी आपको बर्फ की मसाज से मदद मिलेगी।
- लगातार कंप्यूटर या मोबाइल का इस्तेमाल करने से कई बार आंखें सूज जाती हैं। ऐसी पफ्फी आइज से राहत पाने के लिए भी आप आंखों पर बर्फ की मसाज करें, इससे आपकी आंखों को ठंडक मिलेगी और आपको फ्रेश महसूस होगा और आंखों की थकावट भी दूर होगी।
- बर्फ की मसाज चेहरे पर करते रहने से झुर्रियां भी आपके चेहरे पर जल्दी नहीं पड़ेंगी।

## तपती-जलती गर्मी में बरतें ये सावधानियां

**गर्मी का मौसम आते ही आपको कुछ आदतें तुरंत बदल लेनी चाहिए, जैसे अपना खान-पान और पहनने के लिए कपड़ों का चयन। हम आपको बता रहे हैं कुछ अन्य भी ऐसी सावधानियां जो तपती-जलती गर्मी में आपको जरूर बरतनी चाहिए।**

- गर्मी ने दरवाजा खटखटा दिया है और तापमान में भी परिवर्तन आना शुरू हो गया है। ऐसी तपती दोपहर और रूखी हवा जाहिर है आपके शरीर पर भी असर डालेगी ही। वहीं शरीर से निकलते पसीने के कारण आपको अतिरिक्त नमी और ठंडक की भी दरकार होगी ही। इसलिए गर्मी आते ही आप अपनी भोजन की दिनचर्या में एकदम परिवर्तन ले आइए।
- गर्मी में चूंकि अधिक गरिष्ठ या तला-गला खाना आपको नुकसान पहुंचा सकता है अत: आपको संतुलित भोजन की सर्वाधिक आवश्यकता होती है। बेहतर होगा कि दिन की शुरुआत कीजिए 1 लीटर पानी या ताजा नींबू पानी से करें।
- सर्दी में शरीर को गर्मी पहुंचाने वाली सब्जियां, गरिष्ठ खाद्य पदार्थ और फल हैं, तो गर्मी में हल्के-फुल्के खाद्य पदार्थ, ढेर सारे रसीले फल और पेय पदार्थ प्रकृति से हमें मिलते हैं। इनमें तरबूज, ककड़ी, खरबूज, खीरा, बालम ककड़ी, अंगूर, संतरा, नींबू, स्ट्रॉबेरी, नारियल (पानीवाला), सेवफल, आम आदि जैसे फायदेमंद फ्रूट्स शामिल हैं। इनका सेवन अधिक करें।
- गर्मी में रॉक साल्ट (खनिज नमक), जीरा, सौंफ व इलायची जैसे मसाले तथा दही, कच्ची केरी का पना, पुदीना, बेल के फल का रस, ठंडाई, चटनियां, सत्तू और जलजीरा जैसी चीजें भी शरीर के लिए बेहद अनुकूल होती हैं।
- इस मौसम में घर से कहीं भी बाहर जाते समय सन्सक्रीन लोशन जरूर लगाएं, खूली स्किन को ढांककर ही बाहर निकले, अच्छी क्वॉलिटी के सनग्लासेस लगाएं, पानी की बॉटल साथ में रखें, कॉटन के हल्के रंगों के कपड़े पहनने को प्राथमिकता दें।
- कोशिश करें कि 10 से 4 बजे तक घर या ऑफिस से बाहर न निकलें।

